WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, बुधवार, 31 जुलाई 2024 श्रावण कृष्ण पक्ष - एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 161 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अभी दूर है, लेकिन वहां अभी से आरोप-प्रत्यारोप लगाने का दौर शुरू हो गया है। इसकी शुरूआत महाराष्ट्र दौरे के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने दिग्गज नेता शरद पवार को महाभ्रष्टाचारी बता दिया। इसके जवाब में शरद पवार ने अमित शाह को तड़ीपार कह दिया। जाहिर है ज्यों-ज्यों चुनाव की तिथि नजदीक आती जाएगी यह जुबानी जंग और ज्यादा तेज होती जाएगी। इसमें कोई हर्ज नहीं है, लेकिन इन नेताओं को ध्यान रखना चाहिए कि जिनके अपने घर शिशे के होते हैं वो दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं मारते।

बिदाई... और स्वागत...

रायपुर/नवप्रदेश। सेवानिवृत राज्यपाल मंगलवार को राजभवन से विदाई लिए रवाना होने के चंद घंटे बाद छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त राज्यपाल रामेन डेका राजधानी रायपुर पहुंच गए हैं। स्टेट हैंगर में धूमधाम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा दिलाएंगे शपथः प्रदेश के सीएमऔर मंत्रियों को राज्यपाल शपथ दिलाते हैं। मगर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निवृत्तमान राज्यपाल

नवागत राज्यपाल

नए राज्यपाल डेका के पास होंगी ये शक्तियां

- राज्यपाल सरकार के कामों लिए नियम बनाते है और मंत्रियों के बीच काम बांटते हैं।
- राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति करते हैं। वो मुख्यमंत्री सहित अपने अन्य मंत्रियों को बर्खास्त कर सकते हैं।
- राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने के संबंध में अपनी सिफारिशों के साथ-साथ राज्य में संवैधानिक तंत्र के टूटने के संबंध में राष्ट्रपति को रिपोर्ट कर सकते हैं।
- चुनाव आयोग की सलाह पर वह विधायकों की अयोग्यता से संबंधित मामले का फैसला कर सकते हैं।
- राज्यपाल के पास अदालतों द्वारा दोषी ठहराए गए व्यक्तियों को क्षमादान देने या उनकी सजा को माफ करने या कम करने की शक्ति है।
- राज्यपाल किसी कथित घोटाले या आपराधिक गड़बड़ी में शामिल मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने की अनुमति दे सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक पारित

नई दिल्ली। लोकसभा में जम्मू कश्नीर विनियोग (संख्या-3) विधेयक 2024 पारित हो गया है। जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2024 का मकसद वित्तीय वर्ष 2024-25 की सेवाओं के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की समेकित निधि से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 'हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से नीचे लाएंगे।

भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

पेरिस। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने धांसू प्रदर्शन करते हुए ग्रुप स्टेज में अपना तीसरा मुकाबला जीत लिया है। उसने आयरलैंड को 2-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच में दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दागे। पूल-बी में अब भारतीय टीम का अगला मैच 1 अगस्त को बेल्जियम से होगा। इससे पहले भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था। जबकि अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था।

राज्यपालों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी मुर्मु

नयी दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो और तीन अगस्त को राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। मुर्मु की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का यह पहला सम्मेलन होगा। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार सम्मेलन में सभी राज्यों के राज्यपाल शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, शिक्षा, जनजातीय मामले, सूचना एवं प्रसारण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, और युवा मामले तथा खेल मंत्री के साथ साथ नीति आयोग के उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, गृह मंत्रालय और विभिन्न मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे।

वन रैंक वन पेंशन मामले में केन्द्र पर जुर्माना

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 'वन रैंक वन पेंशन योजना के अनुसार सेवानिवृत्त कैप्टन को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर मंगलवार केंद्र सरकार की खिंचाई और उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और आर महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार पर दो लाख रुपये जुर्माने का निर्देश देते हुए कहा कि इस राशि को सेना के कल्याण कोष में जमा किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही भुगतान करने के अंतिम अवसर के तौर पर 14 नवंबर तक का समय सरकार को दिया।

शिकार करने पेड़ पर चढ़े तेंदुए की करंट से मौत

गरियाबंद/ नवप्रदेश। गरियाबंद में करंट की चपेट में आए तेंदुए को बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुए को ऑक्सीजन और सीपीआर देने की तस्वीरें सामने आई थी। तेंदुए को बचाने नंदनवन से विशेष वन्य पशु चिकित्सक बुलाए गए थे, जिन्होंने तेंदुए की उखड़ती सांस को वापस लाने की पूरी कोशिश की। रविवार की रात बंदर का शिकार करने के प्रयास में एक पेड़ पर चढ़े तेंदुआ पास से गुजर रहे बिजली के 11 केवी तार की चपेट में आ गया। नीचे गिरकर तेंदुआ घंटों कीचड़ में पड़ा रहा।

वायनाड में भूस्खलन से भारी तबाही, 100 से अधिक मौतें

सेना-एनडीआरएफ की टीमें जुटीं, मलबे में दबे और लोगों की तलाश जारी

बाढ़-भूस्खलन क्षेत्र का आज राहुल गांधी दौरा करेंगे

वायनाड (केरल)(ए.)। केरल के वायनाड जिले में मेप्पाडी के पास पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की खबर है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 116 घायल हुए हैं। वहीं सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय आपदा मोचन बल के जवान राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं। बारिश के कारण कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय आपदा मोचन बल के जवान राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं। बारिश के कारण कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में दो दिन का शोक, बुधवार को राहुल गांधी बाढ़-भूस्खलन क्षेत्र का दौरा करेंगे।

250 लोगों को बचाया गया

वायनाड में हुए भूस्खलन पर केरल के मंत्री एम.बी. राजेश ने कहा, अब तक 45 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। हमने सेना से मदद मांगी है जो जल्द ही प्रभावित इलाकों में पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री इस अभियान पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों की एक टीम वायनाड भेजी है। 250 लोगों को बचाया गया है और उन्हें अस्थायी आश्रय शिविरों में भेजा गया है। हम फंसे हुए लोगों को हवाई मार्ग से निकाल रहे हैं। बचाव अभियान के लिए सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

भूस्खलन पर एनडीआरएफ के डीआईजी ने यह कहा : केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन पर एनडीआरएफ के डीआईजी भारत भूषण वैद ने कहा, 'हमारी टीम प्री-मानसून तैनाती के लिए वहां तैनात थी। हमारी दो टीमें रास्ते में हैं और उनके आज दोपहर तक वहां पहुंचने की संभावना है। बारिश अभी भी जारी है।

116 लोगों के घायल होने की सूचना

केरल राजस्व मंत्री का कार्यालय के अनुसार, मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है अब तक कुल 116 लोगों के घायल होने की सूचना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और वायनाड में स्थिति का जायजा लिया। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।केरल के मंत्री एके शशिंद्रन ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर 84 हो गई है।

इस त्रासदी से बहुत दुखी और स्तब्धः सीवी आनंद बोस- वायनाड में हुए भूस्खलन पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला बनी मनु भाकर

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाजों मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है। चियर्स फॉर भारत।

मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ मनु भाकर और सरबजोत सिंह की फोटो भी साझा की।

उल्लेखनीय है कि आज मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। पेरिस ओलंपिक में यह भारत के लिए दूसरा पदक है। दोनों ही पदक निशानेबाजी स्पर्धा से आये है। राष्ट्रपति ने कहा कि मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में देश के लिये दूसरा पदक जीता। भारत की मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने आज 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की ली वोन्हो और ओह की जोड़ी को 16-10 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गयी है।

आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत : पीएम मोदी

बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में विकसित भारत की यात्रा- केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से आयोजित किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मेरा देश कभी पीछे नहीं हट सकता। मैं सीआईआई का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुझे याद है पैंडेमिक के समय आप बहुत चिंता कर रहे थे। हर चर्चा के केंद्र के विषय रहता था गेटिंग ग्रोथ बैक। भारत बहुत ही जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत किस ऊंचाई पर है। आज भारत 8 प्रतिशत की रफ्तार से ग्रो कर रहा है। आज हम सभी डिस्कस कर रहे हैं, जर्नी टुवार्ड विकसित भारत। यह बदलाव सिर्फ सेंटिमेंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है। और वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़े इकोनॉमिक पावर बन जाएगा। पीएम ने कहा, 'मैं जिस बिरादरी से आता हूं उस बिरादरी की पहचान बन गई है चुनाव से पहले जो बातें करते हैं चुनाव के बाद भुला देते हैं। मैं वैसा नहीं हूं। इसलिए मैं याद दिला देता हूं मैंने कहा था मेरे तीसरे टर्म में देश तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। 2014 में जब आपने हमें सेवा करने का अवसर दिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जाति जनगणना: राहुल की जाति पर अनुराग का तंज, गुस्साए अखिलेश

अनुराग ठाकुर पर भड़के अखिलेश यादव

नई दिल्ली (ए.)। संसद में बजट पर चर्चा चल रही है. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जाति पूछ ली. अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिनकी जाति का पता नहीं वो जाति जनगणना की बात करते हैं। अनुराग ठाकुर के इस बयान से विपक्षी सांसद बेहद नाराज होकर हंगामा करने लगे। हालांकि अनुराग ठाकुर ने अपने बचाव में कहा कि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। राहुल गांधी ने इसके जवाब में कहा कि जो भी इस देश में दलितों, पिछड़ों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी को घेरा

हमीरपुर से बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के लिए ओबीसी का मतलब सिर्फ ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन है। पहले तो इन्हें एलओपी का मतलब समझना होगा। लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा नहीं बनना है, वो लीडर ऑफ अपोजीशन हैं। उन्होंने आगे कहा, ओबीसी और जनगणना की बहुत बात की जाती है। जिसकी जाति का पता नहीं वो गणना की बात करता है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि इसी सदन के अंदर एक पूर्व प्रधानमंत्री आरजी 1 (राजीव गांधी) ने ओबीसी को आरक्षण देने का विरोध किया था।

हावड़ा-मुंबई मेल के 18 कोच पटरी से उतरे, दो लोगों की मौत

रांची (वार्ता)। झारखंड में दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबम्बो स्टेशन के निकट आज तड़के हावड़ा से मुंबई जा रही 12810 हावड़ा-मुंबई मेल के कई डिब्बे पटरी से उतर गए जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ ओम प्रकाश चारण ने यहां यूनीवार्ता को बताया कि इस दुर्घटना में हावड़ा मुंबई मेल के 18 कोच पटरी से नीचे उतर गए जिनमें से 16 कोच यात्रियों की है। उन्होंने बताया इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हुए हैं।

रायपुर पहुंचे पूर्व राज्यपाल बैस : राजनीतिक भविष्य को लेकर बोले- पार्टी ही मेरा भविष्य भी तय करेगी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रहे रमेश बैस छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर लौट चुके हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उन्होंने कहा कि, 5 सालों में तीन राज्यों का राज्यपाल रहा। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रहे रमेश बैस मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर लौट चुके हैं। मुझे खुशी है कि, मेरा पूरा कार्यकाल बेदाग रहा और एक भी आरोप नहीं लगा। यही राज्यपाल के रूप में मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। सक्रिय राजनीति में उतरने को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन की बड़ी रैली

नई दिल्ली (ए.)। इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर जंतर मंतर पर एक बड़ी रैली बुलाई है। रैली शुरू हो चुकी है। मंच पर आम आदमी पार्टी के बड़े नेता पहुंच चुके हैं। वहीं इस रैली में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी शामिल हैं। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और गिरते स्वास्थ्य को लेकर इंडिया गंठबधन द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और संदीप पाठक मंच पर पहुंचे चुके हैं। अभी तक इंडिया गठबधन की बड़ी पार्टियों का कोई वरिष्ठ नेता नहीं पहुंचा है। मंच पर अभी आप विधायक दिलीप पांडेय संबोधन कर रहे हैं।आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर षड्यंत्र का आरोप लगा रही है। आप का आरोप है कि भाजपा अरविंद केजरीवाल को जेल में मारना चाहती है। लगातार उनका ब्लड प्रेशर कम हुआ।

मंच पर पहुंचे सीएम मान और सुनीता केजरीवाल

गरमा - गरम

पास हुआ विधेयक *विदेशों से धर्म परिवर्तन के लिए होने वाली फंडिंग पर अंकुश लगाने के लिए भी सख्त प्रावधान*

गुमराह कर शादी करने और धर्म परिवर्तन कराने पर होगा आजीवन कारावास

लखनऊ (ए.)। यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक पास हो गया है। इससे अब गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के लोगों को धर्म परिवर्तन कराने पर आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के धर्म परिवर्तन कराने के मामलों में आरोपी को अब आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। मंगलवार को यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है।

प्रदेश सरकार ने इससे पहले विधानसभा में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में एक से 10 साल तक की सजा का प्रावधान था। संशोधन के जरिये पिछले विधेयक को सजा और जुर्माने की दृष्टि से और मजबूत किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार यदि किसी नाबालिग, दिव्यांग अथवा मानसिक रूप से दुर्बल व्यक्ति, महिला, एससी-एसटी का धर्म परिवर्तन कराया जाता है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया

उत्तर प्रदेश में लव जिहाद के खिलाफ योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बीते दिन सरकार ने लव जिहाद के मौजूदा कानून में बदलाव के लिए विधेयक पेश किया। संशोधन विधेयक में धर्म परिवर्तन से जुड़े अपराधों में सजा की अवधि को बढ़ा दिया गया है। इसमें आजीवन कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, विदेशों से धर्म परिवर्तन के लिए होने वाली फंडिंग पर अंकुश लगाने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गये।

कानून में क्या नए बदलाव किए गए हैं?

सरकार का कहना है कि गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी- एसटी) के धर्म परिवर्तन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इन्हीं मामलों पर राज्य सरकार अंकुश लगाने जा रही है। बदलाव के लिए लाए गए इस विधेयक में धर्म परिवर्तन से जुड़े अपराधों में सजा की अवधि को बढ़ाने का प्रावधान है। इसमें आजीवन कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, विदेशों से धर्म परिवर्तन के लिए होने वाली फंडिंग पर अंकुश लगाने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गये हैं।

2021 में बने कानून में एक से 10 साल तक की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान था। संशोधन के जरिये पिछले विधेयक को सजा और जुर्माने की दृष्टि से और मजबूत किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार यदि किसी नाबालिग, दिव्यांग अथवा मानसिक रूप से दुर्बल व्यक्ति, महिला, एससी-एसटी का धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया जा सकेगा। इसी तरह, सामूहिक धर्म परिवर्तन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बदरीनाथ हाईवे पर भूस्खलन...

जोशीमठ। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग लंगसी के समीप मलबा व बोल्डर आने से बंद हो गया। सड़क का दस मीटर हिस्सा भी क्षतीग्रस्त हुआ है। हाईवे बंद होने से यहां हज़ारों यात्री फंसे है। एनएच के द्वारा हाईवे को खोलने का कार्य जारी है। यमुनोत्री हाईवे पर भी सात घंटे बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई, लेकिन यहां आवाजाही जोखिम भरी है। यमुनोत्री हाईवे पर जगह-जगह मलबा बोल्डर आने से हाईवे दलदल में तब्दील हो गया है। वहीं दूसरी तरफबीते शुक्रवार रात्रि में ग्वालदम हाईवे पर नारायणबगड़ के आमसोड से लापता हुए वाहन सहित दो युवकों की तलाश जारी है। यहां पर पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा पोकलेंड मशीन की सहायता से मलबे को हटाया जा रहा है। वाहन का तिरपाल एवं रास्सा मलबे में दिखने पर युवकों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। रेस्क्यू अभियान जारी है।

कुल्लू में बादल फटने से तबाही, बह गया पुल

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लूके मणिकर्ण घाटी के तोष में रविवार देर रात बादल फट गया। बादल फटने से यहां पर भारी तबाही मची है। बाढ़ में एक पुल बह गया है। घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। देर रात बादल फटने के बाद यहां पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। फिलहाल तोष का संपर्क कट गया है।

उधर, सोलंग घाटी के पलचान से सटे सरेही नाला का जलस्तर फिर बढ़ा गया है। नाले का पानी सड़क से बहने लगा। इस वजह से मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए फिर बंद हो

गया। हालांकि, कुछ समय बाद मार्ग बहाल कर दिया गया। वहीं पलचान गांव के ग्रामीणों अभी भी सहमे हुए हैं। कुछ दिन पहले बदल फटने की

पलचान के सरेही नाला का जलस्तर फिर बढ़ा

घटना से गांव के तीन मकान बह गए हैं, जबकि पांच मकानों को खतरा पैदा हो गया है। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि पानी बढ़ने से मनाली-लेह मार्ग बंद हो गया था जिसे बाद में बहाल कर दिया गया। वहीं, प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मंगलवार को भी बारिश के आसार हैं। 31 जुलाई और एक अगस्त को अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। इस दौरान प्रदेश के पांच जिलों कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला, किन्नौर के कुछ क्षेत्रों में भूस्खलन और बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी हुई है।

ऊना में मंगलवार सुबह 11:00 बजे हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है। एकाएक शुरू हुए बारिश के क्रम के बीच सड़कें पानी से लबालब हो गईं। वहीं गली-मोहल्लों में बच्चे और लोग बारिश का आनंद उठाते हुए नजर आए।

राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देश दिए: मुख्यमंत्री

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मणिकर्ण घाटी के तोष गांव में बादल फटने की घटना पर दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर उन्हें राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। प्रदेश में तमाम जगहों पर भारी बारिश के चलते हो रही ऐसी घटनाओं पर हमारी नजर है और प्रशासन राहत कार्यों के लिए हर जरूरी कदम उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों व सैलानियों से अनुरोध किया कि सावधानी बरतें और नदी-नालों के पास जाने से बचें।

न्यूज गैलरी

पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, अब केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर लगातार जालसाजी के आरोप लग रहे हैं। उनके ऊपर शुरुआती आरोप उनकी अनुचित मांगों

से जुड़े थे। अब कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने उनके नाम एक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे 2 अगस्त तक आरोपों पर जवाब देने को लेकर भी कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया है कि पूजा खेडकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनके खिलाफलगे आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है। उनके ई मेल, घर के पते पर भी नोटिस भेजा गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने सोमवार को टाइम्स ऑफइंडिया को बताया कि अलग-अलग एजेंसियों द्वारा पूछताछ के बाद 26 जुलाई को ईमेल के साथ-साथ उनके डाक पते पर कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। खेडकर को नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। एक अधिकारी ने कहा, ÷प्रक्रिया के मुताबिक जारी किए गए नोटिस में उनसे जवाब मांगा गया है, जो उन्हें या तो व्यक्तिगत रूप से डीओपीटी के समक्ष आकर देना होगा या लिखित रूप में भेजना होगा। जानकारी के लिए बता दें कि पूजा खेडकर 2023 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। पूजा को पुणे में प्रोबेशन पीरियड के दौरान एडीएम के तौर पर नियुक्त किया गया था। उनके ऊपर आरोप लगा कि काम को संभालने से पहले ही पूजा ने अनुचित मांगे करनी शुरू कर दी।

मध्य प्रदेश में लाडली बहनों की बल्ले-बल्ले आधी कीमत में मिलेगा LPG गैस सिलेंडर

भोपाल। रक्षाबंधन से पहले मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध लाडली बहना लाभार्थी

योजना की महिलाओं को अब 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। मध्य प्रदेश में अभी गैस सिलेंडर 848 रुपये का है। यानी इस हिसाब से मध्य प्रदेश में लाडली बहनों को आधी कीमत में सिलेंडर मिलेगा। 450 में गैस सिलेंडर मिलेगा जबकि बची हुई 399 रुपये की राशि को राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। मध्य प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को इस फैसले पर मुहर लगाई है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के तहत हमने फैसला लिया है कि योजना की सभी लाभार्थियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इससे सरकार के खजाने पर करीब 160 करोड़ रुपये का खर्च होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश कैबिनेट ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी बड़ा अहम फैसला लिया है। सक्षम आंगनबाड़ी पोषण योजना के तहत आंगनबाड़ी की सभी बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत कवर दिया जाएगा। इसका प्रीमियम भी राज्य सरकार भरेगी। मध्य प्रदेश सरकार की इस योजना से 57 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फायदा मिलेगा।

राजनाथ सिंह को सौंपा 121 करोड़ का चेक... इस सरकारी कंपनी को हुई तगड़ी कमाई!

नई दिल्ली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक सरकारी कंपनी ने मंगलवार को 121 करोड़ रुपये का चेक सौंपा. भारत डायनैमिक्स लिमिटेड के अधिकारियों ने इतनी बड़ी रकम का चेक सरकार को डिविडेंड के रूप में दिया है. इससे पहले सरकारी बैंकों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हजारों करोड़ रुपये के डिविडेंड चेक सौंपे थे. इसकी जानकारी रक्षा मंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया पर शेयर की है. डिफेंस सेक्टर की सरकारी कंपनी भारत डायनैमिक्स लिमिटेड का हेडक्वार्टर हैदराबाद में है. कंपनी को तगड़ी कमाई हो रही है और इसका एक हिस्सा कंपनी ने डिविडेंड के रूप में सरकार को सौंपा है. मंगलवार को कंपनी के चेयरमैन और एमडी, कॉमडोर ए माधवराव (रिटायर्ड) ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 121.53 करोड़ रुपये का चेक सौंपा. भारत डायनैमिक्स कंपनी की कमाई का अंदाजा बीते मई महीने में जारी किए गए BDL Qy Results के आंकड़ों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है. इस तिमाही में Bharat Dynamics का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 89.04 फीसदी बढ़ा था. शेयर बाजार में लिस्टेड इस PSU का मार्केट कैपिटलाइजेशन 54150 करोड़ रुपये है. कंपनी का शेयर मंगलवार को तेजी के साथ हरे निशान पर क्लोज हुआ. Bharat Dynamics Share 1476 रुपये के लेवल पर क्लोज हुआ.

अग्निवीर पर संसद में भिड़े अखिलेश - अनुराग

मैं मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हूं तो बीजेपी सांसद का जवाब- मैं आर्मी में कैप्टन

नई दिल्ली। संसद में बजट को लेकर हुई चर्चा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर के बीच अग्निवीर योजना को लेकर बहस देखने को मिली. अखिलेश यादव ने सरकार से पूछा कि अगर अग्निवीर योजना इतनी ही अच्छी है तो आप राज्यों को 10 फीसदी कोटा देने के लिए क्यों कहते हैं. वहीं इस पर हमीरपुर सीट से बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि अग्निवीर में 100 फीसदी रोजगार की गारंटी है और रहेगी।

अखिलेश यादव ने संसद में कहा कि कोई भी नौजवान जो फौज की तैयारी करता है, वो कभी स्वीकार नहीं कर सकता है. सपा अध्यक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, जब पहली बार स्कीम आई थी तो उस समय बड़े-बड़े उद्योगपतियों से ट्वीट कराया गया था कि इससे अच्छी कोई योजना नहीं है।

इनको हम नौकरी पर रख लेंगे. सरकार खुद ये बात स्वीकार करती है कि ये स्कीम ठीक नहीं है. तभी वो अपनी राज्य सरकारों से कह रहे हैं कि अग्निवीर वाले जो लौटकर आएंगे उन्हें कोटा दीजिए, नौकरी दीजिए। इस बीच जब सत्ता पक्ष की ओर से हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर बोलते हैं तो अखिलेश यादव ने कहा कि मैं बैठ जाता हूं आप खड़े होकर कह दीजिए कि योजना ठीक है।

अनुराग ने अखिलेश को दिया जवाब

इसके बाद अनुराग ठाकुर ने कहा, मैं हिमाचल से आता हूं, जिसने पहला परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा दिए. कारगिल युद्ध में सबसे ज्यादा शहीद होने वाले हिमाचल प्रदेश के वीर नौजवान थे। चार परमवीर चक्र विजेता, जिसमें दो कैप्टन विक्रम बत्रा और सूबेदार संजय कुमार हिमाचल से हुए. जो लंबे समय से मांग थी कि वन रैंक-वन पेंशन की. किसी सरकार ने पूरी नहीं की. उसे मोदी सरकार ने पूरा किया. अखिलेश यादव जी सुनिए, अग्निवीर में 100 फीसदी रोजगार की गारंटी है और रहेगी।

अखिलेश ने फिर पूछा अनुराग से सवाल

इसके बाद कन्नौज सांसद ने कहा कि मैं दूसरी बात कहता हूं कि आपको राज्यों में 10 फीसदी कोटा क्यों देना पड़ रहा है. अखिलेश यादव ने अनुराग से पूछा, चैल कहां है। कभी गए हो उस मिलिट्री स्कूल में. मैं खुद मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूं. आप परमवीर चक्र की बात कर रहो, हम भी कई नाम गिना सकते हैं, जिन्हें परमवीर चक्र मिला है। इस पर अनुराग ठाकुर ने कहा, ये तो केवल मिलिट्री स्कूल गए हैं। मैं आज भी आर्मी में कैप्टन रैंक की सेवाएं दे रहा हूं. अखिलेश जी केवल ज्ञान मत बांटिए।

अखिलेश ने बीजेपी पर कसा तंज

बीजेपी सांसद के बयान पर अखिलेश ने कहा, शायद मंत्री जी नहीं रहे, इसलिए तकलीफ परेशानी ज्यादा है. दर्द मैं बताता हूं. जबसे यूपी में हारे हैं, तबसे कोई नमस्कार नहीं कर रहा है, तकलीफ वो है आपको. वो वीडियो हमने देखा है कि कोई किसी को नमस्कार नहीं कर रहा है, कोई किसी को देख नहीं रहा है. जो अपने आपको बहुत ताकतवर कहते थे, जिसने हराया उसको नहीं ये हटा पा रहे हैं। अब बात समझ में नहीं आई ना. अग्निवीर व्यवस्था समाजवादी लोग स्वीकार नहीं कर सकते हैं. जब भी हम सरकार में आएंगे, साल-दो साल इस व्यवस्था को खत्म कर देंगे।

ईडी स्पेशल कोर्ट से पूर्व DSP जगदीश भोला समेत 17 लोग दोषी करार

नई दिल्ली। करीब छह हजार करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी मामले में ईडी स्पेशल कोर्ट ने पूर्व डीएसपी जगदीश भोला समेत 17 आरोपियों को दोषी करार दिया है।

जगदीश भोला समेत मनप्रीत, सुखराज, सुखजीत सुख और मनिंदर को 10 साल की सजा सुनाई गई है। वहीं भोला की पत्नी गुरप्रीत कौर को 3 साल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में कुल 23 आरोपी थे, जिनमें से चार की मौत हो चुकी है वहीं दो आरोपी भगोड़े घोषित हो चुके हैं।

2013 में सामने आया था मामला

फतेहगढ़ साहिब में मार्च 2013 में कनाडा के एनआरआई अनूप सिंह कहलो की गिरफ्तारी से छह हजार करोड़ के अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ था। ड्रग तस्करी में गिरफ्तार बर्खास्त डीएसपी जगदीश भोला ने इस रैकेट में मजीठिया के शामिल होने का आरोप लगाकर सनसनी मचा दी थी। भोला के खुलासे के आधार पर अमृतसर के फार्मा कंपनी चलाने वाले नेता बिट्टू औलख और जगदीश सिंह चहल को भी पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया था।

पंजाब के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज 8 अलग-अलग एफआईआर के आधार पर ईडी कार्यालय द्वारा वर्ष 2013 में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत मामले में जांच शुरू की गई थी। लगभग 95 करोड़ रुपये की संपत्ति/परिसंपत्तियां अनंतिम रूप से कुर्क की गई हैं।

ओल्ड राजेन्द्र नगर हादसा: हाई-लेवल जांच की मांग के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में PIL दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर में हुए हादसे का मामला अब दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गया है। कुटुंब नाम के एक पब्लिक ट्रस्ट ने कोर्ट में पीआईएल दाखिल की है। इस पीआईएल पर कोर्ट कल सुनवाई करेगा। शनिवार को हुई भारी बारिश के बाद कोचिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने से यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई थी। संसद से लेकर सड़क तक इस मामले पर विरोध जारी है। ओल्ड राजेन्द्र नगर में छात्र बड़ी तादाद में जमा हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता के वकील रुद्र विक्रम सिंह ने कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच के सामने मंगलवार को सुनवाई के लिए मामले को रखा, जिसके बाद अदालत ने कहा कि यह मामला बुधवार को सुना जाएगा।

जनहित याचिका में दिल्ली नगर निगम के उन अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है, जिन्होंने 26 जून, 2024 को प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई नहीं की, जिसमें एक छात्र ने कोचिंग अवैध लाइब्रेरी चलाए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके अलावा जनहित याचिका में दिल्ली के हर जिले में जिला स्तरीय कमेटियों का गठन करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। ताकि संबंधित जिलों में इस तरह के अवैध निर्माण की जांच की जा सके और साथ ही उन कोचिंग संस्थानों की जांच की जा सके जो नियमों के खिलाफ चल रहे हैं। जनहित याचिका में दिल्ली के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय समितियों का गठन करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है, ताकि संबंधित जिलों में अवैध वाणिज्यिक निर्माण की जांच की जा सके और साथ ही उन कोचिंग संस्थानों की जांच करने और रिपोर्ट संकलित करने के लिए समितियां बनाई जा सकें।

विद्युतीकरण के नाम पर फर्जीवाड़े की शिकायत के बाद भी जांच ठंडे बस्ते में

पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को अधिकारी लगा रहे पलीता

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को अधिकारी कैसे पलीता लगा रहे हैं इसका उदाहरण बैतूल में देखने को मिल रहा है। जल जीवन मिशन के विद्युतीकरण के कार्य में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा हुआ है जिसकी शिकायतें होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। मामला आमला विकासखंड के सोमलापुर गांव का है, जहां जल जीवन मिशन के विद्युतीकरण कार्य में हुए फर्जीवाड़े को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सोमलापुर के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाई गई थी। आमला विकासखंड के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री रविशंकर वर्मा के द्वारा इस योजना के तहत कार्य कराया गया। जल जीवन मिशन के विद्युतीकरण के लिए एई पीएचई के नाम से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड उत्तर संभाग के द्वारा 26 अप्रैल को वर्क आर्डर जारी किया गया था। जब इसकी शिकायत हुई कि वर्क आर्डर जारी होने के पहले ही यहां पर ट्रांसफार्मर लगा दिया गया तब उत्तर संभाग के द्वारा इसकी जांच कराई गई।

जांच में पाया गया कि पीएचई के द्वारा बिना कार्यादेश जारी किए सोमलापुर में 45 दिन पहले ही विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया, यह कार्य मेसर्स दृष्टि इंटरप्राईजेस ए क्लास विद्युत ठेकेदार बनखेड़ी के द्वारा किया गया है। फर्जीवाड़ा उस समय उजागर हुआ जब 1 मई को मेसर्स दृष्टि इंटरप्राईजेस ने बिजली कम्पनी को पत्र लिखा कि उनके द्वारा विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा विद्युतीकरण कार्य में बिजली कम्पनी ने जो जांच की उसमें पाया कि ए-बी स्वीच डीटीआर, फेंसिंग, एलटी व एसटी लग्ज नहीं लगाया गया है एवं गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है।

शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल 'मानस' की शुरुआत की

एनसीओआरडी की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक अध्यक्षता अमित शाह ने की

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हाल ही में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर यानि एनसीओआरडी की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल 'मानस' की शुरुआत की।'मानस' के तहत एक टोल-फ्री नंबर 1933, एक वेब पोर्टल, एक मोबाइल ऐप और उमंग ऐप होगा ताकि देश के नागरिक, नशीली दवाओं की तस्करी पर जानकारी साझा करने या नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नशामुक्ति और पुनर्वास जैसे मुद्दों से

संबंधित सलाह लेने के लिए गुमनाम रूप से चौबीसों घंटे एनसीबी से जुड़ सकें।

नशा मुक्त भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार, एजेंसियाँ और देश की 130 करोड़ जनता मिलकर ही नशे के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल कर सकती है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि जब तक देश का 35 वर्ष से कम उम्र का हर नागरिक इस लड़ाई को लड़ने और 35 वर्ष से अधिक आयु वाला हर नागरिक मार्गदर्शन का संकल्प नहीं करता तब तक नशे के खिलाफ लड़ाई को जीतना मुश्किल है।

आजादी के बाद दशकों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस की सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में कोई कदम नहीं उठाया। बल्कि देखा जाए तो कांग्रेस की सरकार में ड्रग्स का अवैध व्यापार लगातार फलता-फूलता रहा और परिणाम यह हुआ कि ड्रग्स का पूरा व्यापार नार्को टेरर के साथ जुड़ गया। आज ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। लेकिन, साल 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने ड्रग्स के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए इसकी कमान भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह को सौंप दी। इसके साथ ही, एक नए सुबह का आगाज हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में पिछले पाँच साल में गृह मंत्रालय ने Whole of Government Approach के साथ स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स, इंस्टीट्यूशनल और इंफॉर्मेशनल रिफॉर्म्स के तीन स्तंभों के आधार पर इस लड़ाई को लड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया है। यदि आँकड़ों का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट पता चलता है कि जहाँ साल 2004 से साल 2014 तक 5,933 करोड़ रूपए मूल्य की 1,52,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी, वहीं साल 2014 से साल 2024 के दस साल में 22,000 करोड़ रूपए से भी अधिक मूल्य की 5,43,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। मोदी जी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन देश की जनता यह जानती है कि उसकी प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है। युवा पीढ़ी और खासकर देश की भावी पीढ़ी के लिए ड्रग्स को सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह ने इसके पूरे इको सिस्टम को ध्वस्त करने के लिए सभी एजेंसियों और राज्य की पुलिसों को स्पष्ट निर्देश दिया है।

न्यूज गैलरी

भूपेश बघेल पीएम आवास को लेकर हमेशा की तरह भ्रम पैदा कर रहे : डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रधानमंत्री आवास के सवाल पर पलटवार किया है। वो प्रश्नों के उत्तर को आधा अधूरा पेश कर रहे हैं। साव ने कहा कि, शहरी प्रधानमंत्री आवास और ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना को एक साथ जोड़कर भ्रम पैदा ना करें। दोनों अलग-अलग योजना है। शहरों में लगातार आवास बना रहे हैं। वहीं ग्रामीण आवास की स्वीकृति जैसे ही केंद्र से मिलेगी, वैसे ही गरीबों के लिए आवास स्वीकृत कर देंगे। श्री साव ने कांग्रेस से पूछा कि, टीएस सिंहदेव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री पद से इस्तीफा क्यों दिया था? उन्होंने अपने इस्तीफे में क्या लिखा था, उन्होंने झूठ बोला था क्या? कांग्रेस इसे स्पष्ट करे। उन्होंने लिखा था कि मैं गरीबों को आवास उपलब्ध नहीं करा पाया हूं, आपसे मुख्यमंत्री (भूपेश बघेल) कई बार आग्रह किया, लेकिन आपने आवास नहीं दिया। इसके बाद भी ये लोग बोल रहे हैं, दुर्भाग्य है कि कांग्रेस नेता अब इस पर राजनीति कर रहे हैं।

नकदी चोरी, महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। आरडीए कालोनी टिकरापारा में नौकरानी के पैंट के जेब एवं गल्ला में रखे नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भूपेन्द्र धनगर 31 वर्ष आरडीए कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के घर काम करने वाली नौकरानी रूकमणी वमा 35 वर्ष ने प्रार्थी के पैंट के जेब व गल्ला से नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सट्टा खिलाते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश नगर गाडापारा नवापारा में पुलिस सट्टा खिलाते एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1065 रुपए जब्त किया है। गोबरानवापारा पुलिस को सूचना मिली कि गणेश नगर गाडापारा में एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अर्जून नायक 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1065 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गंज थाना पुलिस ने फाफाडीह मेन रोड स्थित आर्सन मोटर्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लोकेश साहू 26 वर्ष, संजु सिह राजपुत 40 वर्ष, राजु सेन 21 वर्ष व महेंद्र मारकण्डे 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी परदेशीराम जायसवाल 45 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी रोशन यादव 29 वर्ष व मेघनाथ साहू 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश महतो 30 वर्ष व सतेंद्र यादव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी नारायण यादव 28 वर्ष, सौरव मानिकपुरी 25 वर्ष व आमीर खान 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नंद कुमार धीवर 34 वर्ष व कृपाराम वर्मा 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 82 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1180 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। विधानसभा पुलिस ने ग्राम दोंदेकला चटौद में दबिश देकर आरोपी चंद्रशेखर निषाद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 320 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी सुशील श्रीवास 34 वर्ष के पास से 50 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है।

निधन

पुनीत राम डहरिया

रायपुर/नवप्रदेश। नीलजा (सारागांव, रायपुर) निवासी पुनीत राम डहरिया (उम्र 76) का निधन रविवार संध्या को हो गया जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 10 बजे पैतृक ग्राम नीलजा में होगा। वे महेशी बाई डहरिया के पति कौशल डहरिया (योग प्रशिक्षक) गोपाल के पिता , सिद्धार्थ, सिद्धांत के दादा जी थे एवम् नरेश लदेर (रायपुर जिला अध्यक्ष) के जीजा थे ।

गृहप्रवेशः नवा रायपुर शिफ्ट होंगे मंत्री रामविचार नेताम, खाद्यमंत्री दयालदास बघेल भी जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मुख्यमंत्री और मंत्री निवास बनकर लगभग तैयार हो चुके हैं। मंत्री रामविचार नेताम 31 जुलाई को नवा रायपुर के सरकारी बंगले में गृहप्रवेश करेंगे। साथ ही नवा रायपुर में मंत्री बंगले में शिफ्टिंग शुरू हो जाएगी।

संपदा विभाग ने यहां पर तीन मंत्रियों रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगला आवंटित किया है। नेताम के यहां शिफ्ट होने के बाद मंत्री दयालदास बघेल ने नवा रायपुर में शिफ्टिंग की इच्छा जताई है। फिलहाल श्री नेताम मौलश्री विहार में अपने निजी आवास में रह रहे हैं। नवा रायपुर में मुख्यमंत्री निवास बनकर तैयार है, इसके पास ही मंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्ष का बंगला भी तैयार किया गया है। कुल मिलाकर 14 बंगलों का निर्माण किया गया है। नई सरकार बनने के बाद सीएम तथा मंत्रियों के यहां पर शिफ्ट होने की चर्चा थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से यहां पर शिफ्टिंग नहीं हो पाई।

अब मंत्री श्री नेताम के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद यहां के बंगले आबाद होने शुरू होंगे। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों के सभी बंगले 22 एकड़ में बने हैं। निवास और कार्यालय की व्यवस्था अलग- अलग है। सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू करने के बाद अन्य मंत्री भी यहां पर आने को तैयार होंगे।

अगले साल तक बढ़ेगी बसाहट

सेक्टर-24 में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रियों के आवास गृह और वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का निर्माण 591.75 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। प्लान के मुताबिक, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्री परिषद के सदस्यों के आवास और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास नवा रायपुर में तैयार होने से यहां पर बसाहट अगले साल तक बढ़ेगी। यहां अफसरों के लिए सेक्टर-18 में ऐसे 78 बंगले भी तैयार हो रहे हैं। यहां पर विधानसभा भवन का निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विधानसभा के अफसर और कर्मियों के लिए भी आवासीय परिसर तैयार करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

उच्चदाब स्टील उद्योगों को मिल रही है 713 करोड़ की बड़ी छूट

विभिन्न विकसित राज्यों की तुलना में भी छत्तीसगढ़ में सस्ती बिजली

विगत 8 वर्षों में मात्र 35 पैसा प्रति यूनिट ही बढ़ा ऊर्जा प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो पुनरीक्षित विद्युत दरें घोषित की गई हैं उनमें खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट के द्वारा 713 करोड़ रूपये की छूट उच्चदाब स्टील उद्योगों को दी जा रही है। यह छूट अन्य किसी भी वर्ग के उपभोक्ता को नहीं मिलती है। नियामक आयोग द्वारा लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट (पॉवर फैक्टर इन्सेन्टिव) को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट को अज्ञात कारणों से, आश्चर्यजनक रूप से बढ़ाया गया था। इस परिस्थिति में भी छत्तीसगढ़ में उच्चदाब स्टील उद्योगों को विकसित सामाजिक-आर्थिक-भौगोलिक अद्योसंरचना वाले ताप विद्युत उत्पादक अन्य राज्यों की तुलना में काफी रियायती दरों पर ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। नियामक आयोग ने इस छूट को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया है जो वर्ष 2021-22 के पूर्व 8 प्रतिशत थी इस तरह वर्तमान छूट भी 2 प्रतिशत अधिक ही रखी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 01 जून 2024 को वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत आपूर्ति की नये दरों की घोषणा की गई है। जिसमें उच्चदाब स्टील उद्योगों के प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार में मात्र 25 पैसे (4.10 प्रतिशत) की वृद्धि कर 1 जून 2024 से प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार 6.35 रूपये निर्धारित किया गया है एवं लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है, जो 4 वर्ष पूर्व अचानक, आश्चर्यजनक तथा अज्ञात कारणों से 8 प्रतिशत से बढ़ा कर 25 प्रतिशत कर दी गई थी। नियामक आयोग द्वारा छूट की दर 10 प्रतिशत करने की कार्यवाही इसलिए की गई ताकि अन्य श्रेणी के तथा सामाजिक-आर्थिक रूप से प्राथमिकता वाले विद्युत उपभोक्ताओं पर कम भार पड़े। पूर्व में वर्ष 2021-22 में टैरिफ आदेश जारी करते समय लोड फैक्टर छूट, अधिकतम 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया था, जबकि पॉवर कंपनी द्वारा इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव नियामक आयोग को नहीं भेजा गया था। आयोग द्वारा विगत वर्षों की वास्तविक खपत को आधार मानते हुए, उच्चदाब स्टील उद्योगों की इस वर्ष की अनुमानित खपत 11,237 मिलियन यूनिट का आकलन किया है। इस खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद भी टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाले छूट के द्वारा रू. 713 करोड़ की छूट टैरिफ के माध्यम से स्टील उद्योगों को प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त उच्चतम दाब की अवधि, जो कि प्रतिदिन पहले 6 घंटे थी, उसको भी टैरिफ में 8 घंटे कर दिया गया है, जिसमें स्टील उद्योगों को 80 प्रतिशत ही बिलिंग होगी। स्टील उद्योगों के टैरिफ का विगत वर्ष 2017-18 से तुलना करते है तो मांग प्रभार में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। ऊर्जा प्रभार के दर में भी 6 रूपये प्रति यूनिट से बढ़कर 6.35 रूपये प्रति यूनिट की गई है, जो कि मात्र 35 पैसे प्रति यूनिट (5.83 प्रतिशत) की वृद्धि विगत सात वर्षों में हुई है। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ में जब यह राशि मात्र 6.35 रूपये है तब महाराष्ट्र में 8.36 रूपये, तेलंगाना में 8.10 रूपये तथा मध्यप्रदेश में 7.15 रूपये है।

वर्ष ऊर्जा प्रभार (रू. प्रति यूनिट)

2017-18	-	6.00
2018-19	-	5.85
2019-20	-	5.85
2020-21	-	5.85
2021-22	-	5.95
2022-23	-	6.10
2023-24	-	6.10
2024-25	-	6.35

बाईपास ऑपरेशन के बाद भी आया हार्ट अटैक

एंजियोप्लास्टी करके बचाई बुजुर्ग की जान

रायपुर/नवप्रदेश। 82 वर्षीय बुजुर्ग जिनका लगभग 12 साल पहले बाईपास सर्जरी किया गया था उनकी अचानक तबीयत ख़राब हो गई साँस फूलने लगी तथा पसीना पसीना होने लगे उन्हें तत्काल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निखिल मोतीरमानी के पास ले जाया गया , जाँच में पता चला कि उन्हें हार्ट अटैक आया है । डॉ निखिल मोतीरमानी ने ततत्काल उनकी एंजियोग्राफ़ी श्री नारायणा हॉस्पिटल में की गई तो पता चला उनका जो बाईपास ग्राफ्ट है उसमे जो नसें चल रही थी वो 99% ब्लॉक थी तो तत्काल डॉ निखिल द्वारा एंजियोप्लेस्टी करने का निर्णय लिया गया ।

ये काफ़ी मुश्किल ऑपरेशन था, पर डॉक्टर निखिल मोतीरमानी ने सफलतापूर्वक ये ऑपरेशन किया । सामान्यतः बाईपास ग्राफ की एंजियोप्लेस्टी बहुत मुश्किल मानी जाती है क्योंकि उसके काफ़ी खून के थके और खून का बहाव कम होता है, पर ये ऑपरेशन सक्सेसफुल रहा और मरीज़ अब पूर्णतः स्वास्थ्य है । डॉ निखिल मोतीरमानी ने बताया कि बाईपास के बाद भी अगर अटैक अता है तो एंजियोप्लेस्टी की जा सकती है और इसके अच्छे परिणाम आते है । कई बार ऐसे भी मरीज़ आते है जिनका बाईपास सर्जरी करना मुस्किल होता है उनकी भी काम्प्लेक्स एंजियोप्लेस्टी की जा सकती है । डॉ निखिल मोतीरमानी अभी अपनी सेवाये डायरेक्टर के रूप में मोतीरमानी हार्ट क्लिनिक शंकर नगर में देते है ।

चोरी की बाइक को मॉडिफाई कर बेचता था गैंग, 23 बाइक चोरी

रायपुर में पैर से लॉक तोड़कर 23 बाइक चोरी की, पहचान छिपाने गैरेज में बदले नंबर-रंग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में चोर गैंग के 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये शहर में पैरों से लॉक तोड़कर बाइक चोरियां करते थे। बाइक गैरेज में ले जाकर उसका नंबर प्लेट से लेकर रंग तक बदल देते थे। कई बाइकों को मालिक पहचान न सके, इसलिए उसमें पार्ट्स जोड़कर मॉडिफाई कर बेचते थे। पुलिस ने करीब 2 दर्जन बाइक बरामद किया है। मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। रायपुर सिटी ASP लखन पटले ने बताया कि, खम्हारडीह पुलिस को सूचना मिली कि अनुपम नगर के पास कुछ लोग चोरी की बाइक लेकर बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़कर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

तारों की मदद से करते थे गाड़ी स्टार्टः पुलिस ने सबसे पहले सूरज यादव और पवन साहू को पकड़ा। यह दोनों शातिर बाइक चोर हैं। शहर में घूमते समय किसी भी बाइक पर जाकर बैठ जाते थे। अपने पैरों से हैंडल लॉक तोड़ते थे। जिसके बाद बाइक की स्टार्टिंग स्विच को डायरेक्ट जोड़ दिया करते थे। कुछ मिनटों में गाड़ी चोरी कर वे मौके से फरार हो जाते थे। इस दौरान एक गाड़ी चोरी करता दूसरा रेकी करता रहता था।

हर काम के लिए अलग-अलग एक्सपर्टः पुलिस के मुताबिक, सूरज और पवन गाड़ी चोरी कर प्रकाश यादव को दिया करते थे। प्रकाश इन गाड़ियों को गैरेज में ले जाकर मोडिफाइड किया करता था। इस काम में दुर्गेश साहू भी शामिल था। यह गाड़ियों का नंबर प्लेट बदलने से लेकर उसका रंग भी बदल देते थे। आरोपी ने कई गाड़ियों में एक्स्ट्रा पार्ट्स जोड़कर उसे मोडिफाइड भी किया था। जिससे गाड़ी मालिक भी उसे कभी पहचान न सके।

कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश के बाद झोला छाप डॉक्टरों पर कसा शिकंजा

धरसीवां क्षेत्र के कई क्लीनिकों में छापेमारी कर दस्तावेज जब्त किए गए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को धरसीवां ब्लॉक के ग्राम सोडरा, सिलतरा, चरौदा, कुरां में झोला छाप डाक्टरों की क्लीनिकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। टीम ने साहू दवाखाना, दीक्षा क्लिनिक, श्री साईं क्लीनिक और वर्मा क्लिनिक सहित कई क्लीनिकों के दस्तावेजों की जांच के लिए भेजा। धरसीवां तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने बताया कि, कलेक्टर के निर्देश पर एक टीम तैयार की गई है। टीम में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास अग्रवाल, कुंरा सीएमओ ललित साहू और धरसीवां टीआई राजेंद्र दीवान शामिल हैं। पहले दिन की कार्रवाई में कई झोला छाप डॉक्टरों के क्लीनिकों में छापा मारकर दस्तावेजों को जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है। अगर दस्तावेजों में गड़बड़ी पाई जाती है या अन्य पद्धति से इलाज किया जा रहा है, तो क्लीनिक को सील बंदी की कार्रवाई की जाएगी।

डिग्री होम्योपैथिक का और कर रहे एलोपैथिक इलाज

क्षेत्र में अधिकांश डॉक्टरों के पास होम्योपैथिक या आयुर्वेदिक की डिग्री है, लेकिन वे एलोपैथिक पद्धति से उपचार कर रहे हैं। ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। ये डॉक्टर मनमाने तरीके से मरीजों से इलाज के नाम पर लूट खसोट कर रहे है।

शहीद दिवस पर कौशल यादव को दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद कौशल यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद कौशल यादव चौक काली माता मंदिर आकाशवाणी के सामने 25 जुलाई सुबह 10 बजे शहीद दिवस मनाई गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ यादव समाज के समस्त प्रकोष्ठों सरंक्षक प्रांतीय प्रकोष्ठ जिला प्रकोष्ठ नगर प्रकोष्ठ महिला प्रांतीय प्रकोष्ठ जिला प्रकोष्ठ नगर प्रकोष्ठ युवा प्रांतीय प्रकोष्ठ जिला प्रकोष्ठ नगर प्रकोष्ठ तथा समस्त वार्ड अध्यक्षगण समस्त सक्रिय सदस्यगण उपस्थित रहे। तथा समाज द्वारा स्कूल के बच्चों को पेन कापी पेंशिल इत्यादि स्कूल सामग्री वितरित किए गए। और छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा शाम 8 बजे रायपुर राजधानी के जयस्तंभ चौक रायपुर छत्तीसगढ़ में शहीद कौशल यादव को याद करते हुए। शहीद के छायाचित्र फोटो के सामने मोमबत्ती जलाकर एवं माल्यार्पण कर शहीद दिवस मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम नगर निगम के संस्कृति विभाग से स्वीकृति कार्यक्रम है। इसके बावजूद नगर निगम के जनप्रतिनिधियों के पास शहीद कौशल यादव के पुण्य तिथि के अवसर पर शहीद दिवस में उपस्थित नहीं रहे। जो कि हमारे छत्तीसगढ़ यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल में निराशा एवं आक्रोश व्यक्त हैं। जबकि शहीद एक समाज के लिए नहीं वह संपूर्ण देश के लिए हैं।शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों में सद्बुद्धि आए और शहीद के लिए सहानुभूति आने वाले अगले कार्यक्रम अपनें उपस्थिति दर्ज कराए। छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा विगत 25 वर्षों से शहीद कौशल यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद दिवस मनाई जा रही है। इस कार्यक्रम को आयोजित करते 25 वां वर्ष हुई है।सन् 2000 से 2014तक शहीद कौशल यादव चौक का नामकरण कराने में चौदह वर्ष लगा।तब कहीं जाकर नामकरण हुआ अब 2024 मे पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया जी द्वारा शहीद की मूर्ति स्थापना के लिए 4 लाख पचहत्तर हजार रुपए स्वीकृत किए गए।

नगर सुराज से नागरिकों में उत्साह

आमदी/नवप्रदेश। नगर पचायत आमदी में नागरिकों की सुविधा व शिकायतों के निराकरण हेतु नगर सुराज अभियान चलाया जा रहा हैं। शासन के निर्देश पर राशनकार्ड, पेंशन, आवास, सफाई, विद्युत, जल प्रदाय सहित अन्य सेवा का लाभ प्रदाय करने के लिए वार्डवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत आमदी में अब तक कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए है उन आनंदन पर नगर पंचायत द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है।

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने निकाला कैंडल मार्च

रायपुर में रिजल्ट जारी करने के लिए सड़कों में उतरे कैंडिडेट, 6 साल से अटका है रिजल्ट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2018 के अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च निकाला है। उन्होंने सरकार से जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग दोहराई है। इन कैंडीडेट्स 2018 में दिए एग्जाम का रिजल्ट अटका है। जिसे लेकर इन्होंने नालंदा लाइब्रेरी से अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला। ये लगातार सब-इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी इंटरव्यू रिजल्ट जारी करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस प्रदर्शन के दौरान कैंडिडेट्स अपने हाथों में कैंडल और बैनर पोस्टर पकड़े हुए थे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या महिला अभ्यर्थी भी शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने मांग दोहराते हुए कहा कि हम प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से आए हैं। हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द परिणाम घोषित करे। ये इंतजार हमारे लिए पीड़ा बन गई है। हम अपने जन्मभूमि की सेवा करना चाहते हैं।

बिलासपुर से रायपुर तक कर चुके हैं पैदल यात्रा

इन कैंडिडेट्स ने एसआई भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर पहले भी बिलासपुर से रायपुर तक पैदल तिरंगा यात्रा पर निकल चुके है। यात्रा में वे 120 किलोमीटर पैदल चलकर रायपुर पहुंचे थे। प्रतियोगियों ने बताया कि प्रदेश भर के 1300 उम्मीदवार चयनित हो चुके हैं, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया।

सब- इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थी परीक्षा

परिणाम जारी करने की मांग लेकर कर आज कैंडल मार्च कर रहे हैं। यह परीक्षा साल 2018 में शुरू हुई थी लेकिन 6 साल बाद भी अब तक कोई भी परिणाम जारी नहीं किया गया है। सभी अभ्यर्थी आज अपने हाथों में कैंडल लिए सड़कों पर उतर आए हैं। 300 से अधिक अभ्यर्थी आज राजधानी के सड़कों पर कैंडल मार्च कर रहे हैं।

वहीं सभी अभ्यर्थियों का कहना है कि इसके बावजूद भी सरकार और प्रशासन में सुध नहीं लिया तो एक बड़ा आंदोलन होगा।

निकाय चुनाव से पहले हर महीने प्रदर्शन करने की तैयारी में कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में साल के अंत में नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। अब हर महीने किसी न किसी जन मुद्दे पर कांग्रेस सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने की तैयारी में है। इससे कार्यकर्ता भी सक्रिय रहेंगे। कांग्रेस चुनाव से पहले लगातार आंदोलन के जरिए सरकार के खिलाफ माहौल भी खड़ा कर पाएगी। दरअसल, 24 जुलाई को कांग्रेस ने विधानसभा का घेराव किया था। अब बिजली कटौती, पीएम श्री स्कूल, गौठान को बंद करना, पीएम आवास योजना, कानून व्यवस्था, महतारी वंदन योजना समेत कई प्रदेश स्तर के मुद्दों को लेकर आंदोलन कर सकती है। प्रदेश में अभी ज्यादातर निकायों में कांग्रेस का कब्जा है। यही वजह है कि आगामी चुनौतियों को भांपते हुए तैयारियों के लिए अभी से प्रभारी भेजे जाने की तैयारी है। विधानसभा घेराव की सफलता और कार्यकर्ताओं के एक्टिव होने के बाद संगठन इसे आगे भी बरकरार रखने के मूड में है।

निकायों के लिए नियुक्त होंगे प्रभारी

इस बार प्रदेश में निकाय के चुनाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष होंगे, इसे लेकर अभी तक सस्पेंस बरकरार है। ऐसे में पार्टी की ओर से रणनीति में बदलाव करते हुए सभी नगरीय निकायों के लिए प्रभारी नियुक्त करने की तैयारी चल रही है। जल्द ही प्रभारियों के नाम भी जारी किए जाएंगे।

सुविचार

पीपल के पत्तों जैसा न बनों जो वक्त आने पर सूख कर गिर जाते हैं। बनना है तो मेंहदी के पत्तों जैसा बनों जो पीसे जाने के बाद लोगों की जिंदगी में रंग भर जाते हैं।

भ्रष्ट सिस्टम ने ली तीन छात्रों की जान

देश की राजधानी नई दिल्ली के राजेन्द्र नगर क्षेत्र में राव कोचिंग सेन्टर के बेसमेन्ट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दुखद मौत हो गई। इस घटना को लेकर अब जमकर सियासत हो रही है। इस घटना की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। सभी इसके लिए दूसरे के सिर पर ठिकरा फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। तीन छात्रों की मौत के बाद एमसीडी प्रशासन कुम्भकरणीय नींद से जागा है और उसने नई दिल्ली में चल रहे 13 कोचिंग सेन्टरों को सील कर दिया है। एक कोचिंग सेन्टर के अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए बुलडोजर भी चलाया गया है। इस हादसे के लिए एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त किया गया है और एक असिस्टेंट इंजीनियर को निलंबित किया गया है। इस हादसे के जिम्मेदार बेसमेन्ट के मालिक सहित 7 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है और घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। नई दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मृतक छात्रों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की भी घोषणा कर दी है। इस घटना को लेकर आंदोलित छात्रों से उपराज्यपाल ने मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया की इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और एमएसडी में भी आम आदमी पार्टी ही सत्तारूढ़ है। इसके बाद भी आम आदमी पार्टी के नेता इस घटना के लिए उपराज्यपाल और केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहरा कर अपनी जवाबदारी से बचने की नकाम कोशिश कर रहे हैं। नई दिल्ली की मेयर सैली ओबराय ने मानसून आने के पूर्व यह बयान दिया था कि एमएसडी ने सभी नालों की सफाई कर ली है। इस बार नई दिल्ली के बाशिंदे बारिश का लुत्फ उठाएंगे। जबकि एमएसडी ने पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की थी, जिसकी वजह से नई दिल्ली में बाढ़ के हालात निर्मित हो गए थे। उस कोचिंग सेन्टर में भी पानी का जमाव हो रहा था जिसकी शिकायत की गई थी, लेकिन एमएसडी के अधिकारियों ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन यह दुखद हादसा हो गया और तीन होनहार छात्र असमय ही काल का ग्रास बन गए। अब इसकी जांच के नाम पर सिर्फ लिपापोती की जाएगी और जूनियर इंजीनियर जैसे छोटे अधिकारी को बलि का बकरा बनाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाएगी। हकीकत यह है कि नई दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह से निकम्मी सिद्ध हो रही है। ठंड के मौसम में नई दिल्ली में वायु प्रदूषण इस कदर बढ़ जाता है कि लोगों का सांस ले पाना भी दुभर हो जाता है। पूरी दिल्ली गैस चेम्बर के रूप में तब्दील हो जाती है। इसके लिए भी नई दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों को जिम्मेदार ठहरा देती है। गर्मी के मौसम में दिल्ली के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं और टैंकरों से पानी भरने के लिए मारा-मारी की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके लिए नई दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों को जिम्मेदार बताती है और यह आरोप लगाती है कि नई दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं दिया जा रहा है। अब बरसात के मौसम में नई दिल्ली की स्थिति बद से बदतर हो रही है, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार हाथ पर हाथ दिए बैठी है। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से ही सरकार चला रहे हैं और भ्रष्ट सिस्टम की भेंट चढ़कर लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की योजनाओं की नई दिल्ली में सराहना

नवप्रदेश छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के लिए अपनाई गई रणनीतियों तथा तकनीकों की नई दिल्ली में सराहना होना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में हुई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक ये अधिक पारदर्शी बनाने के लिए और उसे वास्तविक हितग्राहियों तक घर-घर पहुंचाने के लिए बनाई गई रणनीति तथा अपनाई गई तकनीक का विस्तृत ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि मात्र छह माह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ ने नक्सलवाद से निपटने तथा भ्रष्टाचार मुक्त विभागी कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए नीतियों में व्यापक बदलाव किए जिसकी वजह से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक सुगमता से पहुंच रहा है। नारी शक्ति के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से ज्यादा जरूरतमंद महिलाओं को प्रति माह 1 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की इन योजनाओं की केन्द्र सरकार ने न सिर्फ सराहना की है बल्कि भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को यह सलाह दी है कि वे छत्तीसगढ़ की रणनीति और तकनीक को अपने राज्यों में भी अपनाएं और इसकी विस्तृत जानकारी लेने के लिए अपने-अपने प्रदेशों से विशेषज्ञों की टीम जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ भेजे। निश्चित रूप से यह बात छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रेरक प्रसंग

वीर सावरकर के प्रसंग

वीर सावरकर को अंग्रेजों के द्वारा दिया गया घोर कष्ट, भोगी गयी यातनाएँ, भोगलिप्सा के शिकार लोगों को लज्जित कर सही हैं। उन्हीं से अपने कष्टों का बयान सुनते हैं।

'जब मैं विदेश को प्रस्थान कर रहा था, उस समय मुझे विदा करने को जो परिवार या मित्र उपस्थित थे, उनमें ज्येष्ठ बन्धु भी थे। उस समय मैंने उनके दर्शन किए थे। उसके बाद लम्बा अर्सा बीत जाने पर अब (अण्डमान) जेल में उनके दर्शन करने थे। मन में आया मिलने से उन्हें अत्यंत दुःख होगा। अतः मिलने की इच्छा छोड़ देनी चाहिए। मगर उसी क्षण विचार आया कि मिलना टालना तो दुःख से डरना होगा।

दुःख रूपी गजराज जब पूरा का पूरा अन्दर समा ही गया, तो केवल उसकी पूँछ से क्या डर? वे अपनी आशाओं पर राख डालकर अत्यन्त करूणाजनक स्थिति में आज मुझे देख रहे थे। क्षण भर तो वे विमूढ़ बने रहे। उनके मूक दुःख का परिचायक केवल एक ही उद्गार उनके मुख से फूट निकला-

'तात्याँ, तुम यहाँ कैसे?' ये शब्द उनकी असहाय वेदनाओं के प्रतीक थे और मेरे हृदय में भाले की तरह बैठ गए।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त : 07:10, चन्द्रोदयः : 25:15, चन्द्रास्तः :15:04, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : वर्षा, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : रोहिणी, योग : ध्रुव, प्रथम करण : विष्टि (16:44 तक), द्वितीय करण : बव (28:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : वृष, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:56 से 12:50, अमृत काल : 08:02 से 09:36, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:35 से 10:23, विजय मुहूर्त : 14:39 से 15:34, गोधूलि मुहूर्त : 19:12 से 19:32, सायाह्न सन्ध्या : 19:12 से 20:14, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:44, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 08:59 से 10:41, दुर्मुहूर्त : 08:18 से 09:12, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (10:23 से), अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (16:44 तक), चन्द्र वास : दक्षिण।

योगेश मिश्र

> दिसंबर 2005 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन शुरू किया था ताकि शहरों की हालत सुधारी जा सके, डेवलपमेंट को रफ्तार दी जा सके। इस मिशन के उद्देश्यों में सब कुछ था लेकिन 'शहरी बाढ़' को समस्या माना ही नहीं गया। 2010 में पहली बार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शहर की बाढ़ के संकट को पहचाना, कदम सुझाए। क्या करें और क्या न करें की लिस्ट बनाई। बीच बीच में कितनी ही कमेटियों और आयोगों ने शहरों के लिए सुझाव दिए। लेकिन नतीजा क्या हुआ? 2024 आपके सामने है। दिल्ली, मुंबई, पुणे बद से बदतर हुए हैं, बाढ़ के मामले में वो असम और बिहार बन चले हैं। दक्षिण के हाल देखिए। 2021 में सिर्फ़ दक्षिण में ही पाँच राज्यों के 30 से ज़्यादा शहर बाढ़ से प्रभावित हुए।
> जुलाई 2014 में अपने पहले बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में डेवलप करने की बात कही थी। उस समय जेटली ने कहा था कि जब तक लोगों की बढ़ती संख्या को एडजस्ट करने के लिए नए शहर डेवलप नहीं किए जाते, मौजूदा शहर जल्द ही रहने लायक नहीं रह जाएंगे। उनकी बात एकदम सही थी। लेकिन दुर्भाग्य से स्मार्ट सिटी मिशन में कभी बाढ़ की रोकथाम या ड्रेनेज को प्राथमिकता नहीं दी गई।

मेगा शहर और चुल्लू भर पानी

मॉनसून और बारिश का मौसम है। उम्मीदों और जिंदगी से भरा हुआ मौसम क्योंकि पानी ही जिंदगी है, पानी ही कुदरत की नेमत है। इसके लिए हम कितनी ही दुआयें करते हैं। पानी के लिए क्या क्या टोटके नहीं कर डालते। जहां बरसात नहीं हो रही, जरा उनसे पूछिये।

लेकिन हम तो इंसान हैं। हर चीज को बर्बाद करना हमारी फितरत है। कुदरत की इसी नेमत को हमने अभिशाप बना दिया है। सिर्फ उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों के लिए ही नहीं बल्कि बड़े बड़े चमचमाते मेगा शहरों के लिए भी।

देश की राजधानी दिल्ली हो या आर्थिक राजधानी मुंबई, रईसों की नगरी गुरुग्राम हो, एजुकेशन हब पुणे हो या हाईटेक राजधानी बंगलुरु या फिर दक्षिण का केंद्र चेन्नई सब के सब मेगा शहर अब पानी से पनाह मांगने लगे हैं। इन शहरों ने बाढ़ को भी अपने से जोड़ लिया है ठीक वैसे ही जैसे हमेशा से बाढ़ से अभिशप्त बिहार और असम ने।

दिल्ली, मुम्बई और पुणे में आई बाढ़ को क्या कहेंगे? दिल्ली में लोग पानी में डूब के मर जाएं, क्या पहले ऐसा सुना था? लुटियंस की दिल्ली में रहने वाले सांसद मदद के लिए ट्वीट करने लगें, क्या ऐसा होता था? गुरुग्राम की आलीशान कालोनियों में नाव चलने लगें, क्या कभी सोचा था? पुणे शहर ठप पड़ जाए, क्या कभी कल्पना की थी? क्या हो गया है हमारे शहरों को? क्या हाल कर दिया है हमने इनका। अब तो शहरों के लिए बाढ़ एक सालाना घटना बन चुकी है। इसी मॉनसून में एक दर्जन से ज़्यादा शहर बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं।

हर मानसून मुंबई के लोगों को 26 जुलाई, 2005 के उस भयानक दिन की याद दिलाता है जब इंसानों की हरकतों और प्रकृति ने मिलकर तबाही मचाई थी। एक हज़ार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और अनगिनत दुखों के निशान रह गए।

अगर आप सोचते हैं कि 19 साल में मुंबई ने अपनी गलतियां सुधार ली हैं? तो आप सरासर गलत हैं। 2005 में मुंबई 900 मिमी बारिश से तबाह हो गई थी, वहीं 2024 में बमुश्किल 300 मिलीमीटर की बारिश ने इस मेगा सिटी के कम से कम एक तिहाई हिस्से का वही 19 साल पहले जैसा हाल कर दिया। लोकल ट्रेन, स्कूल कॉलेज, बाजार, ऑफिस बंद हो गए। फायर ब्रिगेड और पुलिस को लोगों को बचाना पड़ा।

पुणे, जिसे कभी 'स्मार्ट सिटी' का खिताब मिला था, जो स्टार्ट-अप का केंद्र कहा जाता है, वहां तो लोगों को बचाने के लिए सेना की दो टुकड़ियाँ बुलानी पड़ीं। लगभग पूरा शहर ठप हो गया।

दिसंबर 2005 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन शुरू किया था ताकि शहरों की हालत सुधारी जा सके, डेवलपमेंट को रफ्तार दी जा सके। इस मिशन के उद्देश्यों में सब कुछ था लेकिन 'शहरी बाढ़' को समस्या माना ही नहीं गया। 2010 में पहली बार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शहर की बाढ़ के संकट को पहचाना, कदम सुझाए। क्या करें और क्या न करें की लिस्ट बनाई। बीच बीच में कितनी ही कमेटियों और आयोगों ने शहरों के लिए सुझाव दिए। लेकिन नतीजा क्या हुआ? 2024 आपके सामने है। दिल्ली, मुंबई, पुणे बद से बदतर हुए हैं, बाढ़ के मामले में वो असम और बिहार बन चले हैं। दक्षिण के हाल देखिए। 2021 में सिर्फ़ दक्षिण में ही पाँच राज्यों के 30 से ज़्यादा शहर बाढ़ से प्रभावित हुए।

जुलाई 2014 में अपने पहले बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में डेवलप करने की बात कही थी। उस समय जेटली ने कहा था कि जब तक लोगों की बढ़ती संख्या को एडजस्ट करने के लिए नए शहर डेवलप नहीं किए जाते, मौजूदा शहर जल्द ही रहने लायक नहीं रह जाएंगे। उनकी बात एकदम सही थी। लेकिन दुर्भाग्य से स्मार्ट सिटी मिशन में कभी बाढ़ की रोकथाम या ड्रेनेज को प्राथमिकता नहीं दी गई। स्मार्ट सिटी मिशन में 100 शहरों में 1.64 लाख करोड़ रुपये की 8,000 से अधिक परियोजनाओं को फण्ड दे कर चलाया गया है। लेकिन बाढ़ पर कभी फोकस नहीं किया गया। कोई शहर स्मार्ट बना भी कि नहीं, ये तो एक अलग मसला है।

दरअसल, हमने कभी भी खराब प्लानिंग या जीरो प्लानिंग को शहरी बाढ़ का कारण नहीं माना है। प्रकृति को दोष देना आसान है। वही हम करते आये हैं। असम और बिहार की बाढ़ के लिए भी हम चीन और नेपाल को ही दोषी ठहराते आये हैं। हम यह मानते ही नहीं कि हमारे शहर राजनीतिक उदासीनता और सिस्टम की अराजकता के बीच फंसे हुए हैं।

भारत तेजी से शहरीकृत हो रहा है और 2050 तक इसकी शहरी आबादी में 40 करोड़ से ज्यादा का इजाफा होने की उम्मीद है। शहरों में भी जो नए इलाके डेवलप हो रहे हैं, वही सबसे ज्यादा बर्बादी झेलते हैं। गुरुग्राम से लेकर दिल्ली, बंगलुरु तक सबसे बुरी मार नए डेवलपमेंट पर ही क्यों पड़ती है? जो सिस्टम सैकड़ों साल पहले बना वो तो आज भी काम करता नजर आता है। लेकिन नए डेवलपमेंट चंद वर्षों या चंद महीनों में ही बैठ जाते हैं।

कोई नाली, नाला, ड्रेनेज सिस्टम साफ रहे भी तो कैसे। हमने सभी जगह प्लास्टिक जो ठूंस रखा है। प्लास्टिक पर बैन है फिर भी पूरे देश में हर दिन 26,000 टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। हमारी प्यारी राजधानी दिल्ली में रोजाना 1,100 टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है। मुंबई की बात करें तो पूरे महाराष्ट्र में जितना प्लास्टिक कचरा निकलता है उसका 76 फीसदी हिस्सा अकेले मुम्बई से निकलता है। मुंबई में रोजाना 800 टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। लखनऊ में ही रोज 300 टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा निकलता है। अयोध्या जिले में ही रोज 35 टन प्लास्टिक कचरा है।

पानी, बरसात कुदरत की नेमत है। बाढ़ हमारी करनी है। मनाली और रुद्रप्रयाग से लेकर दिल्ली, मुंबई तक सभी जगहों को हमने बर्बाद किया है। भले ही हम अपना कोई ढिंढोरा पीटें, अपने आईआईटी, आईआईएम, आईएएस पर सीना चौड़ा करें। लेकिन सच्चाई दिल्ली के भीड़ भरे मोहल्ले की कोचिंग में आई बाढ़ और युवाओं की मौतें ही है। बेसमेंट में बाढ़, सड़क और जलभराव और उसमें करेंट! हम जी कैसे रहे हैं? आज यही हमारी नियति रह गई है?

हम नेताओं, नीति नियोजकों और हाकिम हुक्कामों को कितनी ही लानतें भेजें कि जाओ चुल्लू भर पानी में डूब मरो। लेकिन मोटी चमड़ी वाले कभी किसी बात पर भला पानी पानी होते हैं?

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2010 में आज ही के दिन 34वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व धरोहर समिति ने जयपुर के 18वीं सदी के जंतर-मंतर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया था। 2010 में 31 जुलाई को ही बिलियर्ड प्रशिक्षक सुभाष अग्रवाल को द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुना गया था। 2007 में 31 जुलाई को ही भारतीय मूल के अमेरिकी डॉक्टर सुधीर पारिख को पाल हैरिस अवार्ड दिया गया था। 2006 में 31 जुलाई के दिन ही फिदेल कास्त्रो ने अपने भाई को सत्ता सौंपी थी। 1993 में आज ही के दिन भारत के पहले तैरते हुए समुद्री संग्रहालय का कलकत्ता में उद्घाटन हुआ था। 1992 में आज ही के दिन सितार वादक पंडित रविशंकर मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 1950 में आज ही के दिन भारत और नेपाल ने शांति और मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए थे। 1948 में 31 जुलाई को ही भारत में कलकत्ता में पहली राज्य परिवहन सेवा की स्थापना हुई थी। 1982 में 31 जुलाई को ही सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया था। 1933 में 31 जुलाई को ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम छोड़ा था। 1924 में आज ही के दिन मद्रास प्रेसिडेंसी क्लब ने रेडियो प्रसारण संचालित करने का बीड़ा उठाया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीवन में आते हैं न जाने

जीवन में आते हैं न जाने ऐसे ही कितने ही पल जब कर्म मनुज का हो जाता है बिलकुल निष्फल तब क्या हम डर जाए और कमरों में होकर बंद बस अश्रु बहायें साहस ही वह कुंजी है जिससे हर द्वार सफलता का खुलता जाय

- रामकिशोर उपाध्याय

लौट कर आया हूँ फिर

लौट कर आया हूँ फिर से तेरे दामन में, प्यार से ही सही तुम अपना अधिकार मांग लेना वक्त दरिया सा हो बह चला मैं कश्ती और तुम पतवार थाम लेना डर मत अभी सांसे, कई जिन्दा है मुझमे तुम सजनी कुछ यूँ अपना श्रृंगार मांग लेना ......

- नीरज वर्मा नीर

ख़ास पाती | छातों के भी दिन बहुरे जब काले मेघा

छातों के भी दिन बहुरे जब काले मेघा छाये लिए हाथ में रक्तिम छतरी तरुणि मचलती जाए जल में थल अरु,थल में जल से भीग रही वसुंधरा चातक मन फिर भी प्यासा सा बहक रहा जरा जरा स्वाति बूंद जो मिले उसे जो अपनी प्यास बुझाए चपल दामिनी गरज गरज नभ नाच रही मस्ती में बादल भंवरा आशिक बनकर घूम रहा बस्ती में और यौवना, राग मल्हारी अपनी धुन में गाए। दादुर और पपीहा बोलें एक ताल अरु सुर में सारंगी की रुनझुन बजती रहती है झींगुर में मस्त मयूरा ठुमक ठुमक कर पंखों को फैलाए - **रजनी रामदेव**

कहीं खंजर कहीं पत्थर रहा है मोहब्बत का

कहीं खंजर कहीं पत्थर रहा है महब्बत का यही मंजर रहा है जहां के कायदों से डर रहा है मेरे भीतर का शायर मर रहा है उसे दुनिया समझ आयेगी कैसे जो बंदा सिर्फ अपने घर रहा है ज़मीं पर क़ैद हैं सारे परिंदे वो जिनका घर कभी अम्बर रहा है उसी से हो गया है इश्क़ मुझको मुकाबिल जो मेरे अक्सर रहा है नहीं पापा रहे पर है सकूं ये मेरे सर पर भी इक छप्पर रहा है वही साधू है अब इस दौर में जो पुराने दौर में अजगर रहा है सितम दिल पर हमारे करने वालों ये फ्लावर भी कभी फायर रहा है - **राजीव कुमार**

सुनो मेरी ये 'सुनो सुनो' से परेशां

सुनो मेरी ये 'सुनो सुनो' से परेशां रहते हो न,, इक रोज़ जब ख़ामोशी मुझे ख़ामोश कर देगी तब तुम कहोगे- सुनाओ, मगर तब साँसें भी मेरी तुम्हें परेशां न करेंगी शायद तब तुम कहोगे 'सुनो' और तुम्हारे बेहद क़रीब रहकर हर वक़्त तुम्हें सुना करूँगी मैं विचारों में उतरकर,,,, सुनो तब तक तो मुझे सुनो न तुम परेशां होकर ही सही,,,, - **शुचि भवि**

तुम्हारे इंतज़ार में मैं लिखूंगी युद्धों

तुम्हारे इंतज़ार में मैं लिखूंगी युद्धों के दस्तावेजों पर मेरा प्रेम तुम्हारे लिए मिट जायेगी युद्धों की तारीखें पिघलेगा औजारों का लोहा लहरायेगा शांति का परंचम इंगित होगा जिसपर मेरा प्रेम तुम्हारे लिए तुम्हारे इन्तजार में मैं लिखूंगी रेगिस्तान की पीठ पर मेरा प्रेम तुम्हारे लिए पिघलेंगे विरह के बादल जन्म लेगी एक नदीहोगी तृप्त हर गगरी की देह गोद दूंगी पानी के हृदय पर मेरा प्रेम तुम्हारे लिए तुम्हारे इन्तजार में मैं लिखूंगी मिट्टी में धंसे पंगड़डियों पर मेरा प्रेम तुम्हारे लिए और वहां बैठे गुनगुनाऊंगी गीत वर्षा के आगमन का निराश किसानों की पुतलियां अंकुरित कर धान की पातियो पर अंकित करुंगी मेरा प्रेम तुम्हारे लिए - **सरिता शैल**

काँटों पे नंगे पाँव चलाया गया मुझे

काँटों पे नंगे पाँव चलाया गया मुझे यूँ जीने का सलीक़ा सिखाया गया मुझे महफ़िल ..में दोस्तों ने उड़ाकर मेरा मज़ाक वो हैं रसूख़दार बताया . .गया मुझे गुम हो न जाऊँ मैं कहीं झूठों के बीच में झूठों से हर समय ही बचाया गया मुझे पढ़ने का शौक मुझको तो बचपन से खूब था कागज़ , कलम कभी न दिलाया गया मुझे 'संजय' तो हर किसी का दुलारा है दोस्तो महफ़िल में इस लिए ही बुलाया गया मुझे - **संजय कुमार गिरि**

रंग बदलती दुनिया में कौन कितना

रंग बदलती दुनिया में कौन कितना रंग भरे ठीक ही कहती दुनिया जमाने के साथ चलें..! भरोसा मंहगी चीज है सहज नही स्वभाव यहाँ कोशिश सब बेकार हुई तोल-मोल औ भाव यहाँ..! कुछ अजीब सी बात है थी महफिल सजी-सजाई गुमनामी में वो शख्स हैजिसके नाम से हुई कमाई..! भीड कभी अपना नहीं कौन किसका सगा होता है बदल दे मंजर पलभर में हादसों का डर रहता है..! - **सपना चन्द्रा**

QUIZ TIME

1) महासागरों की सतह के जल का औसत तापमान लगभग कितना होता है?

2) हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023 में कौन शीर्ष पर रहे हैं?

3) प्राचीन हिन्दू विधि का लेखक किसको कहा जाता है?

4) बाल विज्ञान महोत्सव का उद्घाटन किसने किया?

5) विश्व क्रिकेट इतिहास में टाइम आउट होने वाले पहले क्रिकेटर कौन बन गए हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 27 डिग्री (2) शिव नादर (3) मनु (4) डॉ. रमन सिंह (5) एंजेलो मैथ्यूज

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। प्रातःकाल से ही किसी न किसी पारिवारिक अथवा सामाजिक कार्यो में व्यस्त रहने से कार्य क्षेत्र पर कम योगदान दे पाएंगे।

वृषः बीते दिन की तुलना में आज का दिन राहत वाला रहेगा परन्तु स्वभाव में थोड़ी गरमी आज भी बनी रहेगी लोग आपसे बात करने में झिझकेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए विषम फलदायी रहेगा। मध्यान तक का समय किसी कार्य को लेकर असमंजस में खराब होगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। पूर्व में किये परिश्रम का आज फल धन लाभ अथवा किसी न किसी रूप में अवश्यके मिलेगा।

सिंहः आज का दिन भी आपके लिये शुभ रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र पर आज विविध क्षेत्रों से लाभ के अवसर मिलेंगे।

कन्याः आज का दिन आपको मिला-जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में कई लाभ के अवसर आएंगे।

तुलाः आज के दिन का पहला हिस्सा आपके लिए उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत में थोड़ी नरमी रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए कई नए अवसर लाएगा लेकिन भाग्य भरोसे बैठने की स्थिति में परिणाम विपरीत बीबी हो सकते है।

धनु : आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में स्वभाव में जल्दबाजी रहने से कोई गलती होने की संभावना है।

मकरः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ से मध्यान तक स्वभाव को नरम रखे अन्यथा पूर्व में बनाये व्यवहार खराब हो सकते है।

कुंभः आज दिन का आधा भाग आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। आज मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने की क्षमता न्यून रहेगी।

मीनः आज का दिन आपको शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा मध्यान तक किसी भी कार्य अथवा निर्णय लेने से पहले भविष्य में मिलने वाले परिणाम को देखकर ही कार्य करे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, कारस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

1	2		3	■	4	5	■	■
6		■	7				8	■
9		10		■		■	11	
12			■	13		14		■
■	15				■		■	16
17	■		■	18			■	
19		■	■	■	■	20	21	
	■	22		23		■	24	
25			■	26				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक133का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	दू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

महिला भक्तों से की अभद्रता

भिलाई। जयंती स्टेडियम में आयोजित पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा में पुलिस अधिकारी ने महिला भक्तों से अभद्रता और धक्का-मुक्की की है। महिला पुलिस होने के बावजूद पुरुष पुलिस अधिकारी महिला के पीठ और सिर को पकड़कर धक्का देता दिख रहा है। जब महिलाओं और उनके परिजनों ने इसका विरोध किया, तो उसने सुरक्षा ड्यूटी का हवाला देकर उन्हें वहां से भगा दिया। दरअसल, मंगलवार को पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का अंतिम दिन है। इसके चलते 30 जुलाई को कथा स्थल में काफी अधिक भीड़ पहुंच गई। वीआईपी और वीवीआईपी पास धारकों को गेट नंबर एक नंदी द्वार से प्रवेश दिलाया जा रहा था। भीड़ अधिक होने से पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर गेट को बैरिकेड कर बंद कर दिया गया। भक्तों को लाइन से आने के लिए कहा गया।

खुलेआम चल रहा सट्टा व शराब

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुल नगर पालिका से कुछ दूर पर नहर किनारे खुलेआम सट्टा खिलाने के साथ ही अवैध शराब और गांजा बिक रहा है। जब यहां के पूर्व पार्षद ने इसका विरोध किया और कई जगह शिकायत की तो इस अवैध कारोबार में लगे लोगों ने उसके बूढ़े माता-पिता पर कटर से हमला कर दिया। जामुल नगर पालिका के वार्ड 4 के पूर्व पार्षद नरेंद्र देवदास ने बताया कि उसके वार्ड में उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर नहर के किनारे अवैध शराब बेची जाती है। गांजा बेचा जाता है। सट्टा खिलवाया जाता है। उसने इसका विरोध किया। इसकी शिकायत नगर पालिका पुलिस थाने में भी किया। इसके बाद से अवैध कार्य को करने वाला कृष्णा उससे दुश्मनी रखने लगा था।

नए मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

अंजोरा। ग्राम चिंगरी में पुराने और जीर्ण शीर्ण हो चुके बजरंगबली मंदिर के स्थान पर नए मंदिर के निर्माण के बाद उक्त मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस सुअवसर पर महाराज महेंद्र पांडे द्वारा विधिवत स्थापना पूजा भी की गई। यदु परिवार के दुर्गेंद यदु दम्पति द्वारा यजमान के रूप में शामिल हुए। मौके पर ग्राम सरपंच पुष्पा देशमुख, सहायक सीमा रानी, ग्राम बैगा सालिक राम लक्ष्मण यादव, किशन सेन , ईश्वरी निर्मलकर, सोनऊ राम,चेतन यादव,चित्रेश वॉगमारे,उपेंद्र देशमुख,जलेंद्र देशमुख सहित अन्य उपस्थित रहे। एक दिन पूर्व शोभायात्रा भी निकाली व भोग भंडारा का वितरण भी किया गया।

6 से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

दुर्ग। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य के निर्देशन में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में बकरी पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम का तृतीय बैच 6 से 8 अगस्त तक आयोजित हैं।

आज जनसमस्या शिविर

दुर्ग। राज्य शासन के आदेशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत में 31 जुलाई जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया है। वार्डवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चयनित स्थान पर शिविर में लगाया जाएगा। शिविर में लोग अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके लिए कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।बता दे कि 31 जुलाई को अंगार मोती सामुदायिक भवन नया पारा वार्ड क्रमांक 33 भवन में वार्ड 1 से 6 के अलावा 33, 34, 35 और 56 वार्ड नागरिको की बुनियादी सुविधाओं और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

गैस की पाइप लाइन बिछाने से फसल हो रही तबाह, विरोध में फूंका विधायक का पुतला

तहसीलदार के कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी

नव प्रदेश संवाददाता
खोमेन्द्र साहू

अंजोरा। गेल इंडिया की अधिकृत प्राइवेट कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों द्वारा लिए जा रहे हैं फसलों को तबाह कर दादागिरी पूर्वक किया जा रहा है। वही ग्राम पोटिया में काबिलकास्त भूमि पर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा रेडी मिक्स प्लांट स्थापित कर अवैध रूप से संचालित करने के विरोध में युवा कांग्रेस ने आज चेतावनी पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने प्रशासन के सामने मांग रखी की गैस पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी के मैनेजर प्रशांत गुप्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाए प्रशासन द्वारा बात नहीं मानने पर ज्ञापन के मुताबिक अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा का पुतला की अर्थी बनाकर नगर भ्रमण कराया गया और चौराहे में पहुंचकर पुतला दहन कर दिया। मामले में लगभग 200 से 300 युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे वहीं 40 से 50 पीड़ित किसान भी समर्थन में मौजूद थे। उक्त प्रदर्शन में यूकाइयो ने जमकर नारे बाजी की। इस दौरान पुलिस बल और जिला प्रशासन के लोग भी मौजूद थे।

10 के नोटों की रिश्वत देने अनोखा प्रदर्शन

उक्त मौके पर युवा कांग्रेसियों ने किसानों को प्रताड़ित नहीं करने और बिना पूछे जबरिया फेंसिंग तोड़कर फसल को बर्बाद नहीं करने के लिए ?10 की माला बनाकर तहसीलदार को देने के लिए कार्यालय की ओर आगे बढ़े जिसमें पुलिस प्रशासन ने मध्यस्थता करते हुए रोकने की कोशिश की इस दौरान हल्की धक्का मुक्की हुई इतिहास में सांकेतिक तौर पर यह प्रदेश में सम्भवतः पहला मामला है जिसमें किसी तहसीलदार को रिश्वत देने किसान 10 रुपए की नोट माला लेकर पहुंचे थे।

पीड़ित व प्रभावित किसानों में

अकबर खान, संदीप पटेल, अशोक शर्मा, संजय ताम्रकार, देवेन्द्र ताम्रकार, ओमप्रकाश, रोमनाथ, सुभाषचंद्र ताम्रकार, नारद ठाकुर, बलदेव, राजकुमार साहू, शंकरलाल साहू, खोरबाहरा देवांगन, नीलकंठ वर्मा, देवदास मार्कंडेय, हेमलाल धनकर, अरविंद नेताम दीपक साहू कार्तिक देवांगन, टिकेंद्र साहू, रुपेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम देशमुख, रघुनाथ निषाद, रखुबीर साहू, सनत साहू, गोपी वर्मा, डेविड मौजूद थे।

प्रदर्शन करने वाले में

रविप्रकाश ताम्रकार, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत साहू, विक्रांत ताम्रकार, कैलाश नाहटा, कांग्रेस नेता झुमुक साहू, ओनी महिलांग, जनपद अध्यक्ष सरस्वती रात्रे, हीरा वर्मा, संदीप पटेल, प्रकाश सिंह ठाकूर, धर्मेश देशमुख, आकाश सेन, आकाश कुर्रे, आशीष वर्मा, उमेश बंजारे, परविंदर सिंह, मुरली कृष्णा, विक्की पासवान, आरक्षित तांडी, रिंकू राजा पाल, पंकज सिकट, अशोक आडिल, सूर्यप्रकाश, अमन साहू, किशन, सागर पाल, हितेश, सोमेश, देवेंद्र, प्रशांत, डोमन, जीतू, सूरज, पूनम, पंकज, करण, दानिक, शुभम, चेतन, सूर्यप्रकाश खरे, आशीष सैलिक, सौरभ सैलिक, जवाला गायकवड़, संजू सैलिक, हिमेश बंजारे, समीर सैलिक, हिमांशु जोशी, पंकज सिंह, सत्यप्रकाश कौशिक, विकास साहू, छत्रपति देवांगन, दीपाँकर साहू आदि उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस मॉडल पर फोकस करें अधिकारी : कलेक्टर ऋचा

- विभागों में लंबित पेंशन प्रकरण का कराएं निराकरण
- समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा व ऑफिसों में ई-फाईल सिस्टम पर जोर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में स्वच्छ भारत मिशन ओ.डी.एफ प्लस मॉडल पर फोकस करें अधिकारी। जिले को ओ.डी.एफ प्लस श्रेणी में शामिल करने हेतु स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यों के मॉनिटरिंग का कार्य अधिकारियों को सौंपे गये हैं। निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन तथा सूखा एवं लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट के साथ नालियों एवं सड़कों की सफाई और परिवार के सदस्यों द्वारा शौचालय का उपयोग आदि का निरीक्षण किया जाना है। इसी प्रकार नगरीय निकायों में भी स्वच्छता संबंधी कार्य हो रहे है कि नहीं इसका अवलोकन किया जाना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न हो, सड़क आदि स्वस्थ्य हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को 05 अगस्त तक क्षेत्र भ्रमण कर चेक लिस्ट के अनुसार जानकारियां संग्रहित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निराकृत प्रकरणों के संबंध में जानकारियां ली। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभागों में विशेषकर शिक्षा, लोक निर्माण विभाग एवं पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने ऑफिसों में ई-फाईल सिस्टम पर जोर देते हुए शासन के मंशा अनुरूप अधिकारियों को डिजीटल सिस्टम पर विशेष ध्यान देने कहा। स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन हेतु स्कूलवार तिथियां निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण कर सभी बच्चों का आधार अपडेशन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में संचालित जलशक्ति अभियान, मौसमी बीमारियां- मलेरिया, डेंगू, डायरिया की रोगथाम हेतु फाईट द बाईट कार्यक्रम और जल संरक्षण हेतु वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारियां ली। नगरीय निकायों में सभी शासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूरी है। बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा डिजीटल मैनुअल ऑफिस सिस्टम, फाइल मैनेजमेंट सिस्टम और ई-फाईल प्रोसेस के संबंध में अधिकारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, आयुक्त देवेश ध्रुव, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिपं सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर बीके दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं विजेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

बीएसपी व क्रेडा लगाएगी मैत्रीबाग में 200 केव्ही सोलर पावर प्लांट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के ग्रिड से जुड़े सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए, बीएसपी और क्रेडा के संयुक्त तत्वाधान में 30 जुलाई को मैत्री बाग में भूमिपूजन किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने मैत्री बाग में 200 केव्ही सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक नगरसेवाएं और सीएसआर जेवाई सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संदीप माथुर, महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन, महाप्रबंधक ईडी-एचआर सचिवालय एच शेखर, महाप्रबंधक नगर सेवाएं विष्णु पाठक, एसई क्रेडा भानुप्रताप, जिला प्रभारी रवींद्र देवांगन, एई क्रेडा नितेश बंछोर, वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कामड़े, उपप्रबंधक सीएसआर कमल वर्मा सहित सीएसआर और टाउनशिप विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने कहा कि इस परियोजना की परिकल्पना कुछ महीने पहले की गई थी। अगर यह परियोजना हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करती है, तो हम इसे अन्य स्थानों पर भी दोहरा सकते हैं। उन्होंने इस परियोजना में शामिल सभी संबंधित एजेंसियों को बधाई दी। जेवाई सपकाले ने कहा कि यह परियोजना ग्रीन एनर्जी में हमारे विश्वास को बढाती है। त्वरित स्वीकृति और प्रगति के कारण यह सभी के लिए एक यादगार परियोजना होगी। क्रिस्टलीय सौर फोटो वोल्टीक मॉड्यूल लगभग 800 यूनिट प्रति दिन और लगभग 24000 यूनिट प्रति माह उत्पन्न करेगा। परियोजना में संयंत्र को इतनी ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा। मैत्रीबाग में हिरणों के लिए चारा भी सोलर पावर प्लांट के नीचे सुरक्षित रहेगा। स्विक्सोल सिस्टम्स के प्रांजल पांडेय ने उपस्थित सदस्यों को सोलर पावर प्लांट परियोजना के बारे में जानकारी दी।

कोर्ट ने एएसआई के खिलाफ जारी किया वारंट

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में गवाही के लिए अदालत में पेश नहीं होने वाले एक एएसआई के खिलाफ फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। न्यायालय ने एएसआई राजेंद्र देशमुख को 5 बार समन जारी किया, लेकिन वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। दुर्ग जिला न्यायालय में फास्ट-ट्रैक स्पेशल कोर्ट की न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी की कोर्ट एक नाबालिग के अपहरण और उससे छेड़छाड़ के मामले सुनवाई कर रही है। इस मामले में कृपाल नगर निवासी आरोपी सुखवंत सिंह और लक्ष्मी यादव को नाबालिग का अपहरण और उससे छेड़छाड़ और पॉस्को के मामले में पुलिस ने आरोपी बनाया है। इस मामले में आरोपी सुखवंत सिंह छह महीने जेल सजा भी काट चुका है और जमानत पर है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने से कोर्ट ने मामले में गवाही के लिए दुर्ग पुलिस के एएसआई राजेंद्र देशमुख को गवाही के लिए पेश होने का समन जारी किया था।

तीन बार जमानती वारंट जारी किया

मामले में एएसआई की गवाही काफी अहम मानी जा रही है। कोर्ट ने समन और तीन बार जमानती वारंट जारी किया, लेकिन एएसआई राजेंद्र देशमुख एक भी बार कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस पर न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जाहिर की। एएसआई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश जारी किया है। न्यायालय ने 14 अगस्त को एएसआई को कोर्ट में पेश होने का वारंट जारी किया है।

इंजीनियर ने कार से पत्नी को 200 मीटर घसीटा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक युवक चलती कार से अपनी पत्नी को करीब 200 मीटर तक घसीट ले गया। पत्नी और बीमार सास से मारपीट की। इसके बाद धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिसके चलते पत्नी के पैर पर कार का पहिया चढ़ गया। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-5 निवासी प्रियंका सिंह 24 की शादी जून 2023 में सेक्टर-4 निवासी रजत प्रताप सिंह से हुई थी। शादी के दो महीने बाद दोनों के बीच पारिवारिक विवाद शुरू हो गया। इसके चलते प्रियंका करीब 4 महीने से अपने मायके में रह रही है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि, उसकी मां सेक्टर-9 स्थित अस्पताल में भर्ती थी। वह सोमवार शाम को उन्हें डिस्चार्ज कराकर घर लौट रही थी। अस्पताल से वह ऑटो में सेक्टर-5 के पास चौक पर उतरी। इसी दौरान पति रजत पहुंच गया और विवाद करने लगा।

कार में बैठने कर रहा था जिद

रजत ने प्रियंका और उसकी मां को जबरदस्ती कार में बैठाने का प्रयास किया। जब प्रियंका नहीं बैठी, तो बीमार सास को कार में बैठा लिया। इसे लेकर दोनों के बीच वाद बढ़ गया। प्रियंका का कहना है कि, वह चालक के बगल में बैठी अपनी मां को उतारने के लिए कह रही थी, लेकिन रजत मान नहीं रहा था। प्रियंका को भी बैठाने पर अड़ा था।

कुछ महीने पहले हुई थी पिटाई

पुलिस के मुताबिक, कुछ महीने पहले भी प्रियंका और रजत के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद प्रियंका के परिजनों ने रजत पर हमला कर उससे मारपीट की थी। थाने में आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है। सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी का कहना है कि, मामला पति-पत्नी आपसी विवाद का है। लिखित शिकायत मिली है। अभी मामला दर्ज नहीं कराया गया है। केस दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

बकाया राशि जमा करने लगाया लोन मेला

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पीएम आवास योजना शहरी के मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत स्लम क्षेत्र में किरायेदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारो को आबंटित मकान दिलाने के लिए लोन मेला लगाया गया। लॉटरी सिस्टम के द्वारा 815 आबंटितो को मकान आबंटित किया गया। जिसमे 611 हितग्राहियों के द्वारा आवास आबंटन का पूर्ण राशि जमा नही किया गया। उनके द्वारा अभी तक केवल 10 प्रतिशत राशि जमा किया। शेष राशि उनके द्वारा जमा नहीं कर पाने के कारण मकान का आधिपत्य नहीं मिल पा रहा है। हितग्राहियो की सुविधा के लिए नगर निगम के पहल पर बैंकों के साथ संयुक्त डॉ.बीआर अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन गौरव पथ बैकुण्ठधाम में बैंक के माध्यम से लोन मेला का आयोजन किया गया। हितग्राहियो को व्यक्तिगत फोन करके एवं समाचार पत्रो के माध्यम से भी सूचना प्रदान की गई। हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त करके मकान हेतु निर्धारित राशि जमा कर सकते है, जमा करने के बाद उन्हे अधिपत्य प्रदान किया जाएगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी 611 हितग्राहियो से अपील की है कि शीध्र शेष राशि जमा कर मकान का अधिपत्य प्राप्त कर ले। एक समय अवधि के पश्चात आबंटित मकान निरस्त हो जायेगा, अन्य जरूरतमंद को नियमानुसार आबंटित कर सकते है। प्रभारी योजना अधिकारी विद्याधर देवांगन ने बताया लोन की प्रक्रिया एकदम सरल है। 24 घंटे के अंदर लोन प्राप्त हो जायेगा। अपनी क्षमता के अनुसार लोन प्राप्त कर सकते है किराये में निवासरत हितग्राही घर के किराये के रूप में देते है उतनी राशि बैंक को किश्त देके मकान प्राप्त कर सकते है।

शिविर में मिलेगा आवास योजना का फार्म

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का तत्काल निराकरण करा सकते है। शिविर स्थल पर ही पीएम आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निगम के विभिन्न परियोजना स्थल पर निर्मित आवासो के आबंटन हेतु शासन के निर्धारित आवेदन पत्र का विक्रय किया जा रहा है। नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नए राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वनिधि में लोन की सुविधा, पानी, बिजली, नाली समस्या, जल निकासी, लाईट नहीं जलना, आदि सभी प्रकार के आवेदन भर सकते है। अपनी समस्याओ का निराकरण भी करा सकते है। नागरिक इन सभी आवश्यकताओ को लेकर नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में आना पड़ता है। शिविर के माध्यम से अपने वार्ड में ही अपनी समस्याओ का समाधान करवा सकते है। निवासरत ऐसे परिवार जो किराये में निवास करते है या जिनके पास स्वयं का मकान उपलब्ध नहीं है। उनके लिए शिविर स्थल पर निर्धारित आवेदन शुल्क सौ रूपये जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। शिविर स्थल पर प्राप्त किये गये आवेदन पत्र में मांगे गये दस्तावेज संलग्न कर मुख्य कार्यालय के 16 नम्बर कक्ष के काउन्टर पर जमा किया जाना है। आवेदन पत्र जमा करने का समय प्रातः 10:30 से 4 बजे तक जमा किया जाना है।

औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में एक जून से 30 जुलाई तक 352.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 589.7 मिमी पाटन में तथा न्यूनतम 237.7 मिमी बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा दुर्ग में 317.4 मिमी, धमधा में 252.3 मिमी, भिलाई 3 में 315.4 और अहिवारा में 404.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 30 जुलाई को दुर्ग, धमधा, पाटन, भिलाई-3, अहिवारा में 0.0 मिमी एवं बोरी में 6.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

शिविर में मिले आवेदन पर बंद स्ट्रीट लाइट को कराया शुरू

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम क्षेत्र में मोर संगवारी योजना के तहत घर पहुंच सेवा शुरू हो गई है। विधायक ललित चंद्राकर ने घर पहुंच सेवा के लिए संगवारी को शिविर स्थल से रवाना किया। दरअसल जय जितेन्द्र डेलीनिड्स के संचालक ने शिविर में गुमास्ता बनाने आवेदन प्रस्तुत किया था। वार्ड 17 दुर्गा मंच में आयोजित शिविर में आवेदन मिलते ही निगम के अधिकारियों ने आवेदन का निराकरण करते तत्काल घर पहुंच सेवा आरंभ कराया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अब लोगों को डबल इंजन सरकार घर पहुंच सेवा आरंभ की है। केवल 50 रूपए में यह सुविधा दी जा रही है। संगवारी के माध्यम से राशन कार्ड, जन्म - मृत्यु, विवाह, गुमास्ता जैसे प्रमाण पत्र घर पहुंचाकर दिया जाएगा। विधायक ने कहा जनसमस्या निवारण शिविर को इसलिए आयोजित किया जा रहा है कि आम नागरिकों को भटकना न पड़े। शिविर में 139 मांग आवेदन में से 46 का निराकरण किया गया। इसी तरह 13 शिकायतों में 3 का निराकरण किया गया। शिविर का निरीक्षण महापौर शशि सिन्हा ने की। इस दौरान वे प्रत्येक स्टॉल तक पहुंची। नागरिकों से चर्चा की। इस दौरान परिषद सद्स्य चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रेखा देवी, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, विनय नेताम, धर्मेन्द्र भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, महामंत्री राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

निगम ने 11 से वसूले 4 हजार जुर्माना

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 1 से 60 वार्डो में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में मौसमी बीमारी को देखते हुए सभी वार्डो में होटलों का संघन जाँच किया गया एवं प्रतिबंधित झल्ली पन्नी की जब्ती कर कार्यवाही किया जा रहा है। आज होटलों में जांच के दौरान गंदगी मिलने पर होटलों के संचालक को पड़ गया 11 लोगो से 4 हजारा जुर्माना वसूल किया गया है। कार्यवाही के मौके पर सफाई दरोगा सुरेश भारती, स्वच्छता निरीक्षक, परमेश्वर, सुपरवाइजर,महेंद्र धर्मकार, ऋषभ सोनी, कन्हैया तामिया, शोएब खान इत्यादि मौजूद रहें।

जान जोखिम में डालकर लोग पार कर रहे हैं रेल्वे पटरियां

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। निकटवर्ती ग्राम कुगदा के पास रेल्वे फाटक मरम्मत के लिए पिछले सप्ताह भर से बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को आने जाने में बेहद तकलीफ हो रही है। विगत 24 जुलाई से यहां मरम्मत का काम चल रहा है और सूचना के मुताबिक 27 जुलाई की रात 8 बजे इसे पूर्ण कर आवा जाही सामान्य करने की सूचना दी गई थी लेकिन अबतक यह कार्य पूर्ण नही हो पाया है। ग्राम कुगदा निवासी पूर्व ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष रोहित कुर्रे ने इस बात पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि रोज सैकड़ों की तादाद में गांव के लोग रोजगार एवं पढ़ाई के लिए बच्चे कुम्हारी स्कूल जाते हैं। मार्ग के बाधित हो जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर रेल पटरी पार कर रहे हैं। गौरतलब है कि ग्राम कुगदा मुख्य बाजार है और बच्चों के लिए स्कूल कॉलेज भी इसी रास्ते जाना पड़ता है। रेल्वे के इस मरम्मत कार्य में विलंब के चलते आमजनों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कुम्हारी आने के लिए ग्राम उरला से होकर मुख्य मार्ग से होते हुए जाना पड़ रहा है। जो कि बच्चों और और बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण है साथ ही पैदल और सायकल सवार जान जोखिम में डालकर पटरी पारकर रहे हैं। रेल्वे द्वारा 27 तक कार्य समाप्त कर रास्ता खोलने की सूचना दी गई थी। जो कि सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी अबतक कार्य पूर्ण नही हो पाया है। वहीं रेल्वे के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभी कुछ दिन और लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ेगा क्योंकि बालोद में भी मरम्मत कार्य चल रहा है और कर्मचारी वहां कार्य मे लगे हुए हैं। ऐसी स्थिति में यह कह पाना मुश्किल है कि यह मरम्मत कार्य कबतक पूर्ण होगा। वहीं उरला मार्ग से आवागमन इस बारिश के मौसम में लोगों को तकलीफ है क्योंकि वहां अधिक बारिश में अंडरब्रिज में पानी भर जाता है जिससे पैदल और मोटर सायकल वालों को बहुत दिक्कत होती है ऐसे में फाटक के बंद हो जाने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

विश्व आदिवासी दिवस पर सम्मानित होंगी विशिष्ट विभूतियां

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त को राजधानी में जनजाति समाज की विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। जनजाति समाज की विभूतियां जिन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, ट्राइबल आर्ट, खेल-कूद, कृषि और चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति, अपने नाम, विशिष्ट उपलब्धि, बायोडाटा, मोबाईल नंबर, जिले आदि की विस्तृत जानकारी के साथ कलेक्टर कार्यालय के आदिवासी विकास शाखा कक्ष क्रमांक-40 में 02 अगस्त तक जमा कर सकते हैं।

राज्य में लक्ष्य का 81% बोनी पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुका है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 39.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है।

जनसमस्या निवारण शिविरों में मिल रहे आवेदनों को निराकृत करने बनाएं प्रभावी व्यवस्था : साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से शुरू हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जनसमस्या निवारण शिविरों में मिल रहे आवेदनों को निराकृत करने प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को जन अपेक्षाओं के अनुरूप काम करने को कहा। उन्होंने शहरों की समस्याओं के निदान और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए व्यापक हित में योजना बनाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत आयोजित वार्डवार शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में आयोजित किए जा रहे शिविर आवेदन लेने का शिविर नहीं है। आवेदनों का तत्परता से निराकरण इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य है। श्री साव ने सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शिविरों में सकारात्मक परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने ज्यादा संख्या में मौके पर ही लोगों की समस्याएं निराकृत करने वाले नगरीय निकायों की पीठ थपथपाई और हौसला अफ्जाई की। उन्होंने बांकी बचे दिनों में भी जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए। शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए राशि जारी करने की बात भी कही। उप मुख्यमंत्री साव ने शिविरों के अनुभव के आधार पर कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने शिविरों में स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, जिससे कि लोगों को अपने वार्ड में आयोजित हो रहे शिविर के बारे में पहले से जानकारी हो और वे अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर में पहुंच सके। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के शुरूआती तीन दिनों में प्रदेश भर में कुल 19 हजार 598 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 17 हजार 310 आवेदन मांगों से और 2288 आवेदन शिकायतों से संबंधित हैं। शिविरों में प्राप्त हुए करीब 40 प्रतिशत यानि 7747 आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया है। इस दौरान प्राप्त 1092 आवेदनों के दूसरे विभागों से संबंधित होने के कारण निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर में 104 आवेदनों का त्वरित निराकरण

हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलौद में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और उनकी समस्याओं को दर्ज करने के बाद निराकरण किया गया। शिविर में विधायक श्री इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व एसएसपी श्री संतोष सिंह शिविर में शामिल हुए और उन्होंने हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। पलौद के जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जहां पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर आवेदन के माध्यम से प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान 104 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसमें 4 शिकायत के मामलों का भी निराकरण हुआ। जनसमस्या निवारण शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस योजना समेत विभिन्न प्रकार आवेदन प्राप्त हुए गए। अन्य आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को भेज दी गई है।

प्रधानमंत्री ई बस सेवा की राज्य स्टेयरिंग समिति की बैठक में सुविधाओं पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिए बसों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि शहरों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत राज्यों को शहरो के लिए जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसके संबंध में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी (एसएलएससी) की प्रथम बैठक 30 जुलाई 2024 को आयोजित की गई। समिति द्वारा रायपुर हेतु 100 मिडी ई बस, दुर्ग भिलाई हेतु 50 मिडी ई बस, बिलासपुर हेतु 35 मिडी तथा 15 मिनी ई बस और कोरबा हेतु 20 मिडी तथा 20 मिनी ई बसों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बीटीएम और बस डिपोट सिविल अधोसंरचना हेतु राशि रूपए 70.34 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये जाने का अनुमोदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। केंद्र सरकार की मंशा है कि यह योजना शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित हो ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले। ई-बस सेवा से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार तथा पर्यावरणीय संरक्षण के साथ-साथ कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता एवं आरामदायक सुखद यात्रा प्राप्त होगा। बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस, विशेष सचिव वित्त श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

पीएम आवास योजना शहरी की स्वीकृति एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय महानदी भवन में पीएम आवास योजना शहरी के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवास के निर्माण की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का आबंटन करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास योजना शहरी के अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं हेतु भारत सरकार के प्रेषित उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जीएफआर, एक्शन टेकन रिपोर्ट सहित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने दी। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के करीब 156 नगरीय-निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक हितग्राहियों द्वारा स्वयं आवास निर्माण के अंतर्गत 937 परियोजनाओं में एक लाख 50 हजार 898 आवास स्वीकृत किए गए है।

किसानों को लक्ष्य का 80 प्रतिशत रासायनिक खाद वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में चालू खरीफसीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 29 जुलाई 2024 की स्थिति में किसानों को 10 लाख 89 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है।

वितरित किए गए उर्वरक में 5 लाख 22 हजार 787 मीट्रिक टन यूरिया, 2 लाख 45 हजार 674 मीट्रिक टन डीएपी, एक लाख 34 हजार 752 मीट्रिक टन एनपीके, 46 हजार 860 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 39 हजार 114 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण शामिल है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 14 लाख 56 हजार मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध 10.89 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खाद-बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

18 लाख आवास छोड़िए, एक भी आवास के लिए किस्त गई हो तो सरकार बताए : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा के केंद्र और राज्य के मंत्री झूठ बोल रहे हैं और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा है कि विधानसभा के भीतर मंत्री स्वीकार कर चुके हैं कि 18 लाख आवास की बात करने वाली सरकार ने आज तक किसी भी हितग्राही को एक भी आवास के लिए एक भी किस्त जारी नहीं की है। उन्होंने कहा है कि पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास स्वीकृत करने के विज्ञापनों और प्रचार से लोगों को आवास नहीं मिलेगा. उन्होंने कहा कि मीडिया और जनसंपर्क विभाग के ज़रिए कुछ भी छपवा कर भ्रम ही पैदा किया जा सकता है इससे सच्चाई नहीं बदलती। श्री बघेल ने कहा है कि यदि केंद्र की सरकार ने दावा किया था कि वर्ष 2022 तक सबको आवास मिल जाएगा तो फिर तीन करोड़ नए आवास की बात कहां से आ गई. उन्होंने सवाल पूछा कि यदि नई जनगणना हुई नहीं है तो ये तीन करोड़ का आंकड़ा कहां से आया?

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने बजट में आवास के लिए धनराशि रखी थी, जब केंद्र ने पैसा नहीं भेजा तो हमने 7.5 लाख लोगों को पहली किस्त जारी भी कर दी थी।

उद्योगों की बिजली महंगी करना सरकार का मूर्खतापूर्ण निर्णय

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में लोहा उद्योग बंद करने के व्यापारी के निर्णय को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा है कि लोहा उद्योग छत्तीसगढ़ की रीढ़ है और उनकी बिजली महंगी करना विष्णुदेव सरकार का मूर्खतापूर्ण निर्णय है. उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उद्योगपतियों को ग़लतफ़हमी हो गई है तो वे बिजली का बिल देख लें वे समझ जाएंगे कि दरअसल ग़लतफ़हमी सरकार को हुई है।

बृजमोहन संघ से पूछे एससी, एसटी को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाते?: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से यह पूछने की किसी एससी, एसटी, ओबीसी को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बृजमोहन सहित पूरी भाजपा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा संसद में उठाये जा रहे जनहित के मुद्दो से तिलमिला जाती है। राहुल गांधी संसद में देश के मजदूरों, किसानों, एससी, एसटी, ओबीसी, महिला ओबीसी की आवाज बुलंद कर रहे है तो भाजपा को पीड़ा हो रही है। बौखलाहट में भाजपा के सांसद अनर्गल बयानबाजी करने लगते है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल को एससी, एसटी, ओबीसी की इतनी ही चिंता है तो वे बताये के भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस में आज तक किसी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया?

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना

(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक दीपक विशाल बारले आ. श्री ठाकुरराम बारले जाति सतनामी उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12 गंजपारा बालोद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका खेमिन निषाद आ. श्री लालसिंह निषाद जाति केंवट उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम पटेली, थाना व तह. डौण्डी, जिला बालोद(छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 20.08.2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 26/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि 20/08/2024

सील

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ...... ब-121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कांचरी प.ह.नं. 10 को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक पिता साम्हु निवासी ग्राम कांचरी प.ह.नं. 10 को सूचित किया जाता है कि आवेदक के माता श्यामबाई साहू जन्म/मृत्यु दिनांक 02/12/2003 को ग्राम कांचरी को हो जाने से मृत्यु प्रमाण जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/08/24 को स्वयं या किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 29/07/24 को जारी किया जाता है।

सील

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
एवं नायब तहसीलदार
साजा, जिला -बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत नवागढ़, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक/303/लो.नि.वि./न.पं./2024 नवागढ़, दिनांक 30/07/2024

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत नवागढ़ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न दर्शित कार्यों का सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा प्रपत्र ''एबीसी'' पर तीन लिफाफा पद्धति में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सीलबंद लिफाफा दिनांक 21/08/2024 दोपहर 03.00 बजे तक निविदा दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा निर्धारित समयावधि पश्चात उपस्थित निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधियों के उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोला जावेगा।

1.	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि	12/08/2024 अपरान्ह 02.00 बजे तक
2.	परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक	14/08/2024 अपरान्ह 02.00 बजे तक
3.	कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की दिनांक	21/08/2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक
4.	निविदा खोलने की तिथि	21/08/2024 अपरान्ह 04.00 बजे के बाद

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि
1	महाराणा प्रताप चौक में मूर्ति स्थापना कार्य (12 फीट ऊंचा)	9.00	6750.00

शर्तें :- निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा/डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नवागढ़

SWACHH SURVEKSHAN | TULIP

कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक/668/लो.नि.शा./न.पा.प./2024 अमलेश्वर, दिनांक 30/07/2024

स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र.	ईंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
01	12 सप्ताह	07.08.2024	4500.00	02	9753674740

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आनलाईन आवेदन https://intrenship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/ पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किए जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

यूनियन बैंक Union Bank — 1. प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर 2. राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

[illegible]

श्री [illegible] एवं श्रीमती [illegible], शाखा प्रियदर्शिनी नगर	मकान नं. 31, [illegible] अमलेश्वर, रायपुर छत्तीसगढ़ [illegible]	22.05.2024 / ₹ 28,72,338.93 + ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 29.07.2024
श्री संजय कुमार [illegible], शाखा राजनांदगांव	[illegible] 130/97 [illegible] प.ह.नं. 42, [illegible] नं. 15, [illegible] राजनांदगांव [illegible] भूमि।	06.02.2024 / ₹ 26,07,852.75 + 01.11.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 26.07.2024
मेसर्स [illegible] ट्रेडर्स, प्रोप. [illegible] साहू, शाखा राजनांदगांव	ख.नं. 130/96, प.ह.नं. 42, [illegible] वार्ड नं. 15, [illegible] राजनांदगांव- 491441, [illegible] 1046 वर्गफीट।	13.03.2024 / ₹ 18,09,473.02 + 21.02.2024 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 26.07.2024

दिनांक: 30.07.2024 — प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Bhilai Institute of Technology, Durg
BHILAI HOUSE, DURG-491001 (CG)
Phone : (0788) 2359163, Fax : 2359424

ADMISSION NOTIFICATION : 2024-25

No. BIT/2024/MQ/02 — Date : 30.07.2024

Applications are invited for admission to various courses under Management Quota : for the academic session 2024-25

B. Tech.	4 Years
M. B. A.	2 Years
M. C. A.	2 Years

Admission and reservation rules applicable as per the guidelines of DTE, Raipur. Interested students can submit application to Admission Office if BIT-Durg latest by 10.08.2024. Seats will be allotted on merit basis as per DTE guidelines.

Principal

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिदाई......

राज्यपाल को शपथ कौन दिलाएगा इसका नियम तय है। भारत के संविधान अनुच्छेद 159 अनुसार राज्यपाल को राज्य के हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति ही शपथ दिलाते हैं। इस वक्त बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश सिन्हा हैं।

वायनाड में भूस्खलन...

बोस ने कहा, हम इस त्रासदी से बहुत दुखी और स्तब्ध हैं...हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं...इस कठिन समय में पूरा भारत एक साथ खड़ा होगा और संकट में फंसे लोगों को बचाने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह करेगा... मैं सभी संबंधित लोगों के संपर्क में हूं...मैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी लोगों की मदद करने का अनुरोध कर रहा हूं...जो भी आवश्यक होगा, निश्चित रूप से बिना देरी किए किया जाएगा। मैं वायनाड जाने की योजना बना रहा हूं।

केरल में भूस्खलन, मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केरल के वायनाड में भूस्खलन में जन-धन की हानि पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मोदी ने इन हादसों में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

शाह ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन...

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बात कर वायनाड में भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

राजनाथ ने बचाव अभियान के लिए सेना प्रमुख से बात की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से बात कर केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की बड़ी आपदा से निपटने के लिए चलाये जा रहे बचाव अभियान के बारे में जानकारी ली है।

इस ओलंपिक में दो पदक....

वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने हमें बेहद गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें और सरबजोत सिंह को भविष्य में और अधिक उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं देती हूं।

आज भारत दुनिया की पांचवीं ...

का नहीं है यह बदलाव कॉन्फिडेंस का है।

भारत बहुत सधे हुए कदमों से ...

तब सबसे बड़ा प्रश्न यही था इकोनॉमी को कैसे वापस पटरी पर लाएं। 2014 से पहले ही फ्रेजाइल फाइव वाली स्थिति और लाखों करोड़ों के घोटाले के बारे में यहां हर कोई पता है। इकोनॉमी की क्या स्थिति थी इसकी बारीकियां सरकार ने श्वेत पत्र जारी के बताई है। मैं उसके विस्तार में नहीं जाऊंगा। पीएम ने कहा कि आप जैसे संगठन (सीआईआई) उस पर जरूरत के अनुसार अध्ययन करें उस पर डिबेट करें कि हम कहां खड़े थे और कैसी बीमारियों की शिकार हो गए थे?

जाति जनगणना: राहुल की जाति पर...

और आदिवासियों की बात करता है उसे गाली खानी पड़ती है. मैं ये गालियां खुशी से खाऊंगा। महाभारत की बात हुई तो महाभारत में अर्जुन को मछली की आंख दिख रही थी, मुझे भी मछली की आंख दिख रही है। जाति जनगणना हम करा कर रहेंगे। अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है। मेरी बेइज्जती की है, लेकिन में उनसे माफी की मांग नहीं करता हूं। मैं लड़ाई लड़ रहा हूं और मुझे उनसे माफी की कोई जरूरत नहीं है। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री हैं, बड़े दल के नेता हैं। शकुनी, दुर्योधन तक ये ले आए, लेकिन आप जाति कैसे पूछ सकते हैं. जाति नहीं पूछ सकते हैं।

रायपुर पहुंचे पूर्व राज्यपाल बैस : राजनीतिक ...

कहा कि, सक्रीय राजनीति में उतरूंगा या नहीं इसका फैसला पार्टी करेगी। मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं और जो आदेश होगा, वहीं काम करूंगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चक्रव्यूह वाले बयान पर उन्होंने कहा कि, राहुल पहले महाभारत तो पढ़ लें उसके बाद ऐसा कोई बयान दें।

गुमराह कर शादी करने और...

तो दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसी तरह, सामूहिक धर्म परिवर्तन पर भी आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा होगी।

यूपी सरकार ने सोमवार को विधानसभा में यह विधेयक पेश किया था जिसे मंगलवार को पास कर दिया गया। अब इसे विधान परिषद को भेजा जाएगा।

कानून में क्या नए बदलाव ...

पर भी आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा होगी। विदेशी या गैरकानूनी संस्थाओं से फंडिंग हासिल करने पर 14 वर्ष तक की सजा और 10 लाख जुर्माने का प्रावधान किया है। यदि कोई धर्म परिवर्तन के लिए किसी व्यक्ति के जीवन या संपत्ति को भय में डालता है, हमला या बल प्रयोग करता है, शादी करने का झूठा वादा करता है, प्रलोभन देकर किसी नाबालिग, महिला या व्यक्ति की तस्करी करता है, तो उसे न्यूनतम 20 साल की सजा होगी। इसे ताउम्र तक बढ़ाया जा सकेगा।

न्यूज गैलरी

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जेरियाट्रिक हेल्थ कैम्प

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर लमगांव द्वारा संचालक आयुष के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशि बाला जायसवाल के निर्देशन में सोमवार को लमगांव साप्ताहिक बाजार के दिन जेरियाट्रिक हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी द्वारा डॉ. एस.के. मंदिलवार ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के 70 मरीजों का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गई।इस दौरान वृद्धावस्था में मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन, खानपान, योग एवं जीवन शैली, बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में फार्मासिस्ट देवनाथ राम, औषधालय सेवक राजेश कुमार एवं श्री दिनेश मानिकपुरी ने अपनी सेवाएं दीं।

जन सुविधाओं का विस्तार एवं क्षेत्र का विकास है हमारी प्राथमिकता : भावना

■ **डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा पंडरिया विधानसभा**

कवर्धा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अनुपूरक बजट में विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए अपना विजन रखा वहीं प्रदेश के लगभग सभी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए राशि का आवंटन किया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का विकास भी दुगुनी गति से हो रहा है।कांग्रेस के शासनकाल में 5 वर्षों तक प्रदेश में विकास की गति पूर्ण रूप से थम गई थी, केवल भ्रष्टाचार और घोटाले हो रहे थे, लेकिन अब प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से विकास और सुशासन स्थापित हुआ है। प्रदेश का हर व्यक्ति एवं वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

भावना बोहरा ने बताया कि अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी जी द्वारा पंडरिया विधानसभा को विकास की सौगात देने के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूँ। अधोसंरचना, मनरेगा श्रमिकों, आंगनबाड़ी निर्माण और सड़कों के विस्तार हुए पंडरिया विधानसभा को करोड़ों को सौगात मिली है। बजट में पंडरिया विधानसभा में 40 नए आंगनबाड़ी के निर्माण हेतु 4 करोड़ 67 लाख 60 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है। वहीं मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों के हित को देखते हुए जनपद पंचायत पंडरिया में 6 करोड़ 93 लाख, जनपद पंचायत कवर्धा में 88 लाख 21 हजार, जनपद पंचायत लोहारा में 87 लाख 45 हजार के कुल 8 करोड़ 68 लाख 73 हजार के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विस्तार हेतु मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत पंडरिया विधानसभा में अंतर्गत 129.37 लाख की लागत से नयापारा ठाठापुर (रामपुर) से मोहभट्ठा तक 1 कि.मी. 123.26 लाख की लागत से मोहभट्ठा से भीखमपुर तक 0.85 कि.मी., ग्राम रगरा से गौरमाटी तक 2.40 कि.मी. सड़क हेतु 265.91 लाख रुपए, 1028.61 लाख की लागत से ग्राम पिपरटोला से छिंदीडीह 4.10 कि.मी. तथा ग्राम करपीकला के बाजार चौक से ग्राम पंचायत अमलडीहा तक 3.20 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य के लिए 336.19 लाख रुपए की स्वीकृत दी गई है।

विधायक निधि एवं अन्य मद से विकास कार्य स्वीकृत

विधायक भावना बोहरा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विधायक निधि से पंडरिया विधानसभा हेतु सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, नाली निर्माण, आदिवासी समुदायिक भवन,मुक्तिधाम निर्माण, प्रतीक्षालय, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 41 लाख रुपए से अधिक की अनुदान राशि को स्वीकृति मिली है। कृषि मंडी बोर्ड द्वारा भी पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की सुविधा व सुगम आवागमन हेतु 55 से अधिक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु लगभग 6 करोड़ 12 हजार रुपए से अधिक की अनुदान राशि को स्वीकृति मिली है। कृषि एवं कृषक कल्याण के उद्देश्य से पंडरिया विधानसभा अंतर्गत गन्ने की खेती करने वाले किसानों को भी बड़ी सौगात बजट में मिली है।

बारिश से सेमरिया और मटिया मार्ग हुआ ध्वस्त

■ **विधायक इंद्र साव ने मरम्मत के दिए निर्देश**

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चार दिवस तक हुई झमाझम बारिश के बाद अनेक गांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़के जहां ध्वस्त हो गई वही कई सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे निकल आए,जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मिलने पर विधायक इंद्र साव ने तत्काल अधिकारियों को सड़को को ठीक और दूरस्त करने का निर्देश दिया है।

शहर और ग्रामीण अंचलों में पिछले सप्ताह लगातार हुई अनवरत मूसलाधार बारिश ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया ,जिसके चलते अनेक घरों में बारिश का पानी भरने की शिकायत भी खूब मिली।वही बारिश का पानी सड़को पर बहने,भरे रहने के कारण पानी ने सड़को के निर्माण की गुणवत्ता को उजागर कर दिया।बारिश थमने के बाद अनेक गांव की सड़को की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि अगर कोई कोई गंभीर मामला सामने आ जाए तो उस गांव तक चार पहिया वाहनों को पहुंच पाना बड़ा कठिनाई जनक होगा। ग्राम सेमरिया ब से मटिया जाने वाले मार्ग की जर्जर हालत की शिकायत क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा विधायक इंद्र साव के पास पहुंचते ही विधायक इंद्र साव ने मामले की नजाकत और भविष्य में गांव में आवा जाही को ध्यान में रखते हुए उक्त गांव की सड़क को तत्काल मरम्मत करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स-ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा-

स्टील उद्योगों द्वारा बिजली दरों में छूट लेने का प्रयास अनुचित

■ **बिजली की दरों में वृद्धि 25 प्रतिशत नहीं मात्र 25 पैसे प्रति यूनिट की**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स-ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर राज्य के स्टील उद्योगों द्वारा बिजली की दरों में छूट लेने के प्रयास को अनुचित बताया है। एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा है कि स्टील उद्योग नई बिजली दरों को लेकर भ्रम पैदा कर रही है। तथ्य यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में आम उपभोक्ताओं के घरेलू तथा किसानों के बिजली बिल की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। वहीं दूसरी तरफउच्च दाब उपभोक्ताओं स्टील इंडस्ट्रीज में मात्र 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। स्टील इंडस्ट्रीज को पिछले कई वर्षों से मिल रहे अवांछित 25 प्रतिशत लोड फैक्टर की छूट को युक्तिसंगत करते हुए दस प्रतिशत किया गया है।

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा है कि उद्योगों का यह कहना कि बिजली की दरें 25 प्रतिशत बढ़ गई है, सत्य से परे और गुमराह करने वाली है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा ऊर्जा दर में मात्र चार प्रतिशत (मात्र 25 पैसे प्रति यूनिट) की वृद्धि की गई है। लोड फैक्टर की अवांछित और अनुचित छूट को 25 प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत किया गया है। स्टील उद्योगों को फायदा देते हुए ऑफ पिक अवर्स के समय को छह घंटे से बढ़ाकर आठ घंटे का किया गया है। इससे उद्योगों को छह घंटे के बजाय अब आठ घंटे सामान्य दरों की तुलना में 80 प्रतिशत दर पर बिजली मिलेगी। इस तरह स्टील इंडस्ट्रीज की विद्युत दरों को अधिक युक्तिसंगत बनाया गया है।

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि प्रतिवर्ष जुलाई से लेकर नवम्बर माह तक लोहे की मांग कम होने के कारण इसके मूल्य में गिरावट आती है। इस वर्ष भी लोहे का मूल्य 42 रुपए प्रति किलो से घटकर 35 रुपए प्रति किलो हो गया है। रायगढ़ जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क में जहां तथाकथित तौर पर सस्ती बिजली की सुविधा मिलती है, ऐसा बताया जाता है कि वहां भी आधे से अधिक उद्योग बंद हैं। वहां के कई उद्योग विगत कई वर्षों से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से बिजली प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहे हैं, परंतु तत्कालीन प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2020 में भी बढ़ी हुई बिजली की दरों के कारण प्लांट बंद हो जाएंगे या बंद कर देंगे संबंधी कथन स्टील उद्योगों द्वारा जारी किया गया था। उस समय स्टील उद्योगों के लिए पॉवर कंपनी द्वारा लोड फैक्टर को घटा कर आठ प्रतिशत किया गया था, तब बिजली की दरें 6.43 रुपए प्रति यूनिट थी। सरकार ने उद्योगों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया, तब भी कोई भी इकाई बंद नहीं हुई थी।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल-2020 में लोहे का मूल्य 26 हजार रुपए प्रति टन था, जबकि आज उसका मूल्य 35 हजार रुपए प्रति टन है। वर्ष 2020 में बिजली की दरें 6.43 रुपए प्रति यूनिट थी जबकि आज लोड फैक्टर की छूट को सम्मिलित करने के बाद बिजली की दरें 7.50 रुपए प्रति यूनिट है। यदि ऑफ पिक अवर्स के लाभ को जोड़ा जाए तो ये दरें घटकर लगभग 7.44 रुपए प्रति यूनिट के आसपास हो जाएंगी। विगत चार वर्षों में लोहे का मूल्य बढ़ने पर बिजली की दरों में मामूली बढ़ोतरी असंगत नहीं है। बिजली की दरों में वृद्धि से इन इकाईयों के संचालन में फर्क नहीं पड़ रहा है। हकीकत में लोहे की मांग कम होने से बाजार में उसका मूल्य कम हो गया है। यदि बिजली की दरें जनवरी-फरवरी में बढ़ती तब उत्पादन में कोई कमी नहीं होती क्योंकि प्रतिवर्ष बरसात के समय लोहे का मूल्य गिरता है और दीवाली के बाद बढ़ता है। उद्योगों द्वारा यह शोरगुल इसलिए किया जा रहा है ताकि इसकी आड़ में सरकार से फायदा लिया जा सके।

इतवारी राम यादव विद्यालय में शिक्षा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 22जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह अंतर्गत स्थानीय इतवारी राम यादव शा बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सप्ताह के चौथे दिन सांस्कृतिक दिवस के रूप में मनाया गया,इस दौरान छात्रों ने गायन व लोक नृत्य प्रस्तुत किये ,इस दौरान छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षक जी पी वर्मा,के के यादव,डी पी साहू,पी आर शर्मा एवं के साहू ने अपने गायन हुनर को प्रदर्शित किये। शिक्षा सप्ताह के 5 वे दिन कौशल एवं डिज़िटल पहल दिवस के रूप में आयोजित किया गया। आई टी वोकेशनल ट्रेनर कैलाश साहू ने छात्रों को विभिन्न टेक्नोलॉजी एवं उसके उपयोग तथा उसको व्यवसाय के रूप में कैसे अपनाया जा सकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन मिशन लाइफव इको क्लब दिवस के रूप में मनाया गया। मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने आम के पौधा का रोपण किया। विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं पालकों ने भी विभिन्न पौधों का वृक्षारोपण किया। प्रभारी जे लकड़ा एवं विकास खण्ड नोडल आर के चौबे ने छात्रों को पेड़ों के महत्व को बताया।

कन्या आवासीय विद्यालय में काउंसिलिंग 2 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा 9 जून का परिणाम घोषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक हेतु 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के कन्या हेतु 5 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक,अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या तथा अल्पसंख्यक बालक एवं कन्या हेतु 6 अगस्त को, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं कन्या तथा सामान्य वर्ग बालक एवं कन्या हेतु 7 अगस्त को काउंसलिंग आयोजित होगी।

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)
दूरभाष-07705-296375, ई-मेलः pgcollegekurud@gmail.com
(Accredited with 'B' Grade by NAAC)
पत्र आदेश संख्या 270/ग्रंथ/निविदा/2024 कुरूद दिनांक 25/07/2024

पुस्तक क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

महाविद्यालय के ग्रंथालय हेतु पुस्तकों का कय किया जाना है। इस हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद जिला धमतरी के कार्यालय में निर्धारित शुल्क रु. 1000/- जमा कर निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें प्राप्त किया जा सकता है। निविदा कार चाहे तो महाविद्यालय के वेबसाईट www.govtcollegekurud.com से निविदा सूचना, निविदा फार्म एवं पात्रता फार्म की प्रति निकाल कर आवेदन शुल्क रु. 1000/- का महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम पर बैंक ड्राफ्ट पात्रता लिफाफे के साथ प्रस्तुत कर सकता है।

निविदा हेतु सुरक्षा (ई.एम.डी.) राशि	निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि तिथि/समय		निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि/समय		निविदा प्रपत्र जमा खोलने की तिथि/समय		पुस्तक क्रय हेतु उपलब्ध राशि
10000	22/08/2024	सायं 5 बजे	29/08/2024	सायं 3 बजे	29/08/2024	सायं 4 बजे	विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली राशि

टीपः- निविदा की शर्ते महाविद्यालय के वेबसाईट www.govtcollegekurud.com में अवलोकन किया जा सकता है।

जी-242501446/1

प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

छात्र-छात्राओं को दी गई साइबर क्राइम की जानकारी

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम लोइंग के हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी देकर कानून में बालकों के अधिकारों के बारे में बताया गया । थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है जिसमें छात्र-छात्राओं की भूमिका भी अहम है। छात्र-छात्राएं स्वयं जागरूक रहकर अपने परिजन, परिचितों को फ्रॉड के प्रति जागरूक करें।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्र. -5

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र. 419/जोन क्र. 5/लो.क.वि./2024 रायपुर, दिनांक 29.07.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''द'' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 20.08.2024 तक को 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 12.08.2024 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किए जा सकेंगे। दिनांक 16.08.2024 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 20.08.2024 को सायं 05.00 बजे खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि (रुपए)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि	एस.ओ.आर. नान एस.ओ.आर.
1	वार्ड क्र. 43 अंतर्गत अशोक पहलवान एवं आसपास के गलियों में सी.सी. रोड मरम्मत कार्य।	3.53	5300/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
2	वार्ड क्र. 43 अंतर्गत महंत लक्ष्मीनारायण दास के विभिन्न स्थानों पर पाट हाल मरम्मत कार्य।	1.00	3000/-	300/-	2 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
3	जोन क्र. 05 भक्तमाता कर्मा वार्ड 67 अंतर्गत नेहा किराना स्टोर, शीतल मंदिर के सामने, शिव नगर की नाली, पुलिया एवं सड़क मरम्मत/ निर्माण कार्य।	3.98	6000/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
4	जोन क्र. 05 भक्तमाता कर्मा वार्ड 67 अंतर्गत उड़िया गली, पार्षद कार्यालय के सामने श्रीराम नगर की नाली, पुलिया एवं सड़क मरम्मत/ निर्माण कार्य।	3.92	6000/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
5	जोन क्र. 05 अंतर्गत वृक्षारोपण किए गए पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड क्रय करने बाबत।	2.47	3700/-	750/-	3 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
6	वार्ड क्र. 40 के अंतर्गत लाखेनगर चौक का सौंदर्यीकरण कार्य।	3.99	6000/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
7	जोन क्र. 05 अंतर्गत वार्ड 43 एवं वार्ड 66 में लीकेज एवं मरम्मत कार्य।	3.98	6000/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
8	जोन क्र. 05 अंतर्गत वार्ड 43 के गोवर्धन चौक नागरी दास मंदिर के पास स्थित सीमेंट पाईप लाईन लीकेज मरम्मत कार्य।	2.68	4020/-	750/-	3 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
9	जोन क्र. 05 अंतर्गत 66 एवं 43 अंतर्गत स्थित विभिन्न स्थानों में डी.आई. पाईप इंटर कनेक्शन एवं जी.आई. पाईप बिछाने का कार्य।	2.91	4400/-	750/-	3 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
10	वार्ड क्र. 41 अंतर्गत डीडीनगर सेक्टर 01 एवं 03 में विभिन्न स्थानों में सिवरेज एवं चेम्बर का मरम्मत कार्य।	3.85	5800/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
11	वार्ड क्र. 41 अंतर्गत डीडी नगर सेक्टर 02 एवं 04 में विभिन्न स्थानों में सिवरेज एवं चेंबर का मरम्मत कार्य।	3.79	5700/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
12	वार्ड क्र. 42 अंतर्गत भीम नगर, चंद्रशेखर नगर, गांधी नगर एवं सुंदर नगर क्षेत्रों में नाली, पुलिया निर्माण कार्य।	8.59	8600/-	750/-	5 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15

शर्तें :-
1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 2. कार्य के संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 3. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -5
नगर पालिक निगम, रायपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

द्वितीय सूचना

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है की दीपका क्षेत्र के द्वारा कोयला उत्पादन हेतु सी.बी. एक्ट. 1957 के तहत एस.ओ. क्र.3095 दिनांक 24.11.2004 के माध्यम से ग्राम मलगांव का अधिग्रहण किया गया है। उपरोक्त ग्राम के कुल 34 मकान मालिकों के मकान एवं अन्य परिसंपत्ति अवस्थित है, जिसका नापी राज्य शासन एवं एसईसीएल के संयुक्त गठित दल के द्वारा किया गया है एवं नियमानुसार मुआवजा का निर्धारण भी कर दिया गया है। वर्तमान में दीपका विस्तार परियोजना, दीपका क्षेत्र के विस्तार हेतु उक्त भूमि को समस्त भार से मुक्त करते हुये एसईसीएल दीपका क्षेत्र को सौंपा जाना आवश्यक है ताकि कोयले का उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप किया जा सकें।

अतः आपको इस पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर आपके द्वारा निर्मित मकानों को ध्वस्त कर फोटोग्राफ के साथ (ध्वस्त के पूर्व व ध्वस्त के पश्चात) एवं वांछित दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में दावा प्रस्तुत करें ताकि आपके द्वारा निर्मित मकानों का मुआवजा का भुगतान जल्द से जल्द किया जा सकें।

अन्यथा ऐसा नहीं किए जाने की दशा में कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 की धारा 17 ("यदि प्रतिकर के हकदार हितबद्ध व्यक्ति उसे प्राप्त करने के लिए सहमत नहीं होते है या यदि प्रतिकर की रकम की पर्याप्तता के या उसे प्राप्त करने के हक की या उसके प्रभाजन की बावत कोई विवाद है, तो केंद्रीय सरकार प्रतिकर की रकम अधिकरण (Part Time Tribunal) के पास जमा कर देगी" के तहत कार्यवाही किए जाने हेतु कंपनी बाध्य होगी। जिसकी प्रथम सूचना उक्त मकान मालिको को पत्र क्र एसईसीएल/दीक्षे/म/भू-राजस्व/2024/01 से 422 दिनांक 05.05.2024 एवं 06.05.2024 तथा द्वितीय सूचना पत्र क्र एसईसीएल/दीक्षे/म/भू-राजस्व/2024/1332 से 1367 दिनांक 03.07.2024 के माध्यम से जारी किया गया है।

Sl. No.	House Owner	Land Owner	Khasra No.
1	Prahlad Singh Kanwar S/o. Chandu Singh Kanwar	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
2	Lokesh Kumar S/o. Ramprasad Yadav	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
3	Amar Singh S/o. Kartik Ram Chauhan	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
4	Sangeeta Kanwar S/o. Kanhaiya Lal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
5	Ravishankar Jaiswal S/o. Samajh Ram Jaiswal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
6	Seema W/o. Anjor Singh	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
7	Savita Kanwar W/o. Dilharan Singh	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
8	Sangeeta Kanwar W/o. Virendra pal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
9	Nem Kunwar W/o. Kanaiya Lal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
10	Kanhaiya Lal S/o. Jeet Singh	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
11	Anjor Singh S/o. Kanhaiya lal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
12	Vinod Kumar S/o. Chatarpal Singh kanwar	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
13	Bahtarin Bai W/o. Manohar Singh	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
14	Banshi lal Yadav S/o. Vishram yadav	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
15	Jitendra Kumar S/o. Banshi Lal yadav	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
16	Ram Kumar S/o. Kitab Ram	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
17	Vijay Kumar Jaiswal S/o. Premlal Jaiswal	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
18	Subhanshi Jaiswal S/o. Ankit Jaiswal	107. Nilambar Singh S/o. Tok Singh	181/3
19	Kamla W/o. Lakhan Kewat	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
20	Yogesh Kumar S/o. Ram prasad yadav	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
21	Ashok Jaiswal S/o. Lalta Prasad	107. Nilambar Singh S/o.Tok Singh	181/3
22	Lakahn Lal Yadav S/o. Chandan Singh Yadav	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
23	Pawan Kumar Yadav S/o. Kunj Ram Yadav	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
24	Ram Singh S/o. Lt. Jeet Singh	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
25	Dilraj S/o. Ram Singh	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
26	Raj Kunwar W/o. Dilraj	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
27	Dilraj Singh S/o. Ram Singh	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
28	Maan Kunwar W/o. Man Singh	93. Dwarika Singh, Ram Singh, Kanhaiyal S/o. Jeet Singh	180/3
29	Darbar Singh S/o. Baishakhu Singh Kanwar	94. Dwarika Singh S/o. Jeet Singh	181/2
30	Maniram S/o. Anurag Singh	94. Dwarika Singh S/o. Jeet Singh	181/2
31	Shiv Kumar S/o lt. chhabi Lal	227. Shiv Kumar S/o Chhabi Lal, Chhat Bai Wd/o. Chhabi Lal	194/8
32	Ghursay Rajak S/oLt. Ramnath Rajak	48. Ghur Singh S/o. Ramnath, Fagun Kunwar Wd/o. Ramnath, Sahasram, Sunhar S/o. Mukutram	249/1
33	Diwanpal Singh Kanwar S/o. Dwarika Singh	37. Ganesh Kunwar Wd/o. Jeet Singh	251/4
34	Bheg Singh S/o. Ram Singh	34. Kamla Bai D/o/. Kunji Lal	254/1

SECL/24-25/126

महाप्रबंधक (खनन),
दीपका विस्तार परियोजना

■ न्यूज गैलरी

देवरी हाईस्कूल के 31 छात्राओं को किया गया निशुल्क साइकिल वितरण

खैरागढ़/नवप्रदेश । ब्लॉक के वनांचल ग्राम देवरी स्थित शासकीय हाई स्कूल देवरी में सरस्वती योजनांतर्गत साइकिल वितरण टी के चंदेल के मुख्यातिथ्य, सरपंच केजराम साहू की अध्यक्षता , गोरेलाल वर्मा , उप सरपंच मानिक टंडन , सुकृत वर्मा अध्यक्ष हाई स्कूल देवरी, उमेंद्र उइके, घनश्याम वर्मा हाई स्कूल बैहा टोला, नाजनीन नियाज़ी रामसुख कंवर , मनोज प्रेम वर्मा , शिवराम वर्मा , पंच केवल साहू , चंद्र बहादुर वर्मा , होरीलाल वर्मा , दीप वर्मा , पंच साहू के विशेष आथित्य में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में 31 छात्राओं को निः शुल्क साइकिल वितरण किया गया । मुख्य अतिथि टीके चंदेल ने साइकिल वितरण करते हुए कहा कि छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब सुविधा होगी । उन्होंने शिक्षा की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जीवन के लिए अति आवश्यक है । कार्यक्रम को गोरेलाल वर्मा एवं सरपंच केज राम साहू ने संबोधित करते कहा कि शिक्षा विद्यार्थी जीवन का मूल मंत्र है। सभी छात्र छात्राएं अनुशासन में रहते हुए अ%छे से पढ़ाई करें अपने स्कूल का, माता पिता का , अपने गांव का नाम रोशन करें । प्राचार्य सतीश तांडेकर ने अपने स्कूल की उपलब्धियों एवं समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल में वाटर कूलर एवम बाउंड्रीवाल की मांग रखी । कार्यक्रम में शिक्षक गण प्रमिला रानी , रुचि सिंह , कृष्ण कुमार कोठले, राजेश भारती, जय कुमार चंदेल, खुमान भारती एवम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

योगेश तिवारी ने सिक्किम के नए राज्यपाल माथुर को दी बधाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत के शिल्पी श्री माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नवनियुक्त राज्यपाल ओम माथुर को शुभकामनाएं देते हुए कहा सिक्किम विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। योगेश तिवारी ने कहा श्री माथुर के अनुभव और कुशल मार्गदर्शन का लाभ सिक्किम को मिलेगा।

सीएमएचओ ने जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के निशुल्क इलाज की सुविधा के साथ मरीज के साथ उनके परिजनों के लिए भी भोजन की व्यवस्था रहेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पीवीटीजी परिवारों के लिए इलाज एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इससे जिले के कमार एवं भूंजिया परिवार लाभान्वित होंगे। उन्हें विशेष सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। उल्लेखनीय है कि सर्व विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति के द्वारा इस संबंध में पत्र प्रस्तुत किया गया था। सीएमएचओ ने उक्त पत्र अनुसार संज्ञान लेते हुए प्रावधानों के तहत् जिला गरियाबंद के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा, बैगा,, कमार, अबुझमाड़िया, बिरहोर, भुजिया, पण्डो) के मरीजों एवं उनके परिजनों को विशेष तौर पर निःशुल्क ईलाज सह भर्ती मरीजों सहित समस्त परिजनों का भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थापन अपने स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल ने जिले के सिविल सर्जन, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को पत्र जारी कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

शासन की आत्मसमर्पित नीति से प्रभावित होकर 2 इनामी नक्सलियों ने किया अपने को समर्पण

कवर्धा/नवप्रदेश। छ.ग. शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत जिला पुलिस बल के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है।

नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके नक्सल संगठन में सक्रिय दो मओवादिओं ने आज दिनांक 30.07.2024 को पुलिस अधीक्षक (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल

(रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स संजय ध्रुव, श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, सतीश धुर्वे की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया

माओवादियों का विवरण

1. दिनेष उर्फ लक्ष्मण माडकम उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी पुल्लमपाड थाना चिंतलनार जिला सुकमा छ.ग. (विस्तार प्लाटून नंबर 02/ भोरमदेव एरिया कमेटी-सदस्य)

संगठन में धारित हथियार - 12 बोर अपराधिक रिकार्ड ङ्क जिला कबीरधाम में 07 तथा जिला केसीजी में 4 अपराध दर्ज हैं.

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों में कुल इनाम 10 लाख का इनाम घोषित है।

2. भीमा उर्फ अषोक उर्फ अनिल पिता लच्छा के उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी पुवर्ती थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छ.ग. (बटालियन-1 की कंपनी 1 का पीएल-2 का सदस्य) सप्लाई टीम सदस्य) संगठन में धारित हथियार- .303 रायफल।

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों में कुल इनाम 15 लाख का इनाम घोषित है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में जिला कबीरधाम के छ्यस्क्क शाखा में कार्यरत प्र.आर. घनाराम सिन्हा, प्र.आर. अभिजीत सिंह, आर कृपाराम, नव आर राजूलाल यादव, डीएसएफ आरक्षक तथा गो.सै. तीजू एवं दिवाकर तथा अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित दोनों माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत् तत्काल 25,000-25,000 रूपये की सहायता राशि प्रदान की गयी द्य इसके साथ छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रावधानित अन्य समस्त सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिला पुलिस कबीरधाम मीडिया के माध्यम से नक्सल संगठन में कार्यरत सभी लोगों से अपील करती है कि वे हिंसा का मार्ग त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और एक स्वस्थ, सुरक्षित तथा खुशहाल जीवन जीएं। हमारा उद्देश्य सभी भटके हुए युवाओं को पुनर्वासित कर उन्हें सम्मानित और समृद्ध जीवन प्रदान करना है।

हिंसा का मार्ग छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले सभी व्यक्तियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत हर संभव सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

जिले को मिला दो अग्निशमन वाहन

■ **आपात कालीन स्थितियों से निपटने मिलेगी मदद**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला निर्माण के बाद अग्निशमन वाहन को तरस रहे जिले को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दो अग्निशमन वाहन प्रदान किए गए है। जिला प्रशासन द्वारा अग्निशमन वाहन का मांग पत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजा गया था जिस पर सरकार ने स्वीकृति दी।

सुजगित वाहनों के ज़िला मुख्यालय में पहुँचने के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नए वाहनों की विधिवत पूजा अर्चना की और उसे प्रशासनिक बेड़ें शामिल कराया । इस दौरान कलेक्टर वर्मा ने वाहन मे प्रमुख उपकरणों का ट्रायल भी करवाया। खैरागढ़ और छुईखदान में फ़ायर वाहन की पिछले दो साल से कमी के चलते गर्मी के दौरान होने वाली आपातकालीन स्थिति मे बाहर के अग्निशमन वाहनो के भरोसे काम चल रहा था । अब जिला प्रशासन के पास दो वाहन उपलब्ध होने से ऐसी परेशानियों मे राहत मिल सकेगी । जिला प्रशासन को मिले दो प्रकार के फायर वाहन मे एक वाटर टेंडर और दूसरा फोम टेंडर वाहन है वाहन और सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया।

डॉ. रमन के प्रयासों से राजनांदगांव को मिली 40 करोड़ की राशि: राजेंद्र

■ **जिला भाजपा महामंत्री गोलछा ने जताया स्पीकर का आभार**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अपने 15 साल के मुख्यमंत्रितत्व काल में अरबो के विकास कार्य की झड़ी लगाने वाले तथा विकास पुरुष की संज्ञा पा चुके डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव को एक बार फिर बड़ी सौगात दिलाई है। उन्होंने राजनंदगांव खेलों के विकास के लिए 35 करोड़ मंडी के लिए करीब 4.39 करोड़ और पुराना जिला चिकित्सालय के जीर्णोद्धार के लिए करीब 3 करोड़ के प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई है। उनके इस बड़े प्रयास से शहर एवं जिले की जनता में प्रसन्नता व्याप्त है जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में डॉ. रमन सिंह न सिर्फअपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रति जवाबदेही निभा रहे हैं अपितु उन्हें पूरे प्रदेश की फिक्र है।

राजनांदगांव को पुनः इतनी बड़ी सौगात दिलाने के लिए डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए श्री गोलछा ने आगे बताया कि नगरीय निकायों त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में विभिन्न विकास निर्माण कार्यों के लिए उनका सतत प्रयास जारी है। स्पीकर के नाते उनके पास आने वाले आवेदनों को गंभीरतापूर्वक ले रहे हैं एवं सीधे सीधे तौर से मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्रियों के सतत संपर्क में है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा होते ही * प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा मंडी - निधि से 4 करोड़ 41 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान गई की गई। इससे मंडी समिति के व्यापारी एवं कृषकों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय पहुंचकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का एवं डॉ. रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।वहीं विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 19 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के मल्टीपरपस हॉल की आवश्यकता और लगभग 6 करोड़ 34 लाख की लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट सिविल कार्य और विद्युतीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ 79 लाख रुपए के कार्यों का प्राक्कलन रखा है। इन तीनों ही विषयों पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडवीया जी से गंभीर चर्चा की और श्री मांडवीया जी ने दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के उन्नयन कार्य के तीनों ही विषय पर स्वीकृति प्रदान की है।

शिक्षा सप्ताह में युथ एवं ईको क्लब ने लगाए अनेक पौधे

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 4 चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस राजिम में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त व निजी स्कूलों में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह का आयोजित किया गया।

इस उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ द्वारा दिवसवार कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए जिसका उद्देश्य हर दिवस अलग अलग गतिविधियों से शिक्षा क्षेत्र में शिक्षार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, हितधारकों के बीच सहयोग और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना व नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को जमीनी स्तर पर उतारने और प्रचार प्रसार करना है। इसी तारतम्य में सेजेस राजिम में शिक्षा सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया।

प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि शासन द्वारा निर्देशित अलग-अलग दिवस में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया टीएलएम दिवस, एफ्एलएन दिवस का आयोजन प्राइमरी स्तर पर किया गया।

सहा. शिक्षिका नीता यादव के मार्गदर्शन में नन्हें बच्चों को सहायक शिक्षक सामग्री व गतिविधियों द्वारा बुनियादी पाठ पढ़ने और आधारभूत गणित के सवालों (जैसे- जोड़ और घटाव) को हल करना सीखाया गया। हायर सेकेण्डरी स्तर पर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के निर्देशन व मार्गदर्शन में खेल दिवस, सांस्कृतिक दिवस, कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस, युथ एवं ईको क्लब सहभागिता दिवस का आयोजन हुआ। खेल दिवस पर व्याख्याता सागर शर्मा जिला नोडल युथ एवं ईको क्लब के नेतृत्व में 100 मीटर दौड़ ,5 मीटर शटल, हैंड रेसलिंग, पुश अप प्रतियोगिता, पिट्ठूल, भौरा, बिल्लस, बांटी, फुगड़ी, शतरंज, बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम आदि खेलों में छात्र छात्राओं ने उत्साह और उमंग के भाग लिया।

नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर जारी, समस्याओं के निराकरण से आमजन को राहत

■ **पखवाड़ा शिविर में आज विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 82 आवेदन प्राप्त हुये**

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन लगातार जारी है। स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना मुख्य दायित्व हैं। स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता हैं, साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों/गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/बल्ब/ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं भी है। सारे कार्य आम नागरिकों की दिन-प्रतिदिन की समस्याओं और कार्यों से संबंधित है। इन समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से किये जाने पर नगर पालिका के प्रति आमजन के सद्भाव बढ़ेगा, वही स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का निराकरण भी शीघ्र हो सकेगा द्य इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है की प्रत्येक नगर पालिक निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के रूप में वार्डवार शिविर का आयोजन किया जाए, जहां उपरोक्त स्थानीय समस्याओं का निदान किया जा सके। ऐसे शिविरों में महापौर/नगर पालिका/नगर पंचायतों के अध्यक्ष, पार्षदो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से आमजन की भागीदारी में भी वृद्धि होगी। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने जिलें के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान शिविर में नगरीय निकाय के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा समय मौके पर कर रहें हैं। इस शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही हैं। आज 31 जुलाई को नगर पालिका के अंतर्गत शिविर में मांग और समस्या विद्युत, साफ़-सफ़ाई, उज्ज्वला, पानी निकासी, पट्टा, पेयजल सहित कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें नगर पालिका परिषद के कार्मचारियों के द्वारा तत्काल लाईट में सुधार किया गया है।

आईजी ने पुलिस विभाग बेमेतरा के वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग द्वारा आज बेमेतरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में परेड कमाण्डर कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज को सलामी दिया गया, सलामी उपरांत पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा परेड एवं शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वृक्षारोपण किया गया। निरीक्षण उपरांत रक्षित केन्द्र बेमेतरा में दरबार लगाया जाकर अधिकारी/कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत होकर शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु आश्वासन दिया गया व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। परेड एवं दरबार के उपरांत पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं श्रीमति ज्योति सिंह अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा की उपस्थिति में जिले के समस्त अधिकारी एवं थाना/चौकी/शाखा प्रभारियों का मीटिंग लिया गया। मीटिंग में थानो में लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान का शीघ्र निराकरण करने एवं थाना क्षेत्रों के अवैध अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

परेशानी | जल्द कार्यवाही का दिया आश्वासन, संधारण की अनदेखी से जनता की परेशानियां बढ़ती जा रही है

जर्जर सड़क की मरम्मत करवाने शिवसेना ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

■ **सड़कों पर गड्ढों से आवाजाही प्रभावित सप्ताह भर में हो चुके आधा दर्जन हादसों में कई घायल**

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर की जर्जर सड़कों पर हो रहे हादसों को रोकने सड़को की बारिश मे आवाजाही लायक बनाए जाने की मांग को लेकर शिवसेना जिला इकाई ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप सड़कों की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है । शहर मे राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग सहित धमधा रायपूर मार्ग की हालत शहर के भीतर ही कई जगहो पर जर्जर हो चुकी है । इसके चलते आवाजाही प्रभावित हो रही है तो सड़क मे बन गए गडढों मे दुपहिया वाहन धारी दुर्घटना का शिकार हो रहे है । लगातार परेशानियों के बाद भी शहर के जनप्रतिनिधि मौन है जबकि प्रशासन भी मामले मे कार्यवाही की बजाय खामोंश हो चुका है । शिवसेना जिलाध्यक्ष राम ठाकुर की अगुवाई मे अपर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे शिवसैनिकों ने कहा कि राजनांदगांव कवर्धा मार्ग मे ईतवारीबाजार मे धमधा मोड़ के पास सड़क पर पानी भरने के कारण बड़ा गडढा हो गया है । जिसके चलते राहगीरों को आवाजाही मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लोग हादसे का शिकार हो रहे है । गडढो के कारण यहाँ लगातार जाम की स्थिति बन रही है । यही हाल धमधा रायपूर मार्ग का हे । धरमपूरा वार्ड से गुजरने वाली इस सड़क मे वार्ड के भीतर ही सड़क के बीच के गडढे बढ़ गए है । जिसके कारण कई दुपहिया वाहन धारियों के वाहन यहाँ फंस कर गिर रहे है । सप्ताह भर मे ही आधा दर्जन से अधिक हादसो मे कई लोग घायल हो चुके है । जानकारी के बाद भी प्रशासनिक कार्यवाही सिफर होने से परेशानी लगातार बढ़ रही है । शिवसेना ने जल्द ही सड़को की मरम्मत करने की मांग करते कहा कि समय पर कार्यवाही नही होने पर शिवसेना द्वारा सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया जाएगा । इस दौरान मुकेश श्रीवास,पंकज साहू, चंद्रेश कौशल, महेन्द्र सिंह परिहार, देव साहू, पलटू कंडरा साहिल ठाकुर सहित शिवसैनिक उपस्थित रहे ।

आज कांग्रेस थरहा लगाकर जताएगी विरोध: सड़को की दुर्दशा मामले मे लगातार खबर प्रकाशन के बाद भी प्रशासनिक कार्यवाही नही होने पर कांग्रेस आज बुधवार को ईतवारीबाजार मे मुख्य मार्ग के गडढो पर थरहा लगाकर विरोध जताएगी । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने इस आशय का पत्र एसडीएम खैरागढ़ को सौंपकर कहा कि ईतवारीबाजार मुख्य मार्ग , धमधा सड़क पर बने गडढो से रोजाना आवाजाही करने वालो के साथ साथ स्कूली छात्रछात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

बच्चों को चॉकलेट बांटने वाले डॉ. मुकेश साहू ने लाए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई केश

■ **स्वयं के खर्चे से भी कर रहे दृष्टिबाधितों की सेवा**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के स्वास्थ्य विभाग में नेत्र सहायक अधिकारी के रूप में गैंदाटोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मुकेश कुमार साहू अपनी सेवा भावना के लिए दूर-दूर तक चर्चा में है। वे स्कूलों में बच्चों के नेत्र जांच करते हुए उन्हें निशुल्क चॉकलेट भी बाटते हैं। अपने खर्चे से भी दृष्टिबाधितों की सेवा करते हैं। हाल ही में उन्होंने करीब 80 से ज्यादा प्रकरण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर गए हैं।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-गैंदाटोला (छुरिया) से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 13 केश को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेण्ड्री राजनांदगांव में एडमिट किया गया। अभी तक इस महीने में टोटल 40 लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका हैं। लगातार इस महीने भारी बारिश में भी 18 कैंप मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला द्वारा लगाया गया।

66 मोतियाबिंद ऑपरेशन,11 आंख का जाला का ऑपरेशन अभी तक 3 महीने में हुआ हैं।इस महीने 300 मरीज ओपीडी और कैंप में देखा गया है। जिसमें 53 लोगों को प्रेस बायोपिक निशुल्क का चश्मा वितरण किया गया है।

सैकड़ों किसानों को नहीं मिली छतिपूर्ति और बीमा की राशि

■ दर-दर भटक रहे अन्नदाता, शासन प्रशासन के मौन रहने से किसान हतास - आनंद सिंह

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लोखान के आश्रित गाओ लालपुर के सैकड़ों किसान कल जनसेवक आनंद सिंह के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। इस दौरान समस्याएं सुनते ही आनंद सिंह सभी क्षेत्रीय किसानों को लेकर पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष पहुंचे। यह समस्या उन तमाम क्षेत्रीय किसानों की छतिपूर्ति और फसल बीमा की राशि के ना मिलने से संबंधित थी।

वहीं किसानों मो क्षेत्रीय पटवारी की मौखिक रूप से भ्रष्ट कार्यप्रणाली की भी शिकायत की। किसानों ने बताया कि बीमे की राशि पटवारी द्वारा उन चुनिंदा लोगों को दी गई है जिन्होंने पटवारी को अलग से राशि प्रदान की, पर हमारे गावों के लगभग 80 की संख्या में चने की खेती वाले किसान जिनका उसल पूर्व में ओलावृष्टि आपदा से नष्ट हुआ था उन्हें ना ही राजस्व की ना ही बीमे की राशि मिली, जबकि इस शिकायत को लेकर सभी ने लिखित पत्र देकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

ओलावृष्टि से फसल के नुकसान का मुआवजा नहीं

ग्राम लालपुर के सैकड़ों किसान जिन्हें गत वर्ष 2023-24 की ओलावृष्टि से हुवे फसल का नुकसान, बीमा अथवा राजस्व की प्रशासनिक क्षतिपूर्ति राशि जो मिलनी थी वह अब तक नहीं मिली, जबकि यह सभी किसान प्रति वर्ष सबन्धित विभाग को नियमतः इस योजन की मूल राशि जमा करते आये है चाहे वो फसल बीमा की राशि हो या छतिपूर्ति की परन्तु जब जब फसल बर्बाद होता हैं या प्राकृतिक आपदा आती हैं इन किसानों को इसका कोई फ़ायदा नही मिलता।

ग्रामीण किसानों के साथ इनकी यह आर्थिक गंभीर विषय को लेकर पंडरिया जनसेवक आनंद सिंह व युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले पंडरिया अनुविभागीय से मुलाक़ात कर समस्या के समाधान के लिए कहा कि अगर किसानों को न्याय नहीं मिला तो किसानों के साथ मिलकर सरकार व प्रशासन के विरुद्ध सड़क के साथ न्यायालय की लड़ाई लड़ेंगे। किसानों को न्याय दिलाकर रहेंगे।

बॉम्बे मेल हुई दुर्घटनाग्रस्त

■ भाटापारा स्टेशन पर लगा हेल्प बूथ, होती रही पूछताछ

भाटापारा/नवप्रदेश। से मुंबई जाने वाली बॉम्बे मेल के चक्रधरपुर रेल मंडल में अल सुबह दुर्घटनाग्रस्त होने के फ्लस्वरूप रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भाटापारा स्टेशन पर भी हेल्प बूथ लगाए गया । विदित हो कि मंगलवार की अल सुबह तकरीबन 4 बजे के आसपास चक्रधरपुर रेल मंडल के चक्रधरपुर रेल स्टेशन से करीबन 10 किमी दूर बड़ाबांम्बो स्टेशन के पास 12810 हावड़ा मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।ट्रेन दुर्घटना के चलते यात्रियों के परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर रेल मंडल के भाटापारा स्टेशन पर भी हेल्प डेस्क लगाया गया था।हेल्प डेस्क पर डिविजन के कमर्शियल इंस्पेक्टर टी नाग,टीटीई आर के निर्मलकार यात्रियों के द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध कराते रहे,जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।इस दौरान रेलवे द्वारा दिए गए सहयोग से यात्रियों और उनके परिजनो में काफी संतोष देखा गया।

■ न्यूज गैलरी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों का निरीक्षण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटलों एवं ढाबों का निरीक्षण कर अमानक खाद्य पदार्थों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में रविवार को भाटापारा के 10 होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से किया गया जिसमें से 7 होटलों में अनहाईजनिक किचन एवं खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर होटल संचालकों को नोटिस जारी किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि निपानिया रोड स्थित मानिकपुरी होटल,यादव होटल, छोटू साहू होटल,बस स्टैंड स्थित शिफा बिरयानी, लक्ष्मी नारायण निषाद बिरयानी, चाचा बिरयानी, धीवर होटल,आनंद ढाबा को नोटिस जारी किया गया।

नपं भखारा में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत भखारा मे रविवार से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर भठेली भखारा मे आयोजित की गई है। जिसमे स्थानीय नागरिक अपनी समस्या साझा कर सकेंगे। जिसमें नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य नल लीकेज, नलों में पानी का न आना, नालियों गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी बल्ब, ट्यूबलाइट का बंद रहना आदि समस्याओं का निराकरण मौके पर किए जाने हेतु जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है।

जितेन्द्र बंजारे खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल को साइबर का जिम्मा

खैरागढ़/नवप्रदेश । साल्हेवारा थाना प्रभारी जितेन्द्र बंजारे खैरागढ़ थाने के नए प्रभारी होंगें । एसपी त्रिलोक बंसल ने सोमवार शाम को जिले के चार थाना प्रभारियों के तबादले के आदेश जारी किए है । माह भर से उपनिरीक्षक के भरोसे चल रहे खैरागढ़ थाने मे निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे को थाना प्रभारी बनाया गया है । बंजारे छूईखदान, गंडई सहित साल्हेवारा थाना प्रभारी के रूप मे बेहतर कार्य कर चुके है । खैरागढ़ थाने से लाइन भेजे गए निरीक्षक अनिल शर्मा को फिर से साइबर सेल का जिम्मा सौंपा गया है । लाइन मे पदस्थ निरीक्षक धर्मेन्द्र वैष्णव को साल्हेवारा का थाना प्रभारी बनाया गया है । जबकि खैरागढ़ थाना देख रहे एसआई मोरध्वज देशमुख को गातापार थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

शनिवार को शहर में निकलेगी चंद्रमौलेश्वर की पालकी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सावन माह में भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप मे शहर का भ्रमण करेंगें । कार्यक्रम शनिवार 3 अगस्त को आयोजित किया गया है । श्रीराम गौ सेवा समिति और बोलबम कांवड यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम मे भगवान चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा शहर मे निकाली जाएगी । यात्रा दोपहर एक बजे से श्रीराम गौ सेवा केन्द्र किलापारा से प्रांरभ होगी जो शहर का भ्रमण कर वीरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण शिवमंदिर पहुँचेंगी ।

फसल बीमा की अंतिम तिथि आज

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने आज अंतिम दिन है । प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अब तक जिले के 42592 किसानों द्वारा 62 हजार 910 हेक्टेयर फसलो का बीमा पोर्टल पर कराया जा चुका है । कृषि विभाग के उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि फसल बीमा कराने 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित है । किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित सहित मक्का, सोयाबीन, अरहर, मुंग, कोदो, कुटकी, रागी सहित उड़द का बीमा करा सकते है । जिन किसानो का पूर्व मे फसल बीमा ग ण बैंको मे बकाया है ऐसे किसान भी लोकसेवा केन्द्र या बैंक के माध्यम से अग णी किसान के रूप मे अपनी फसलो का बीमा करा सकते है ।

भक्ति से अभिभूत श्रद्धालुओं के श्रीमुख से निकले बोल-बम, मन को मंत्रमुग्ध कर देता है : रंजना साहू

■ भोलेनाथ की भक्ति में लिन रहकर विगत 32 वर्षों से बोल बम कांवरिया संघ द्वारा निकाली जा रही है कांवर यात्रा : दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता

धमतरी/नवप्रदेश। श्रावण मास की पावन बेला के द्वितीय सोमवार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन धर्म धरा धाम धमतरी की पावन धरा में महानदी के तट पर विराजमान देवाधिदेव रुद्रेश्वर महादेव जी के को जलाभिषेक करने पहुंचे, इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित महानदी की महाआरती में शामिल होकर रुद्रेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किए एवं समस्त क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना किए । तत्पश्चात प्रतिवर्ष अनुसार बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित हो रहे रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण तक कांवर यात्रा में सम्मिलित धमतरी जिले के सभी कांवरिया भक्तजनों का सम्मानित किए। सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि श्रावण मास का महिना श्रद्धा भक्ति से सराबोर होता है, जहां भक्तजन अपनी आराध्य प्रभु भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं श्रावण मास में बोल बम कांवरिया भक्तजन निरंतर बोलबम के नारों से क्षेत्र को गूंजायमान करते हैं, भक्त जनों के श्रीमुख से निकले हुए बोल बम मन को मंत्रमुग्ध कर देता है। बोल बम कांवरिया संघ प्रमुख दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता जी ने बताया कि बोल बम कांवरिया संघ विगत 32 वर्षों से क्षेत्र के कांवरिया भक्त जनों का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कांवर यात्रा की जा रही है,साथ ही श्रावण मास में रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के महानदी में गंगा महाआरती कर जल लेकर धमतरी इतवारी बाजार में विराजमान बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते आ रहे हैं। इस अवसर पर राकेश साहू, जागेश्वरी साहू, पंकज साहू, अनिता यादव, शत्रुघन पांडेय, होरीलाल साहू, गोपाल वाधवानी, धूनी राम शर्मा, कैलाश देवांगन, गैंद लाल,विनय जैन, नीरज शुक्ला, अनुज तिवारी , अंकित दुबे, मनीष फुटान, शुभम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

■ मौसमी बिमारियों से निपटने और इलाज बेहतर करने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिला पंचायत उपाध्यक्ष विंक्रात सिंह शहर के सिविल अस्पताल पहुँच वहाँ व्यवस्थाओं, समस्याओं का जायजा लिया । इस दौरान सिविल अस्पताल मे चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर समयसीमा मे निर्माण कार्य पूरा कराने, गुणवत्ता का पूर्ण रूप से ध्यान रखने, अधिकारियों को निर्माण कार्य का सतत निरीक्षण करने कहा । जिपं उपाध्यक्ष सिंह ने इस दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्डो मे जाकर वहाँ इलाजरत मरीजो और उनके परिजनो से मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं, इलाज की व्यवस्था, योजनाओं का परस्पर लाभ मिलने की जानकारी ली । सिंह ने बारिश और मौसमी बिमारियों को देखते चिकित्सकों को बेहतर इलाज की व्यवस्था निशुल्क दवाईयों का पर्याप्त स्टाक रखने, समय पर इलाज की व्यवस्था बनाने, चिकित्सको को नियमित रूप से तैनात करने, इलाज के दौरान लापरवाही नही बरतने के निर्देश भी दिए । निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने अस्पताल के सम्बंध में जानकारी दी । निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष घम्मन साहू,, टीके चन्देल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, विकेश गुप्ता, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, नंद चन्द्राकर, नीलिमा गोस्वामी, देवीन कोठले, महेश गोस्वामी, हरप्रसाद वर्मा, लाला वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज वैष्णव, डा आकाश कन्नौजे सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

पशुओं में पशु चिकित्सक लगा रहे टीका, अभियान जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय पशु चिकित्सालय मोपका व पशु औषधालय खैरा , लच्छनपुर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में गलघोटू व एकटांगिया रोग का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है तथा ग्रामों में शिविर के माध्यम से औषधि वितरण किया जा रहा है ।

मोपका संस्था प्रभारी डॉक्टर प्रमोद सिंह पैंकरा ने सभी पशुपालकों सहित ग्रामवासीयो से अपने पशुओं को बांधकर गलघोटू बीमारी का टीकाकरण लगाने की अपील करते हुए कहा कि यह रोग पशुओं में जीवाणुओं के माध्यम से होता है इस बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को स्वच्छ स्थान पर रखें ।भाटापारा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजुला ने भी सभी पशुपालकों को अनिवार्य रूप से सभी पशुओं का टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया व पशुओं में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निकटतम संस्था में जाकर दवाई प्राप्त करने की अपील की। इस टीकाकरण कार्य में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डीसी पैंकरा, आलोक कुमार पैंकरा, पट्टी बंधक सोनचंद यादव ऋतुराज साहू ,दीपक मिरी वेद प्रकाश राय धजाराम साहू श्याम कुमार चतुर्वेदी का विशेष सहयोग रहा।

स्वर्वेद संकल्प यात्रा पहुंची नवापारा

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। स्वर्वेद कथामृत एवं ध्यान का कलाम कोठी भवन में एक दिवसीय आयोजन संत प्रवर विज्ञान देव महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घन्टे तक प्रवाहित हुई।

स्वर्वेद दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर विज्ञानं देव महाराज 7 जुलाई से दक्षिण भारत से संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ में 23जुलाई से बलरामपुर,अंबिकापुर, बिलासपुर,दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद होते हुए सातवे दिवस 27 जुलाई को नवापारा राजिम (रायपुर) पहुँची। संत जी कलाम कोठी में प्रवचन के दौरान कहा कि गृहस्थ संत की महिमा हताशा निराशा अवसाद में नहीं रहना है। गंगा में स्नान करना अच्छा है ,पर उसमें डूबकर प्राणों की आहुति नहीं देना है। इसी प्रकार हमें संसार -सागर में रहना है ,पर उसी में उलझ कर नहीं रह जाना है।

शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति की हुई 15वां वार्षिक आमसभा

धमतरी/नवप्रदेश। शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति मर्यादित जिला-धमतरी का वार्षिक आमसभा का आयोजन आमातालाब रोड स्थित झिरिया धोबी समाज भवन में आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू एवं सचिव कौशल चंद्राकर ने बताया कि 28 जुलाई को आमसभा सेवानिवृत्त व्याख्याता (एल बी) एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाही श्रीमती हेमन सोनवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन अर्चना से हुआ।आमसभा में सचिव कौशल चंद्राकर द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया।अध्यक्ष मेघनाथ साहू द्वारा समिति के प्रस्ताव को आमसभा में उपस्थित सदस्यों के बीच अनुमोदन हेतु पटल में रखा गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों की आर्थिक उन्नति के लिए गठित साख समिति की प्रसंशा करते हुए शिक्षकों को सदैव विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी।आम सभा को समिति के संयोजक देवनाथ साहू संरक्षक रामबगस गंगबेर, जिला प्रतिनिधि लोकेश पांडे, उपाध्यक्ष चूरामन लाल कुम्भज,संस्थापक सदस्य हेमंत डेकाटे ने भी संबोधित किया।कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने सभी सदस्यों की निष्ठा,विश्वास और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन संचालक सदस्य बलराम तारम एवं फनेंद्र कुमार शांडिल्य ने किया।कार्यक्रम में संरक्षक भगवती प्रसाद सोनी,शिशुपाल ध्रुव,रूपेश साहू,योगेंद्र साहू,किशन पटेल, चोवाराम चंद्राकर,ज्ञानेश्वर सिन्हा,नारद देवांगन,भूषण लाल साहू, तमेश साहू,सविता छाता,ऊषा साहू,सविता पांडे,भगवती ध्रुव, ज्ञानेश्वरी साहू,भागवत सिन्हा,दोमनलाल सिन्हा,दिलीप सिन्हा,अमन साहू,हेमंत कुमार सोनवानी, मालती साहू, ऊषा साहू,टीकाराम सिन्हा,मुरारी साहू,गेवाराम नेताम,बीरबल साहू, केशव साहू,रवि साहू उमाशंकर सिन्हा, रोशन लाल साहू आदि शिक्षक उपस्थित थे।

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगी दल, षष्ठी पूर्ति दिवस के आयोजन के लिए की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद ,बजरंगी दल,जिला धमतरी में षष्ठी पूर्ति दिवस के भव्य आयोजन हेतु निरन्तर बैठक आयोजित समूचे जिले में किया जा रहा है । हिन्दू समाज के सनातन के प्रति निष्ठा और धर्मजागरण के क्षेत्र में लगातार सहभागिता हेतु गांव गांव में विहीप और बजरंग दल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।जिलामंत्री श्री रामचन्द्र देवांगन जी द्वारा कुरूद प्रखण्ड एवम भखारा प्रखंड की कार्यकारिणी को मार्गदर्शन दिया गया और षष्ठी पूर्ति दिवस की तैयारी हेतु आग्रह किया गया।जिलाध्यक्ष श्री सन्दीप अग्रवाल ने जिला मंच से सभी हिन्दू समाज के लोगों को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने हेतु निवेदन किया गया।विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिलकार्याध्यक्ष श्री दीपक सिंह ठाकुर ने जिले के सभी युवाओं को कहा कि आज हम हिन्दू समाज के लोगों को सबसे पहले सनातन धर्म को जानने की आवश्यकता है ।

किसी भी खेल में पराजय ही सफलता का प्रवेश द्वार : शिवरतन शर्मा

■ स्टेट कुराश चैंपियनशिप के विजेताओं को शिवरतन ने किया पुरस्कृत

■ दुर्ग जिले के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

भाटापारा/नवप्रदेश। खेल में कभी कोई हारता नहीं है बल्कि सीखता है और पराजय ही सफ्लता की पहली सीढी होती है। कुराश जूडो खेल आत्मरक्षा के लिए खेले जाने वाला खेल है,उपरोक्त उदगार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने नगर में चल रहे कुराश खेल के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ स्टेट कुराश चैंपियनशिप सब जूनियर , जूनियर, सिनियर बालक बालिका , पुरुष एवम महिला का आयोजन बलौदा बाजार भाटापारा जिला कुराश संघ के द्वारा स्व.डॉ जे. के. आडिल की स्मृति में मयूर विधालय भाटापारा में आयोजित किया गया।इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया , जिसमे बलोदाबाजार भाटापारा बेमेतरा, दुर्ग , राजनांदगांव, रायपुर ,बिलासपुर के खिलाडी गण शामिल हुए ।, समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ विकास आडिल, विशिष्ठ अतिथि रविंद्र जैन , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता ,जिला कुराश संघ अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, जिला कुराश संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश भानुशाली, जिला कुराश संघ कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश सचिव आदित्य सिंह, सचिव रायपुर जिला कुराश संघ सचिव आशीष यादव वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने पदक विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण , कांस्य एवम रजत पदक पुरस्कृत एवम प्रशिक्षकों को टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश् उपाधक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा की खेल हमारे जीवन मे बहुत महत्व रखते हैं। आज सबसे ज्यादा दुनिया में फॉलोअर्स खिलाड़ियों के ही हैं आप सभी अपने खेलो मे ध्यान दे ओर प्रदेश के साथ साथ देश के लिए भी मेडल जीते। उन्होंने कहा कि हार से कभी भी विचलित ना हो,क्योंकि हार के बाद ही जीत का सिलसिला चालू होता है। इस चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया वही बलौदाबाजार भाटापारा जिले की कुराश टीम रनरअप चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सचिव आदित्य सिंह ने दी।

जपं सदस्य चंद्र प्रकाश ने रामलला दर्शनार्थियों की बस को दिखाई झंडी

भाटापारा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत भाटापारा कार्यलय में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू ने राम लला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री साहू ने सभी यात्रियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनके सफ्ल एवं सुखद यात्रा की मंगल कामना की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ÷राम लला दर्शन योजना÷ के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए भेजा गया। इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों के धार्मिक आस्था को भी प्रोत्साहित करते हैं।

चंद्र प्रकाश साहू ने राम लला के दर्शन के लिए आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे ÷राम लला दर्शन योजना÷ का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कर अपना और अपने परिवार के सुख शांति की कामना करते धर्म लाभ प्राप्त करे।

इस दौरान ग्राम करही बाजार, मोपका ,बोरसी, देवरी के साथ ही साथ अनेक ग्रामों के श्रद्धालुओं ने राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या जाकर दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके जैसे श्रद्धालुओं के लिए एक अनमोल अवसर है, जिससे वे भगवान राम के पवित्र स्थल के दर्शन कर सकेंगे।

श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना कुलेश्वर महादेव

माता सीता ने अपने हाथों से बनाया था रेत का शिवलिंग

कालांतर में पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के नाम से विश्व विख्यात

राजिम/नवप्रदेश। धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम के मध्य में स्थित हैं श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर। जहां साक्षात श्री कुलेश्वर नाथ महादेव विराजमान है जो की करोड़ों लोगों के लिए श्रद्धा आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है।पूरे देश दुनिया में विख्यात देवी सीता के द्वारा रेत से बनाई गई पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव का शिवलिंग अपने आप में एक विलक्षण उदाहरण है। आमतौर पर रेत का शिवलिंग पानी डालते ही रेत में मिल जाता है। जानकारी के मुताबिक त्रेतायुग में वनवास काल के दौरान दंडकारण्य क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नदी मार्ग से होकर राम, लक्ष्मण एवं सीता ब्रह्मज्ञानी लोमस ऋषि से मिलने उनके आश्रम पहुंचे। यहां उपस्थित आसुरी शक्तियों का उन्होंने समूल नाश किया। इस दौरान देवी सीता त्रिवेणी संगम में स्नान किया और अपने कुल के आराध्य का पूजन करने के लिए अपने हाथों से रेत के शिवलिंग बनाया। शिवलिंग निर्माण के पश्चात जल डालकर जलाभिषेक किया।

जल की धारा 5 ओर से बहने लगी और यह पंचमुखी हो गया। तब से लेकर यह शिवलिंग अभी भी अपने स्थान पर अडिग होकर भक्तों की मुरादे पूरी कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने कहा- स्थापत्य कला का बेजोड़ नमुना

कुलेश्वरनाथ महादेव का मंदिर सोंढूर, पैरी एवं महानदी संगम पर तकरीबन सातवीं आठवीं शताब्दी में बनाया गया है। इसमें स्थापत्य कला और मूर्ति कला का बेजोड़ नमूना देखने को मिलता है। हैरत में डालने वाली बात यह है कि पिछले लगभग 1200 वर्षों से यह मंदिर तेज रफ्तार बाढ़ आने के बावजूद भी अपने स्थान पर खड़ा है यह अच्छे-अच्छे को सोचने के लिए मजबूर कर देता है। मध्यप्रदेश, उड़ीसा से पहुंचे शिवकांत, विनय, भूषण ने बताया कि इस मंदिर में स्थापत्य कला का शानदार नमूना प्रस्तुत किया गया है हम देखकर भाव विभोर हो गए। बनाने वालों ने क्या मजबूती के साथ इन्हें पूर्ण किया है। हम लोग पहली बार आए हैं भविष्य में और मौका मिले तो जरूर यहां आने का प्रयास करेंगे। भिलाई की दीप्ति, नवल, कांता ने बताया कि मेले के समय हम

17 फीट ऊंची जगती तल की कहानी है रोचक

मंदिर में पत्थरों से 17 फीट ऊंची जगती तल का निर्माण किया गया है। इनकी कहानी अत्यंत रोचक और मर्मस्पर्शी है। वहां उपस्थित एक बुजुर्ग ने बताया कि चबूतरा का निर्माण एक बार नहीं बल्कि तीन से चार बार तक किया गया है। चबूतरा बनाया जाता था लेकिन वह बाढ़ में बह जाते थे। इससे भक्त जमींदार अत्यंत परेशान हो गए कि मैं दो से तीन बार तक बड़ी मेहनत से इसका निर्माण करवाता हूं और बाढ़ में बह जाते हैं क्या करूं कि यह न बहे? ऐसा सोच कर वह संगम के किनारे नीरस मन से बैठा हुआ था तभी एक सिद्ध ऋषि आएं उनके हाथ में चिमटा था। उसे देते हुए कहा कि आप इसे जहां निर्माण करते हो वहीं पर गड़ा देना फिर आपका बनाया हुआ चबूतरा अपने स्थान पर खड़ा रहेगा। उन्होंने ऐसा ही किया और बड़ी-बड़ी पत्थरों के सहारे देखते ही देखते 17 फीट

द्वादश ज्योतिर्लिंग के समान इस शिवलिंग की पूजा अर्चना तथा दर्शन लाभ लेने के लिए देश-विदेश के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। जब से सावन का महीना लगा हुआ है तब से लेकर इन 7 दिनों में लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहां उपस्थित पुजारियों ने बताया कि प्रतिदिन 5 से 8 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शनिवार, रविवार और सोमवार को तो भीड़ अधिक रहती है। रविवार को अपराह्न 2:00 बजे तक कम से कम 20,000 श्रद्धालुओं के दर्शन करने की जानकारी मिली है। अनुमान के मुताबिक शाम तक 50 हजार दर्शनार्थियों ने भोले बाबा के दर्शन किए । रात्रि 8:30 बजे तक तो आंकड़ा 60 से 70,000 पार जा सकता है। यहां दो बार पूजन आरती किया जाता है। दोपहर 12:00 बजे तथा रात्रि 8:00 बजे आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। घंटी, झालर, डमरू की डम डम आवाज सुनने लोग उमड़ रहे हैं। खासतौर से महादेव में चना दाल, खिचड़ी, मिश्री, नारियल इत्यादि का भोग प्रसादी लगाया जाता है।

लक्ष्मण झूला बना वरदान

सन 2022 से पहले बाढ़ के समय श्रद्धालु कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक पहुंच नहीं पाते थे तब पूजन अनुष्ठान के सारी विधियां तट पर ही करते थे। खासतौर से बाहर से आने वाले श्रद्धालु मायूस हो जाते थे कि हम यहां तक आने में मोटी रकम खर्च किए हैं लेकिन बाबा कुलेश्वर नाथ का दर्शन नहीं हो पा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से सन् 2022 में लक्ष्मण झूला का निर्माण पूर्ण होते ही लोकार्पण किया गया तब से यह श्रद्धालुओं के लिए वरदान बन गया है अब सीधे लोग मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग का दर्शन करते हैं और अपनी मनौती बाबा से जरूर कहते हैं। उल्लेखनीय है कि यह सस्पेंशन ब्रिज अपनी अनोखी वास्तुकला के कारण काफी लोकप्रिय है यहां आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक झूला में चढ़ते ही सेल्फी लेना नहीं भूलते हैं।

पद्मनेश्वरनाथ महादेव के जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

राजिम /नवप्रदेश। शहर के चौबेबांधा मार्ग में पद्म तालाब के किनारे स्थित पद्मनेश्वरनाथ महादेव में सावन के दूसरे सोमवार के मौके पर जलाभिषेक किया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी थी। सुबह 11:00 बजे से लेकर 2 घंटे तक लगातार महादेव के शिवलिंग पर जल डाला गया।

सबसे पहले विद्वान पंडितों के द्वारा पूजन अर्चन किया गया तथा मंत्रोचार के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ। तालाब के किनारे कतारबद्ध खड़े होकर बाल्टी में पानी लेते हुए एक हाथ से दूसरे हाथ, दूसरे से तीसरे इसी तरह से एक दूजे के हाथ में पानी देते रहे और क्रमशः होकर पानी महादेव तक पहुंचा। पूरे 2 घंटे तक ओम नमः शिवाय, बोल बम और हर हर महादेव की जय घोष गूंजता रहा। खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया गया। बताना होगा कि जलाभिषेक के लिए मोहल्ले के प्रत्येक घरों से बाल्टी आई थी। जिन्हें वापस भी किया गया। वापस करते वक्त नारियल भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि यह तालाब की अपनी अलग विशेषताएं हैं साल में सदियों से चली आ रही है। उसके बाद ही संगम स्थित कुलेश्वरनाथ महादेव पहुंचते हैं और दर्शन पूजन के उपरांत यात्रा का समापन करते हैं। बताया जाता है कि इस

एक बार जनवरी मास में पंचकोशी यात्राएं होती है पांच शिवपीठों के दर्शन उपरांत पैदल चलते हुए यात्रीगण सीधे पद्म तालाब पहुंचते हैं। डुबकी लगाकर पानी के नीचे से ही मिट्टी निकालते हैं और पांच पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा करने की परंपरा सरोवर की महिमा पुराणों में उल्लेखित है। सावन के दूसरे सोमवार को यहां श्रद्धा, भक्ति एवं विश्वास की त्रिवेणी स्पष्ट रूप से प्रवाहित हो रही थी। वार्ड के पार्षद के अलावा प्रतिष्ठित एवं बड़ी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।

मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा... जैसे भक्तिगीत ने बांधा समां

राजिम/नवप्रदेश। धर्मनगरी राजिम के सांस्कृतिक मंगल भवन के पास प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राजीवलोचन कुलेश्वरनाथ बोलबम कांवरिया भंडारा समिति द्वारा कांवरिया भाइयों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था की गई है। साथ ही रुकने की व्यवस्था भी है ताकि किसी भी कांवरिया को धर्म नगरी में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मंगल भवन के सामने ही सांस्कृतिक मंच बनाया गया है जिसमें पिछले तीन दिनों से लगातार शिव भजन प्रस्तुत किया जा रहा है। श्री राजीवलोचन भजन संध्या ग्रुप के कलाकारों की अनमोल प्रस्तुति हो रही है जिसे सुनने और देखने

के लिए कांवरियों के अलावा बड़ी संख्या में शहर समेत आसपास के गांव के दर्शक उपस्थित हो रहे हैं। गायक भूपेंद्र सोनकर, गायिका लालिमा पटेल, निहारिका साहू ने एक से बढ़कर एक भजनों का आगाज किया उनके द्वारा प्रस्तुत भजन मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा... ने समां बांध दिया। भोले दानी भोले दानी..., हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ..., हर हर महादेव..., शिव शंकर को जिसने पूजा..., जैसे सुपरहिट भजन प्रस्तुत किया गया। शाम 7:00 बजे से प्रारंभ भजन संध्या रात्रि 9:30 बजे तक लगातार चला। गायक राजकुमार यादव, सुखदेव निषाद, वेद प्रकाश, नारायण साहू ने भी सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संतोष कुमार सोनकर ने शिव की महिमा का गुणगान करते हुए शेरो शायरी से मंच को ऊंचाइयां प्रदान की। इस दौरान शिव भजन पर कांवरिया झूमने लगे। आर्गन पर तुलाराम साहू, नाल पर रामकुमार देवांगन, पैड पर हेमंत साहू ने संगत किया।

पहले मैच में 5 विकेट सपना सच होने जैसा

आशीष चौहान ने तेज गेंदबाजी में बहुत ही कम समय मे छत्तीसगढ़ क्रिकेट में नाम कमाया है ये इसी वर्ष केरल के विरुद्ध रणजी ट्रॉफी में अपने डेब्यू मैच में 5 विकेट हासिल कर छत्तीसगढ़ क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू में 5 विकेट का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा चुके है इसके अगले ही मैच में मुम्बई के विरुद्ध पारी में 6 विकेट प्राप्त कर इन्होंने यह बता दिया कि वे वन मैच वंडर नही है इस दौरान ये संजू सैमसन, अजिंक्य रहाणे एवं शार्दूल ठाकुर सरीखे बड़े विकेट अपने नाम किए है और अभी कुछ दिन पहले सम्पन्न हुई छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में 15 विकेट हासिल करके टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिताब से नवाज़े गए। नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा उनसे रूबरू हुए पेश है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश -

नितेश छाबड़ा

सवालः आपकी क्रिकेट की शुरुआत किस तरह से हुई ?

जवाबः इस खेल का मुझे बचपन से ही शौंक था पहले गली मोहल्ले में टेनिस बॉल से खेलते थे जब समझ आया तो गर्मी की छुट्टियों में अकादमी में लेदर बॉल से खेलना शुरू किया । फिर मुख्य रूप से स्कूल में जब मै ग्यारहवीं कक्षा में था तब सर ने मुझे मोटिवेट किया और मैंने वहाँ से इसे कैरियर के रूप में सोचना प्रारंभ किया। बारहवीं कक्षा में स्कूल की अंडर 19 टीम में पहली बार डिस्ट्रिक्ट मैच में मैं खेला और पहले ही मैच में मैंने पारी में 5 विकेट हासिल किए ।

सवालःआपके कैरियर की शुरुआत होती है सी के नायडू ट्रॉफी में,आप पहले सीजन के दौरान डेब्यू मैच में चोटिल हो जाते है क्या कहना चाहेंगे ?

जवाबः वह साल मेरे लिए उतार चढ़ाव भरा रहा था मैंने उस वर्ष सिलेक्शन मैचेस में बहुत अच्छा किया था मैंने 3 मैच में 15-16 विकेट हासिल किए थे । राज्य के संभावित खिलाड़ियो की सूची में मेरा नाम आया था फिर कोविड की वजह से कुछ समय तक टूर्नामेंट को टालना पड़ा था फिर नए शेड्यूल में 3 मैच हुए थे हमारा पहला मैच राजकोट में गुजरात से था मेरी शुरुआत बहुत अच्छी हुई थी मैंने पहले दो विकेट लिए थे पर दूसरी पारी के दौरान मैं चोटिल हो गया था यह बहुत निराशाजनक था । मेरे पास मौका अच्छा था,पर हर चीज़े हाथ मे नही रहती ।

सवालः कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी के अगले सत्र 2022-23 में आपने शानदार वापसी की,कैसा रहा अनुभव ?

जवाबः वो मेरे लिए सफलता भरा सत्र था शुरुआत के 2 से 3 मैच में मैं प्लेइंग 11 में नही था पर उसके बाद जब मुझे मौका मिला तो मैने एक पारी में 7 विकेट लेकर शुरुआत की और मुझे अच्छा मोमेंटम मिला। मैंने 4 मैच में 15 विकेट लिए थे जिसमें 2 बार 5 विकेट हासिल किए,यह साल मेरे कैरियर को बदल देने वाला साल था ।

सवालः पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आमंत्रण टूर्नामेंट,फिर आपका सैय्यद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में पहली बार छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम में चयन होना,कैसा महसूस किया?

जवाबः मैं इस टूर्नामेंट के तीसरे मैच से खेला था इससे पहले मेरे बारे में राय थी कि मैं रेड बॉल का बहुत अच्छा गेंदबाज हूँ पर इस टूर्नामेंट में मेरा प्रदर्शन अच्छा था मैं जैसा चाहता था वैसे ही गेंदबाजी कर पाया,उसके बाद पहली बार छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम में मेरा नाम आया। यह मेरे लिए बहुत ही इमोशनल मोमेंट था और इस सफ़लता से परिवारजन एवं मेरे मित्र सभी खुश थे ।

सवालः इस वर्ष आपने रणजी ट्रॉफी में ड्रीम डेब्यू किया,केरल के विरूद्ध 5 विकेट ,किस तरह का अनुभव रहा और क्या तैयारियां थी ?

जवाबः ये अवास्तविक जैसा है कई दफा हम सोचते है वैसा हो जाता है मै मैच से एक दिन पहले जब बस से प्रैक्टिस के लिए मैदान जा रहा था तो ये सोच थी कि काश मुझे प्लेइंग 11 में मौका मिले और मैं 5 विकेट हासिल करू और वैसा ही हुआ । सबसे अच्छी बात थी कि मेरा डेब्यू हमारे ही मैदान में हुआ इस कंडीशन से मैं भली भांति परिचित था और मैच में हम पहले गेंदबाजी कर रहे थे और मैंने केरल की टीम के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी जलज सक्सेना,संजू सैमसन एवं सचिन बेबी का विकेट लिया । यह बहुत ही अद्भुत पल था जिनको टीवी में देखे हो उनके साथ मैच खेलना और उनका विकेट लेना बहुत ही आनंदमय था ।

सवालः केरल के मैच के बाद मुम्बई के विरुद्ध अपने दूसरे मैच में भी आपने 6 विकेट प्राप्त किए और आपने रहाणे एवं शार्दूल जैसे नामी खिलाड़ियो को आउट किया,कैसा रहा अनुभव ?

जवाबः फिर से मैं यह कहूंगा कि यह सपने सच होने जैसा है । जब हमारा मैच के शेड्यूल आया था तब मन मे ये बात आई थी कि मुझे मुम्बई के विरुद्ध मैच खेलना है मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नही हुई थी पृथ्वी और भूपेन की जोड़ी ने मुम्बई को जबरदस्त शुरुआत दी थी हमे नई गेंद से ज्यादा मदद नही मिली थी पर पुरानी गेंद से मुझे अच्छा खासा मदद प्राप्त हुई ,यह एक अलग अनुभव था जिनको टीवी में देखकर हम उनका समर्थन करते थे अब उन्ही के विरुद्ध मैच खेल रहे थे मेरे लिए बड़ी बात थी कि मैंने रहाणे और शार्दूल जैसे खिलाड़ियो के विकेट लिए और पारी में 6 विकेट प्राप्त किये ।मैच के बाद रहाणे भाई से मेरी बात हुई थी और उन्होंने मेरी गेंदबाजी को काफी सराहा था ।

सवालः छत्तीसगढ़ में पहली बार सीसीपीएल का आयोजन और आप 15 विकेट के साथ इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे,कैसा महसूस किया आपने ?

जवाबः पहली बार हमको राष्ट्रीय चैनल में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिला ,साथ ही मैदान में दर्शकों के बीच खेलने का मौका मिला और इस टूर्नामेंट के आयोजन के अच्छे स्तर से हमे आईपीएल जैसा ही अनुभव प्राप्त हुआ एवं मेरी गेंदबाजी मेरे लिए सपना साकार होने जैसा मौका था ।

सवालः सीसीपीएल के 5 लीग मैच में आपको 8 विकेट प्राप्त होते है फिर सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मैचों में आप 7 विकेट के साथ गेम चेंजर बन जाते है क्या रणनीति थी नॉक आउट मैच के लिए ?

जवाबः टीम मीटिंग में सीनियर खिलाड़ियों और कोच का यही सुझाव था कि आप अपनी स्ट्रेंथ पर गेंदबाजी करो आप विकेट लेने के लिए जाओ,आक्रामक गेंदबाजी करो । लीग मैचेस में मैंने कुछ रक्षात्मक गेंदबाजी की थी मेरा उद्देश्य रन रोकना अधिक था इसलिए विकेट भी ज्यादा नही मिले और रन भी बने ,नॉक आउट मैचेस में मैंने रणनीति बदली और उसका सुखद परिणाम सामने आया।

सवालः सफेद गेंद और लाल गेंद से नई गेंद और पुरानी गेंद से गेंदबाजी करते समय किन किन बातों का ख्याल रखना होता हैं ?

जवाबः नई गेंद के समय बल्लेबाज भी नया होता है वह सबसे उपयुक्त समय होता है किसी बल्लेबाज को आउट करने का,उस समय गेंद को आप स्विंग भी करा सकते हो ,पुराना गेंद ज्यादा स्विंग नही होता। पॉवरप्ले में लगता है कि बल्लेबाज के पास चांस होता है पर उतना ही चांस गेंदबाज के पास भी होता है । पुराने गेंद से गेंदबाज रन रोकने पर ज्यादा ध्यान देते है । रेड गेंद में 20 से 25 ओवर तक एसजी गेंद स्विंग होती है और यहां गेंदबाज के पास सबसे बड़ा प्लस पॉइंट होता है कि आप बल्लेबाज़ को सेटअप करके आउट कर सकते है और फील्ड के हिसाब से गेंदबाजी प्लान कर सकते है। पुरानी गेंद के साथ रिवर्स स्विंग मिलती है यहां पर आप उस कला को उपयोग करके बल्लेबाज को परेशान कर सकते है ।

सवालः सीसीपीएल में अंडर लाइट्स आपकी गेंदबाजी और अधिक निखर कर आई,क्या प्लान था ?

जवाबः दिन के मैच की तुलना में अंडर लाइट्स गेंदबाजो को स्विंग अधिक मिलती है और नॉक मैचेस में हमारा प्लान था कि हम अगर टॉस जीतते है तो चेस करेंगे और वही हुआ और अंडर लाइट्स गेंदबाजी का हमारी टीम के गेंदबाजों ने बढ़िया फायदा उठाया।

सवालः अमनदीप खरे की कप्तानी के अंडर ही आपने रणजी में डेब्यू किया और सीसीपीएल में भी वो आपकी टीम के कप्तान थे कैसा सहयोग एवं मार्गदर्शन मिला उनसे आपको ?

जवाबः वे बहुत कूल कप्तान है हमेशा शांतचित्त रहते है और खिलाड़ियों से बात करते रहते है अगर कुछ नही हो रहा है तो वे आपसे पूछते है कि क्या करना है और यदि आप कंफ्यूज है तो वो अपना प्लान समझाते है । मैं जब रणजी डेब्यू किया हूँ तो मुझे उनकी कप्तानी में खेलने के दौरान कभी ऐसा नही लगा कि मैं पहला मैच खेल रहा वे हमेशा मुझे उत्साहित करते रहते थे।

सवालः आपका फेवरेट क्रिकेटर कौन है ?

***जवाबः** मेरे फेवरेट क्रिकेटर शोएब अख्तर है एक तेज़ गेंदबाज की जो आक्रामकता होनी चाहिए वह उनको देखकर लगता था । उनकी मैदान में मौजूदगी और गेंदबाजी से लगातार प्रभाव डालना मुझे हमेशा से पसंद था।*

सवालः आपको इस मुकाम तक पहुँचने में किस किस कोच का योगदान रहा ?

***जवाबः** रायगढ़ से धर्मेंद्र श्रीवास सर जो स्कूल में मेरे कोच थे उन्होंने मुझे बहुत उत्साहित किया और मुझे कहा कि रायपुर जाकर आप अपनी तैयारी करो। रायपुर में नायडू सर,केविन सर और विनोद सर ने मेरी क्रिकेट को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की है ।*

सवालः तेज़ गेंदबाज को फिटनेस संबंधित समस्या हमेशा बने रहती है किन किन बातों का ध्यान रखना होता फिटनेस को मजबूत रखने के लिए?

***जवाबः** मैंने जो ट्रेनिंग शेड्यूल फॉलो किया है उसमे सबसे बड़ी बात यह है कि आप कितनी रनिंग करते हो यह एक निरंतर प्रक्रिया है और साथ ही डाइट भी संतुलित होनी चाहिए और मैं लगातार गेंदबाजी करता हूँ सामान्यतः यह कहा जाता है कि मैच डे में ज्यादा गेंदबाजी की प्रैक्टिस की जरूरत नही है पर मैं लगातार गेंदबाजी करने पर ही फोकस करता हूँ।*

जन समस्या निवारण शिविर में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष ने सौंपे मांग पत्र

नवापारा/नवप्रदेश। राजिम ।जन समस्या निवारण शिविर में वार्ड क्रमांक एक के पूर्व पार्षद,पूर्व नपा. उपाध्यक्ष जीत सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी के विशेष उपस्थिति में सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। गोबरा नवापारा के वार्ड क्रमांक 1 में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन शासन द्वारा किया गया। जिसमें तहसीलदार ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी,आंगनवाड़ी परवेक्षक अपने समस्त कर्मचारियों के साथ उपस्थित हुए जिसमें पूर्व नपा उपाध्यक्ष जीत सिंह, पूर्व पार्षद स्वणजीत कौर के साथ वार्ड के सभी कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के लिए आवेदन दिया,जिसमें प्रमुख रूप से टीकम यादव,प्रशांत बाजपेई,सुनील साहू,थानेश्वर साहू,रोशन साहू,नरेश साहू,राजू साहू,सुखचंद साहू,रामचंद्र साहू,राजेंद्र साहू,शिव कुमार साहू, दसरु राम साहू,छन्नू साहू सहित अनेकों लोगों ने मांग पत्र दिए मांग पत्र में प्रमुख रूप से दिए गए समस्याओं का जल्द निराकरण करने की बात कही। अधिकारियों को वार्ड नंबर 1 की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया नागरिको ने समस्याओं में प्रमुख रूप से नई रेलवे लाइन के कारण स्कूल के पास पानी निकासी की समस्या ,छविराम साहू पिता स्व कली राम साहू के घर के पास रोड और पानी निकासी की समस्या, पुराना शेड जो आंधी में उड़ गया है उसे फिर से बनाने की मांग जिसमें पूरे वार्ड के दुख सुख के कार्यक्रम उस हो सकें, नया मोहल्ला में गौठन तरफ पीने के पानी की समस्या को तत्काल हल करने की मांग आदि शामिल है।

महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन एवं हेमचंद विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के मार्गदर्शन में शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया प्राचार्य डॉ बीएस चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में 50 पौधों जैसे शहतूत, सीताफल, कटहल, अशोक, डेस्मोडियम गोल्ड का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह परिहार गुप्ता द्वारा किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, महाविद्यालीन स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएँ एवं महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित थीं।

कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह परिहार गुप्ता ने बताया वर्तमान में पेड़ पौधे लगाना सबसे महत्वपूर्ण हो गया है कल कारखानों और गाड़ियों से निकलने वाली विषैले धुवां से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा ।साथ ही ग्लोबल वार्मिंग हो रहा है ऐसे में स्वच्छ हवा लेने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है । प्रधानमंत्री जी ने यह अभियान चलाकर सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया है।

■ न्यूज गैलरी

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव से राहत

नई दिल्ली, (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सोमवार को अमेरिकी क्रूड 0.15 प्रतिशत उतरकर 75.70 डॉलर प्रति बैरल पर रहा जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत गिरकर 79.70 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेजी से बढ़ी वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग: रिपोर्ट

मुंबई (ए)। भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी के कारण वेयरहाउस की मांग में इजाफा देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष की पहली छमाही में देश के आठ प्राथमिक बाजारों में 23 मिलियन स्क्वायर फीट के वेयरहाउस लेनदेन देखने को मिले हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 55 प्रतिशत लेनदेन 'ग्रेड ए' के स्पेस के लिए हुए हैं। कुल वेयरहाउसिंग स्पेस वॉल्यूम में मुंबई की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। नाइट फ्रैंक इंडिया के प्रबंधक निदेशक, शिशिर बैजल ने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ओर से आ रही मांग ने ई-कॉमर्स सेक्टर के सुस्त प्रदर्शन की भरपाई की है।

टैक्स पेशेवरों ने CBDT से आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त करने की अपील की

नई दिल्ली (ए)। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा एक महीने बढ़ाकर 31 अगस्त करने का अनुरोध किया है। एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन और प्रत्यक्ष कर प्रतिनिधित्व समिति के अध्यक्ष एसएम सुराना ने एक ज्ञापन में कहा कि कई राज्यों में बाढ़ ने रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन ने इन कठिनाइयों को और बढ़ा दिया है। ज्ञापन में आयकर पोर्टल और सॉफ्टवेयर में लगातार समस्याएं आने का भी दावा किया गया है, जिसमें विभिन्न फॉर्म्स को डाउनलोड करने और सत्यापित करने में कठिनाइयां हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि बैंकों के माध्यम से स्व-मूल्यांकन कर का भुगतान करने और चालान डाउनलोड करने की प्रक्रिया में भी समय लगता है।

अप्रैल-जून में अच्छी बिक्री से वैश्विक सोने की मांग में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि

■ **डब्ल्यूजीसी ने की पुष्टि**

नई दिल्ली (ए)। वैश्विक सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 4.16 प्रतिशत बढ़कर 1,258.2 टन हो गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

डब्ल्यूजीसी की 'दूसरी तीमाही 2024 सोना मांग रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, 2023 की दूसरी तिमाही में कुल मांग 1,207.9 टन थी जो 2024 में बढ़कर 1,258.2 टन हो गई।

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में मांग को 'ओवर-द-काउंटर' (ओटीसी) लेनदेन से समर्थन मिला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 53 प्रतिशत बढ़कर 329 टन हो गया। 'ओवर-द-काउंटर' लेनदने से तात्पर्य दो पक्षों के बीच सीधे लेनदेन से है। रिपोर्ट में कहा गया, इसके साथ ही समीक्षाधीन तिमाही में सोने की कीमतों में भी सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो औसतन 2,338 डॉलर प्रति औंस रही। तिमाही के दौरान यह 2,427 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर भी पहुंच गई। इसमें कहा गया, ओटीसी मांग में वृद्धि, केंद्रीय बैंकों की ओर से निरंतर खरीद, तथा ईटीएफ निकासी में कमी के कारण इस वर्ष दूसरी तिमाही में सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

समीक्षाधीन तिमाही में वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में सात टन की मामूली निकासी देखी गई। डब्ल्यूजीसी की वरिष्ठ बाजार विश्लेषक लुईस स्ट्रीट ने कहा कि केंद्रीय बैंकों और ओटीसी बाजार की मजबूत मांग के कारण सोने की बढ़ती और रिकॉर्ड तोड़ने वाली कीमत सुर्खियों में रही। उन्होंने कहा, ''.... भविष्य में सोने के लिए कुछ संभावित चुनौतियां हैं, लेकिन वैश्विक बाजार में भी बदलाव हो रहे हैं, जिससे सोने की मांग को समर्थन और बढ़ावा मिलेगा।''

खाद्य तेलों में राहत बरकरार, उड़द दाल सस्ती

नई दिल्ली, (वार्ता)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 4039 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की बढ़त लेकर 42.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

भारत में बने टेलीकॉम उपकरणों का 100 देशों में हो रहा निर्यात

नई दिल्ली (ए)। भारत में बने टेलीकॉम उपकरणों का निर्यात अब 100 से ज्यादा देशों में किया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। पिछले वर्ष भारत से 18.2 अरब डॉलर के टेलीकॉम उपकरण और सर्विसेज का निर्यात किया गया था।

दूरसंचार विभाग के तहत आने वाले डिजिटल संचार आयोग में सदस्य (टेक्नोलॉजी) मधु अरोड़ा ने कहा कि कई घरेलू टेलीकॉम कंपनियों ने अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद भी उपकरण बेचने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेना की ओर से हाल ही में घरेलू स्तर पर विकसित किया हुआ चिप आधारित 4जी मोबाइल बेस स्टेशन एकीकृत किया गया है, जिसे हमारी आरएंडडी फर्म की ओर से बनाया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में हुए 'डिफेंस सेक्टर आईसीटी कॉन्क्लेव' में अरोड़ा ने कहा कि इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) डिफेंस ऑपरेशन की रीढ़ की हड्डी है।

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि मंत्रालय की ओर से आईसीटी सेक्टर में अफ्रीका के साथ सहयोग बढ़ाने को लेकर काम किया जा रहा है। भारत, अफ्रीका के टॉप पांच निवेशकों में से एक है। अब तक 75 अरब डॉलर का निवेश अलग-अलग अफ्रीकी देशों में किया जा चुका है। कई भारतीय कंपनियां अफ्रीका में डिजिटल बदलाव का नेतृत्व कर रही हैं। टेलीकॉम इक्विपमेंट एंड सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (टीईपीसी) के कार्यकारी चेयरमैन संदीप अग्रवाल ने कहा कि आईसीटी भारत की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने के लिए काफी जरूरी है।

भारत, अफ्रीका के साथ काफी लंबे समय से सहयोग कर रहा है और उसकी संप्रभुता का भी सम्मान करता है। इस कारण अफ्रीका के लिए एक विश्वसनीय साझेदार है। अग्रवाल ने आगे कहा कि डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हमारी कार्यकुशलता हमारी सेना को पूर्वानुमानित अंतर्दृष्टि और कार्रवाई योग्य इंटेलिजेंस उपलब्ध कराता है, जिससे निर्णय लेने की क्षमता और ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

उड़ान सेवा से अलग स्थायी कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली, (वार्ता)। विस्तारा, टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसमें स्थायी तथा अनुबंध सहित करीब 6,500 से अधिक कर्मचारी हैं। कंपनी अपनी उड़ान सेवाओं से इतर स्थायी कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना ला रही है। विस्तारा ने एअर इंडिया के साथ विलय से पहले उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के साथ-साथ स्वैच्छिक पृथक्करण योजनाओं की पेशकश की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विस्तारा, टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसमें स्थायी तथा अनुबंध सहित करीब 6,500 से अधिक कर्मचारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े (नॉन-फ्लाइंग) स्थायी कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) और स्वैच्छिक पृथक्करण योजना (वीएसएस) की पेशकश की गई है।

निफ्टी का मिडकैप- स्मॉलकैप ऑलटाइम हाई पर हुआ क्लोज

■ **सेंसेक्स-निफ्टी भी तेजी के साथ हुआ बंद**

मुंबई (ए)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में पिछले सत्र के समान फ्लैट बंद हुआ. इँडेक्स फ्लेट रहा लेकिन कुछ सेक्टर्स के स्टॉक्स में जोरदार एक्शन देखने को मिला है. एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के चलते बाजार में ये तेजी देखने को मिली है. आज के सत्र में भी मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स का जोश हाई नजर आया है. कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 100 अंकों की उछाल के साथ 81,455 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21 अंकों के उछाल के साथ 24,857 अंकों पर क्लोज हुआ है.

तेजी और गिरने वाले शेयर्स

सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 तेजी के साथ और 14 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 20 तेजी के साथ और 30 गिरकर क्लोज हुए. आज के कारोबार में टाटा मोटर्स 3.58 फीसदी, एनटीपीसी 3.22 फीसदी, पावर ग्रिड 1.97 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.60 फीसदी, टाइटन 1.55 फीसदी, इंडसइंड बैंक 1.40 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.34 फीसदी, मारुति 0.99 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले शेयरों में सन फार्मा 1.42 फीसदी, आईटीसी 1.19 फीसदी, एचयूएल 0.93 फीसदी, भारती एयरटेल 0.63 फीसदी, रिलायंस 0.62 फीसदी के उछाल के साथ क्लोज हुआ है.

सेक्टरोल अपडेट

भारतीय शेयर बाजार में तेजी जो रही है उसका क्रेडिट एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑटो, बैंकिंग, मेटल्स, मीडिया, रियल एस्टेट सेक्टर के शेयरों को जाता है. जबकि आईटी, फार्मा, हेल्थकेयर, एफएमसीजी सेक्टर के स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. मिडकैप स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप कैप इंडेक्स ऑलटाइम हाई 58,782 अंकों को छूने के बाद 0.44 फीसदी के उछाल के साथ ऑलटाइम हाई पर क्लोज हुआ है. स्मॉलकैप शेयरों में भी शानदार तेजी देखने को मिली है. निफ्टी का स्मॉलकैप इंडेक्स भी आज के सत्र में 19,251 अंकों को ऑलटाइम हाई को छूने में कामयाब रहा है.

बाजार के मार्केट कैप में उछाल

शेयर बाजार के तेजी के साथ बंद होने और खासतौर से मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में खरीदारी के चलते मार्केट वैल्यू में उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट वैल्यू 460.91 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले कारोबारी सत्र में 459.92 लाख करोड़ रुपये रहा था. आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में खरीब एक लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

एक तरफ चुनाव दूसरी तरफ कर्ज का जाल, ऐसे हो रहा अमेरिका का बुरा हाल

अमेरिका (ए)। दुनिया दो अलग-अलग मोर्चों पर महायुद्ध लड़ रही है. इस बीच अमेरिका को लेकर आई ये रिपोर्ट हैरान करने वाली है. अमेरिका तेजी से कर्ज की गिरफ्त में जा रहा है. इस बीच वहां चुनाव भी होना है. ऐसे में अगर नई सरकार आती है तो उसके सामने इससे निटपने की भी चुनौती होगी. अमेरिका की फेडरल गवर्नमेंट का कर्ज तेजी से बढ़ता जा रहा है और अब यह 35 ट्रिलियन डॉलर के करीब चला गया है, जिसमें से सिर्फ 2.5 अरब डॉलर की कमी है. 2019 के बाद से इसमें 13 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के तीन गुना के करीब है।

भारतीयों का कमाल, सालभर में विदेश से कमाकर भेजी FDI से ज्यादा दौलत

नई दिल्ली (ए)। भारत जल्द ही दुनिया में सबसे अधिक श्रम उपलब्ध कराने वाला देश बन जाएगा. ये बात हम नहीं कह रहे, बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कही गई है. भारत से हर साल लाखों लोग रोजगार और नौकरी करने विदेश जाते हैं. वहां डॉलर, पौंड और दिरहम में पैसा कमाकर भारत भेजते (रेमिटेंस के रूप में) हैं. साल 2023 में भारतीयों ने इस मामले में एक रिकॉर्ड बनाया है और जल्द ही दुनिया में नंबर-1 भी बन सकते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक की लेटेस्ट करेंसी एंड फाइनेंस रिपोर्ट में बताया गया है कि विदेश में बसने वाले भारतीयों ने 2023 में 115 अरब डॉलर की राशि स्वदेश भेजी. इंडियन करेंसी में ये राशि करीब 10 लाख करोड़ (मूल तौर पर 9.6 लाख करोड़ रुपए) बैठती है.

2029 तक भारतीय होंगे ग्लोबल लीडर: आरबीआई का अनुमान है कि 2029 तक विदेश में रहने वाले भारतीय रेमिटेंस के तौर पर भारत में 160 अरब डॉलर की राशि भेजने लगेंगे. भारतीय मुद्रा में ये राशि करीब 13.6 लाख करोड़ रुपए की होगी. भारत अभी भी अपने लोगों से रेमिटेंस पाने वाले दुनिया के शीर्ष देशों में शुमार है. अगर 10 साल के औसत को देखें तो भारतीयों ने विदेश से हर साल करीब 80 अरब डॉलर पैसा स्वदेश भेजा है।

सरकार पर भी पड़ी महंगाई की मार, बढ़ सकती है सब्सिडी वाले आटा-चावल की कीमत

नई दिल्ली (ए)। खाने-पीने की चीजों के बढ़ते दाम ने आम आदमी का दम निकाल रखा है. देश में खाद्य महंगाई स्तर 8 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है और अब इसका असर सरकार पर भी दिखने जा रहा है. महंगाई की मार से आम जनता को बचाने के लिए सरकार ने सब्सिडी पर आटा, दाल और चावल बेचना शुरू किया था. सरकार ने इन सामानों की बिक्री 'भारत' ब्रांड नाम के तहत शुरू की थी; अब खबर है कि इनके दाम जल्द ही बढ़ सकते हैं.

सरकार से जुड़े सूत्रों ने जानकारी दी है कि 'भारत आटा' और 'भारत चावल' के दामों में संशोधन का फैसला किया गया है. संभव है कि आम लोगों को अब सब्सिडी वाले इस आटा और चावल पर अधिक कीमत चुकानी पड़े.

बाजार से गायब है स्टॉक: सरकार पहले सिर्फ केंद्रीय भंडार और मोबाइल वैन के माध्यम से 'भारत आटा' और 'भारत चावल' की बिक्री कर रही थी. बाद में इसे कई अन्य सरकारी और प्राइवेट किराना स्टोर पर उपलब्ध कराया गया. इतना ही नहीं लोगों को ब्लिंकइट, बिगबास्केट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी सब्सिडी वाले आटा-चावल को खरीदने की सुविधा मिल रही थी।

फिलहाल 'भारत आटा' और 'भारत चावल' का स्टॉक बाजार से पूरी तरह गायब है।

सामान की सप्लाई हुई महंगी: सूत्रों का कहना है कि आटा और चावल की कीमतें बढ़ी हैं। इस वजह से सरकार को आपूर्ति महंगी पड़ रही है और इसी को देखते हुए 'भारत आटा' और 'भारत चावल' की कीमतों में संशोधन का फैसला किया गया है. सरकार 'भारत आटा' और 'भारत चावल' की नई संशोधित कीमतें 1 अगस्त से लागू कर सकती हैं. यानी लोगों के लिए 'भारत आटा' और 'भारत चावल' 1 अगस्त से महंगा हो सकता है और ये नई कीमतों पर तभी से बाजार में उपलब्ध होने की संभावना है। इस बीच कीमतों को नियंत्रण में लाने की भी सरकार पूरी कोशिश कर रही है।

नई राह हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन और अन्य जिंक उत्पादों का प्राथमिक उपयोग जंग प्रतिरोध के लिए स्टील गैल्वनाइजेशन मंट किया जाता है

हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

मुंबई (ए)। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें। इस नवीनतम पेशकश से हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन के साथ एक टन स्टील को गैल्वनाइज करने में उनकी

मूल्य श्रृंखला में लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचाव होगा। हिंदुस्तान जिंक की नवीनतम पेशकश, कम कार्बन ग्रीन जिंक को इकोजेन ब्रांड किया गया है। शुरुआत के लिए इकोजेन एक स्पेशल हाई ग्रेड (एसएचजी) जिंक उत्पाद संस्करण के रूप में उपलब्ध है इस कम कार्बन वाले पर्यावरण अनुकूल जिंक का निर्माण अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके किया जा रहा है और इसका वैश्विक तापमान वृद्धि क्षमता मूल्य बाजार में सबसे कम है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। उत्पाद की प्रमाणन प्रक्रिया एक मास-बैलेंस दृष्टिकोण पर आधारित है और इसे क्रैडल टू गेट पद्धति का उपयोग कर किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। हिंदुस्तान जिंक का एसएंडपी इंडेक्स में नंबर 1 होना, एक स्थायी भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इकोजेन का शुभारंभ 2050 तक नेट जीरो बनने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ईएसजी के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित कर, वेदांता का हिंदुस्तान जिंक सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल संचालन और उत्पाद बनाकर प्राकृतिक संसाधन उद्योग में क्रांति ला रहा है।

उत्पाद लॉन्च के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, इकोजेन का लॉन्च हमारे परिचालन को डीकार्बोनाइज करने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की सेवा भी करता है जो अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की उत्पत्ति के बारे में जागरूक हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकार्बोनाइज करने का लक्ष्य रखते हैं। यह हिंदुस्तान जिंक के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप हमारी उत्पाद रणनीति में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एक टन से भी कम कार्बन समकक्ष के कार्बन फुटप्रिंट के साथ उत्पादित, इकोजेन बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और कम कार्बन संक्रमण के लिए प्रौद्योगिकियों में अपनी भूमिका के लिए बाजार में सबसे सस्टेनेबल कम कार्बन जिंक विकल्पों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।

एयरटेल ने 5% ट्रैफ़िक की तेज़ी से बढ़ती मांग पूरी करने के लिए मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का पुनः उपयोग शुरू किया

नई दिल्ली (ए)। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने घोषणा की कि उसने अपने 5 प्रतिशत ट्रैफिक की नेटवर्क से जुड़ी जरूरत में तेजी से होती वृद्धि पूरी करने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए पर अपने मौजूदा मिड-बैंड स्पेक्ट्रम को नए सिरे से व्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे अधिक-से-अधिक ग्राहक 5 प्रतिशत नेटवर्क की ओर बढ़ते जा रहे हैं, एयरटेल देश भर में अपने 1800, 2100, 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड पर 5 प्रतिशत सेवाओं का विस्तार करने के लिए अपने मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का नए सिरे से तैयार कर रही है।

मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का उपयोग किए जाने पर ग्राहकों को बेहतर इनडोर कवरेज के अलावा पहले से अधिक तेज गति की ब्राउज़िंग का लाभ मिलेगा। जैसे-जैसे डेटा की मांग बढ़ती जा रही है, एयरटेल भी अपने ग्राहकों को शानदार 5 प्रतिशत अनुभव देने के लिए अपने मौजूदा स्पेक्ट्रम को तेज गति से नए सिरे से तैयार कर रहा है।

रणदीप सेखों, सीटीओ, भारती एयरटेल ने कहा, जैसे-जैसे अधिक ग्राहक हमारी 5 प्रतिशत सेवाओं की ओर बढ़ रहे हैं, हम अपने मिड बैंड स्पेक्ट्रम को नए सिरे से तैयार करते जा है जिसका उपयोग पहले 4 प्रतिशत सेवाएं देने के लिए किया जा रहा था। इसी के हम स्टैंड-अलोन टेक्नोलॉजी लॉन्च करने के लिए भी तैयार हैं। इसका मतलब यह होगा कि एयरटेल नेटवर्क भारत में पहला नेटवर्क होगा जो स्टैंड-अलोन और नॉन-स्टैंडअलोन दोनों मोड पर काम करेगा, जिससे हम बाजार में बेहतरीन अनुभव दे सकेंगे। स्टैंड-अलोन और नॉन-स्टैंडअलोन स्विच के पायलट परीक्षण रेवाड़ी, चेन्नई और भुवनेश्वर में किए गए हैं और इनके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। 5 प्रति. नेटवर्क पर यह क्षमता प्राप्त होने पर एयरटेल ओपन एपीआई, अलग-अलग कनेक्टिविटी विकल्प प्रदान करने और सेवा-आधारित आर्किटेक्चर के माध्यम से नए नवाचारिक एप्लीकेशन, सेवाओं और समाधानों को प्रस्तुत कर सकेगी।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021